आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

आज
* पांपा कुशा एकादशी
* भरत मिलाप

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 279 | उज्जैन, गुरुवार 22 अक्टूबर, 2026 | आश्विन शुक्ल 11 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

महिला आरक्षण लागू करें, परिसीमन का इंतजार क्यों

कलबुर्गी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कर्नाटक के कलबुर्गी में महिला आरक्षण, परिसीमन और चुनाव सुधारों पर सरकार के रवैये पर सवाल उठाए। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस की लड़ाई सत्ता के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है। उन्होंने कहा- सरकार लोकसभा की मौजूदा सीटों के आधार पर महिलाओं को 33% आरक्षण अभी लागू कर सकती है। इसके लिए परिसीमन का इंतजार करने की क्या जरूरत है। उन्होंने पीएन नरेंद्र मोदी पर विपक्ष को बदनाम करने का आरोप लगाया।

यौन अपराधी एपस्टीन और मंत्री हरदीप पुरी की फोटो वायरल

नई दिल्ली। अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के साथ पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी की कई तस्वीरें वायरल हैं। तस्वीरें इसलिए अहम मानी जा रही हैं, क्योंकि पुरी लगातार कहते रहे हैं वे एपस्टीन से केवल प्रतिनिधिमंडल के साथ मिले, अलग से कभी मुलाकात नहीं हुई। तस्वीरें सामने आने के बाद कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- जब पुरी ने कहा था कि वे एपस्टीन से कभी अकेले नहीं मिले, तो इन तस्वीरों के क्या मायने हैं? टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा- पुरी कहते थे कि वे एपस्टीन से तीन-चार बार डेलिगेशन के साथ मिले थे, दोनों तस्वीरों में बाकी सदस्य कहां थे।

स्वर्ग का सपना दिखाकर 190 बच्चों को भूखा मारा

नैरोबी। केन्या में धर्म के नाम पर बच्चों को भूखा रखकर मारने के मामले में धर्मगुरु पॉल मैकेंजी और उसके करीब 30 साथियों को दोषी ठहराया गया है। रॉयटर्स को मुताबिक, मैकेंजी ने लोगों से कहा था कि दुनिया खत्म होने से पहले भूखे रहने पर वे स्वर्ग पहुंच जाएंगे। इस मामले में 190 बच्चों और एक वयस्क की मौत हुई। अब सजा 6 नवंबर को सुनाई जाएगी। मैकेंजी जिस शाकाहोला जंगल में रहता था, पुलिस को वहां सामूहिक कब्रों की जानकारी मिली। इसके बाद शव निकालने का काम शुरू हुआ। अब तक यहां 400 से ज्यादा शव मिल चुके हैं। सोमवार को अदालत ने 191 मौतों के मामले में फैसला सुनाया, जबकि बाकी मौतों की जांच अभी जारी है।

रामायण के 'रावण तांडव' गाने पर उठे सवाल



एआर रहमान को हटाने की मांग, कुमार विश्वास के लिरिक्स फीके; प्रभास की आदिपुरुष से हो रही तुलना

मुंबई। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'रामायण' के दूसरा गाने 'रावण तांडव' की आलोचना हो रही है। 1 मिनट 55 सेकंड लंबे इस गाने में साउथ एक्टर यश रावण के रूप में भगवान शिव की भक्ति करते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोगों का कहना है की एआर रहमान का म्यूजिक और डॉ. कुमार विश्वास के लिखे बोल उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। दावा किया गया है कि फिल्म में यह गाना 4 मिनट का है, जिसे प्रोमो वर्शन में 1 मिनट 55 सेकंड का करने के चक्कर में ऑडियो क्वालिटी और ओरिजिनल फ्लो से समझौता करना पड़ा है। कई लोगों ने इस संगीत को उम्मीद के मुताबिक एनर्जेटिक न बताते हुए दूसरे पार्ट के लिए म्यूजिक कंपोजर बदलने तक का सुझाव दिया है। गाना सामने आते ही सोशल मीडिया यूजर्स ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी। कुछ यूजर्स ने कमेंट करते हुए लिखा कि फिल्म के मिजाज के हिसाब से एआर रहमान का चुनाव सही नहीं था। लोग इस गाने की तुलना फिल्म 'आदिपुरुष' में अजय-अतुल के बनाए 'शिव तांडव' से कर रहे हैं। क्रिटिक्स का मानना है कि अजय-अतुल का कंपोजिशन आंखें बंद करके सुनने पर भी रोंगटे खड़े कर देता है, जबकि रहमान और हंस जिमर का यह ट्रैक वह इमोशनल इम्पैक्ट नहीं छोड़ पाता।

नैनो न्यूज

- **केरल** : सुप्रीम कोर्ट से केरल के पूर्व सीएम पिनाराई विजयन, उनकी बेटी और दामाद को बड़ी राहत, कार्रवाई पर लगाई रोक।
- **भोपाल** : देवेंद्रनगर-सतना-रीवा-चुरहट नई मेमू ट्रेन सप्ताह में 6 दिन चलेगी, टाइम टेबल जारी, 24 को उद्घाटन।
- **बिहार**: बेगूसराय में माता के जागरण में बवाल, महिला डांसर को थप्पड़ मारने का आरोप, दरोगा ने भीड़ के सामने निकाली रिवॉल्वर।
- **मुंबई** : जीयो का आईपीओ पहले ही दिन 3 गुना भरा, 30 हजार करोड़ के इश्यू के लिए 66 हजार करोड़ की बोली लगी, 23 अक्टूबर तक खुला रहेगा।
- **नई दिल्ली** : एसबीआई के 4 हजार ग्राहकों का डेटा लीक: डार्क वेब पर नाम-नंबर, ईमेल और पता मौजूद, बैंक बोला- कामकाज और सर्विसेज पर असर नहीं।
- **वाशिंगटन** : दुनिया में पहली बार ड्रोन से घायल सैनिक का रेस्क्यू, यूक्रेनी सैनिक डेढ़ साल से बॉर्डर पर फंसा था, चारों तरफ बारूदी सुरंगें बिछी थीं।

मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सिया अध्यक्ष चौहान ने सीबीआई से जांच कराने की मांग रखी

वरिष्ठ अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप

प्रदेश में 237 डीम्ड पर्यावरण मंजूरी सहित पूरे मामले पर 4 दिन बाद भी सरकार का रूख साफ नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (सिया) अध्यक्ष शिवनारायण सिंह चौहान ने मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल को नया पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्र में कहा गया है कि प्राधिकरण के कामकाज में बाधाएं पैदा की जा रही हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निलंबित करने और पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। यह विवाद पर्यावरणीय मंजूरियों को लेकर गहराया है। चार दिनों बाद भी मामले में सरकार ने अपना रूख साफ नहीं किया है।

इस मामले में सामने आ रहा है कि विवाद की जड़ 237 परियोजनाओं को कथित तौर पर दी गई डीम्ड पर्यावरण मंजूरी है। अध्यक्ष ने पहले भी इस प्रक्रिया पर आपत्ति जताई थी। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। अब मुख्य सचिव को लिखे नए पत्र में उन्होंने प्राधिकरण के पोर्टल, बैठकों और कर्मचारियों की पदस्थापना से जुड़े मुद्दे उठाए हैं। अध्यक्ष ने राज्य और केंद्र सरकार से मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। संबंधित अधिकारियों के निलंबन और अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, कथित आपराधिक कृत्यों और संबंधित अभिलेखों की सीबीआई जांच कराने की मांग भी की है। 16 अक्टूबर को लिखे पत्र पर पिछले 4 दिनों में अब तक सरकार ने अपना रूख साफ नहीं किया है।



कामकाज बाधित करने का आरोप

पत्र में अध्यक्ष ने विभागीय अपर मुख्य सचिव अनिरुद्ध मुखर्जी और एसईआईएए के सदस्य सचिव हर्ष पंचोली का उल्लेख करते हुए लिखा है कि संबंधित अधिकारियों के कार्यकाल में प्राधिकरण का काम प्रभावित हुआ। पर्यावरण कानून और निर्धारित प्रक्रियाओं के उल्लंघन का दावा भी किया गया है। चौहान ने संबंधित अधिकारियों को निलंबित करने और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पूरे मामले की जांच कराने का भी अनुरोध किया है। सिया अध्यक्ष के आरोपों पर संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने आना शेष है।

- **3 माह से पोर्टल बंद होने का दावा-** अध्यक्ष ने एसईआईएए के ऑनलाइन पोर्टल की स्थिति पर भी सवाल उठाए हैं। पत्र के मुताबिक, पोर्टल करीब तीन महीने से बंद है। इससे प्राधिकरण के कामकाज पर असर पड़ने का दावा किया गया है। चौहान ने आरोप लगाया कि काम की जानकारी रखने वाले कर्मचारियों को हटाया गया। उनकी जगह दूसरे अनुभवहीन कर्मचारियों को पदस्थ किया गया। इनमें एक गंभीर रोग का शिकार है। पत्र में कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने और बार-बार बदलाव का भी उल्लेख है। अध्यक्ष का दावा है कि एक साल में 20 से अधिक बार कर्मचारियों में बदलाव किया गया।
- **सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा मामला, अब प्रशासनिक कार्रवाई पर नजर-** 237 परियोजनाओं की मंजूरी का विवाद पहले ही कानूनी स्तर तक पहुंच चुका है। अब एसईआईएए अध्यक्ष के नए पत्र ने प्राधिकरण के प्रशासनिक कामकाज को भी बहस के केंद्र में ला दिया है। चौहान ने पत्र में आरोप लगाया है कि पर्यावरण कानून और विधिक प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि प्राधिकरण के काम में जानबूझकर बाधाएं पैदा की जा रही हैं।

3 माह पहले सील कर दिया था दफ्तर

करीब तीन माह पूर्व गत 14 जुलाई को एसईआईएए चेयरमैन के कार्यालय को अचानक सील कर दिया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद देर शाम कार्यालय खोल दिया गया। बाद में दफ्तर सील किए जाने का कारण बिजली का फॉल्ट बताया गया।

कौन हैं सिया अध्यक्ष चौहान

कभी नगर निगम उज्जैन के आयुक्त रहे श्री चौहान राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रहे। वर्ष 2013 में आईएएस अवार्ड मिला। 2017 में सेवानिवृत्त हुए। भाजपा में शामिल होकर 2018 विधानसभा चुनाव के घोषणा-पत्र समिति के सदस्य रहे। 7 जनवरी 2025 को केंद्र सरकार के पर्यावरण मंत्रालय ने इन्हें 3 साल के लिए सिया अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री चौहान इन दिनों 237 फर्जी पर्यावरण क्लीयरेंस घोटाले को उजागर करने को लेकर चर्चा में हैं। अधिकारियों ने नियमों के खिलाफ 237 क्लीयरेंस जारी कर दी, जिससे 17 एकड जंगल कट गया।

बैठकें, मंजूरी पत्र में देरी की शिकायत

पत्र में एसईआईएए की बैठकों को लेकर भी आपत्ति जताई गई है। अध्यक्ष के अनुसार, बैठकें नियमित रूप से नहीं हो रही हैं। उन्हें बार-बार पुनर्निर्धारित किया जाता है। बैठक की कार्यवाही का विवरण यानी मिनट्स ऑफ मीटिंग भी समय पर तैयार नहीं होने का आरोप है। चौहान ने यह भी दावा किया कि पर्यावरणीय मंजूरी मिलने के बाद संबंधित पत्र जारी करने में देरी होती है। इन आरोपों की पुष्टि के लिए बैठक के रिकॉर्ड, पोर्टल की स्थिति और मंजूरी संबंधी दस्तावेजों की जांच जरूरी होगी।

बगैर प्रावधान 237 डीम्ड मंजूरी का विवाद

एसईआईएए में विवाद का एक प्रमुख मुद्दा 237 परियोजनाओं को बीते साल दी गई डीम्ड पर्यावरण मंजूरी है। अध्यक्ष की आपत्ति के बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था। प्रकरण में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार और पर्यावरण मंत्रालय ने अदालत में हलफनामा दाखिल कर कहा था कि पर्यावरण नियमों में डीम्ड एनवायरनमेंटल क्लीयरेंस देने का कोई प्रावधान नहीं है। इसके बाद मामले में संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए गए। केंद्र सरकार के इस खुलासे के बाद प्रदेश के कुछ आईएएस की भूमिका पर भी सवाल उठे हैं। बताया जाता है कि इन्होंने एक दिन में ही यह अनुमतियां जारी कर दी थीं।

दिल्ली पुलिस ने 3 दिन की कस्टडी मांगी थी, जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान पकड़े गए थे

सौरव दास और आशुतोष रांका को 7 दिन बाद जमानत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के नेता सौरव दास और आशुतोष रांका को 7 दिन बाद दिल्ली की स्पेशल कोर्ट (एसईएम) से जमानत मिल गई है। दोनों को 13 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया था। 8-10 सीजेपी समर्थकों के साथ दोनों नेता तिरंगा लेकर वहां पहुंचे थे। दरअसल, 12 अक्टूबर को सरकार ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने पर रोक लगा दी। इसके बावजूद 13 अक्टूबर को दोनों नेता तिरंगा लेकर वहां पहुंच गए। शांति नियम तोड़ने के आरोप में उन्हें 5 दिन के लिए जेल भेजा गया था। फिर 19 अक्टूबर को उनकी हिरासत 2 दिन और बढ़ा दी गई थी। इससे पहले बुधवार को ही दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले में दखल देने से मना कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि नेता पहले मजिस्ट्रेट का फैसला आने दें, फिर जरूरत पड़ने पर ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटाएं।



1. बॉन्ड तोड़ने पर सवाल उठाए: दोनों नेताओं (सौरव-आशुतोष) ने पहले शांति बनाए रखने का बॉन्ड दिया था, इसके बाद फिर ऐसी घटना हुई। अगर बॉन्ड तोड़ने की आशंका सच साबित हुई है, तो अधिकारियों का सख्त नियमों के तहत कार्रवाई करना गलत कैसे है?
2. बैरिकेड तोड़ने से शांति भंग होने का खतरा था: प्रदर्शनकारियों के साथ दूसरे लोग भी जुड़ सकते थे और माहौल बिगाड़ सकता था। शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए पुलिस से अनुमति ली जा सकती थी, ताकि उपद्रव करने वालों को रोका जा सके।
3. ये जेन-जी नहीं हैं: कोर्ट ने दोनों याचिकाकताओं की उम्र पूछी।

अनुच्छेद 226 और रिवीजन पिटीशन में फर्क

अगर किसी व्यक्ति को लगता है कि उसके अधिकारों का उल्लंघन हुआ है या किसी सरकारी अथॉरिटी ने गलत कानूनी कार्रवाई की है तो वह हाईकोर्ट में अनुच्छेद 226 के तहत याचिका लगा सकता है। जबकि रिवीजन में निचली अदालत के आदेश को कानूनी आधार पर चुनौती देने का विकल्प होता है। इस मामले में निचली अदालत ने फैसला दिया था, इसलिए उसके रिवीजन की ही पिटीशन पहले दायर की जानी थी।

टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग में इस्तेमाल हथियार अमृतसर से आए

दो महिलाओं ने पिस्टल-कारतूस मुंबई पहुंचाए



एजेंसी ▸▸ मुंबई

एक्टर टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग में इस्तेमाल हुए हथियार अमृतसर से लाए गए थे। मुंबई पुलिस ने बुधवार को यह दावा किया।

पुलिस ने बताया कि हरियाणा में सोनीपत के कुणाल (21) और सुमित (19) ने लॉरेंस गैंग के मेंबर अनिल पंडित के निर्देश पर एक पिस्टल और 20 कारतूस जुटाए थे। उत्तर प्रदेश की राधा (23) और बबीता (23) नाम की दो महिलाओं ने इन्हें मुंबई तक पहुंचाया।

दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को चारों को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले, सोमवार को फायरिंग करने वाले तीन लोग कोटा से गिरफ्तार हुए थे। इनमें बिहार का ऋतिक, हरियाणा के रेहान और फूल सिंह शामिल थे। जांच से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, कुणाल जुलाई में सोनीपत जेल से बाहर आया था। इसके बाद एक दोस्त ने उसकी मुलाकात लॉरेंस गैंग के मेंबर अनिल पंडित से कराई।

दोनों एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप के जरिए बातचीत करने लगे।

सीहोर, इंदौर-शाजापुर में झमाझम बारिश, 21 जिलों में अलर्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश के कई शहरों में बुधवार शाम अचानक मौसम बदल गया। शाजापुर के अकोदिया में तेज बारिश हुई। अकोदिया में करीब 20 मिनट, जबकि गुलाना, बोलाई और तिंगजपुर क्षेत्र में 40 मिनट तक बारिश हुई। इंदौर के राजेंद्र नगर सीहोर के ग्रामीण क्षेत्र में भी तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज 21 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें इंदौर, उज्जैन, गुना, राजगढ़, आगर-मालवा, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, आलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, धार, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, देवास, शाजापुर, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा शामिल हैं। इन जिलों में 30 से 40किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। मंगलवार को दशहरे के दिन भी कई जिलों में आंधी और बारिश हुई। प्रदेश के 15 जिलों में बारिश दर्ज की गई, जबकि सीहोर और रतलाम में बूंदाबांदी हुई। सबसे ज्यादा बारिश रायसेन जिले के गैरतगंज में सवा इंच दर्ज की गई।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

तीन सप्ताह बाद दौड़ेगी निर्माण की गाड़ी

ठंड का मौसम अभी कुछ दूर है लेकिन महाआयोजन को लेकर चल रही तैयारी में अभी फिर भी थोड़ी ठंडक है। यह ठंडक त्यौहार की मार की है। त्यौहारी दौर में निर्माण कार्यों पर थोड़ी ठंडक आ जाना अमूमन सामान्य ही माना जाता है। निर्माण में लगे मजदूर एवं अन्य भी त्यौहार के दौर में रंग जाते हैं। इसके साथ ही अभी फसल निकालने का सीजन भी चल रहा है। सोयाबीन निकालने में मजदूरी भी तेज है। ऐसे में मजदूरों का रूझान उस ओर होना सहज ही है। ये हालत अभी अगले 20 दिन और रहना तय है। दीपावली के दौर तक ये सब निपट जाएगा और उसके बाद की स्थिति में बहुत कुछ बदल जाएगा। धर्मनगरी में महाआयोजन की तैयारी में अगले तीन सप्ताह बाद का समय काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। उसके बाद सभी निर्माण कार्यों की गति सामान्य से कहीं अधिक तेज हो जाना तय है। जिस तरह से निर्माण कार्यों की डेड लाइन रखी गई है उससे तो यह तय है कि तीन सप्ताह बाद कार्यों को तेज गति से चलाकर अगले वर्ष के जून से लेकर अक्टूबर तक सभी पूर्ण किए जाना हैं। ऐसे में दीपावली के बाद निर्माण कार्यों में जमकर मजदूरों को लगाया जाना तय है। निर्माण एजेंसियों का दबाव भी ठेकेदारों पर बढ़ना तय है और कामों को शेड्यूल के मान से किया जाना भी तय है। वर्तमान में निर्माण कार्यों में गिनती के मजदूरों से ही काम चलाया जा रहा है। अधिकांश साइडों पर यही हाल हैं। एक वजह यह भी सामने आ रही है कि निर्माण कार्य में मजदूरों को छुट्टी मजदूरी से कम ही पैसा मिलता है। ऐसे में कई मजदूर वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में सोयाबीन कटाई में गए हुए हैं। निर्माण कार्यों में ज्यादातर मजदूर आदिवासी अंचल के ही लगे हैं। ऐसे में महाआयोजन के निर्माण कार्यों पर ठंडक का असर होना तय है। खुसूर-फुसूर है कि अब महाआयोजन की उलटी गिनती शुरू होने वाली है। ऐसे में निर्माण कार्यों की पूर्णता के लिए समय के मान से ठेकेदारों पर जमकर दबाव आना तय है। निर्धारित समय में उनसे कार्यों की पूर्णता करवाई जाना भी तय है। इसके चलते अभी से ठेकेदारों पर कसावट का काम शुरू हो चुका है। पेनल्टी एवं अन्य जरूरी प्रशासनिक कसावट की जा रही है।

नैनो न्यूज

- **दशहरे** पर सिंधी समाज ने बाबा महाकाल को लगाया छप्पन भोग, 300 समाजसेवियों ने भस्म आरती में लिया हिस्सा, फूलों व आकर्षक रोशनी से सजा मंदिर
- **सहकारिता** का मॉडल समझने गुजरात रवाना हुआ उज्जैन का प्रतिनिधिमंडल, अधिकारियों ने सप्तरंगी ध्वज दिखाकर किया रवाना, सफल संस्थाओं के कामकाज का करेंगे अध्ययन
- **पार्श्वनाथ सिटी** में हुआ 51 फीट के रावण का दहन, बग्गी में निकली राम लक्ष्मण की सवारी, कृपालु हनुमान मंदिर परिसर में दशहरा उत्सव संपन्न
- **श्रीमंत सत्य** गिरि महाराज ने विधि-विधान से संपन्न कराया दीक्षा संस्कार, सेवा को बताया सबसे बड़ा धर्म
- **सत्य सनातन** स्वाभिमान यात्रा का ढाबा रोड पर किया स्वागत, वसीम मोहम्मद ने दिया समर्थन
- **एचआईवी जागरूकता** के लिए युवाओं ने लगाई दौड़, रेड रन में श्रवण व मुस्कान प्रथम, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन, नशामुक्त व स्वस्थ समाज का दिया संदेश
- **आकाशवाणी** उज्जैन ने किया आचार्य शैलेन्द्र पाराशर का सम्मान, महाकाल की सवारी के ऐतिहासिक प्रसारण ने रचा वर्ल्ड रिकॉर्ड, 8 घंटे के सीधे प्रसारण पर 'लंदन बुक' में दर्ज हुआ नाम
- **सांई मंदिर** में नवरात्रि पर कन्या पूजन व प्रसादी वितरण संपन्न, सांई मंदिर सेवा समिति का आयोजन, परिसर में प्रतिदिन हुए हवन-पूजन
- **शिवधाम** से रामधाम रवाना हुई सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का युवा कांग्रेस ने किया स्वागत, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के सानिध्य में उज्जैन से अयोध्या के लिए शंखनाद
- **विजयादशमी** पर शिवसेना गौ रक्षा न्यास ने किया शस्त्र पूजन, जयसिंहपुरा स्थित कार्यालय पर जुटे संत और पदाधिकारी ने की महाआरती, विधि-विधान से हुई माता जगदंबा की आराधना

ट्रेंडिंग



उज्जैन के दशहरा मैदान पर मंगलवार रात दशहरा महोत्सव में

दशहरा मैदान पर वाटरप्रूफ 101 फीट के रावण के पुतले का दहन





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दशहरा मैदान पर मंगलवार रात दशहरा महोत्सव में 101 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया।

शाम को मौसम बदलने और रिमझिम बारिश शुरू होने से आयोजन पर असर पड़ने की आशंका थी, लेकिन वाटरप्रूफ पुतले के कारण कार्यक्रम नहीं रुका। रात करीब 8 बजे रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच रावण दहन हुआ। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी दशहरा मैदान पहुंचे। शाम को आसमान में काले बादल छा गए और रिमझिम बारिश शुरू हो गई। इससे आयोजकों की चिंता बढ़ गई थी। पिछले साल भी बारिश के कारण रावण दहन में परेशानी आई थी। इसे देखते हुए इस बार पुतले को वाटरप्रूफ बनाया गया था। बारिश के बावजूद आयोजन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ा और रात करीब 8 बजे रावण दहन किया गया।

महोत्सव में भगवान राम, लक्ष्मण और हनुमानजी की सवारी मैदान पहुंची। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़े। उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से उज्जैन के नागरिकों को विजयदशमी की शुभकामनाएं दीं और संबोधित किया। मुख्यमंत्री कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मैदान पर मौजूद नहीं थे।

पुतले के संवाद और आतिशबाजी ने बढ़ाया आकर्षण

रावण दहन से पहले पुतले के संवाद का कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहा। रावण का पुतला रामलखन सिंह कहार ने तैयार किया था, जबकि आतिशबाजी का संयोजन देवास के रशीद खान और ग्वालियर के सीताराम ने किया। रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच रावण का दहन किया गया। आयोजन समिति ने इस बार रावण के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश भी दिया। दशहरा मैदान के अलावा शहर के अन्य स्थानों पर भी विजयदशमी के अवसर पर रावण दहन के कार्यक्रम हुए। हालांकि, दशहरा मैदान का मुख्य आयोजन शहरवासियों के लिए खास आकर्षण रहा।

भगवान महाकालेश्वर की सवारी में 100 मंचों और ड्रोन से बरसाए फूल, इंद्रदेव ने किया अभिषेक



विजयादशमी पर्व पर मंगलवार को महाकालेश्वर की सवारी निकाली गई। शाम 4 बजे मंदिर के सभामंडपम में पूजन के बाद मनमहेश स्वरूप को रजत पालकी में विराजमान करवाया गया। सात किलोमीटर परंपरागत मार्ग से होकर सवारी दशहरा मैदान पहुंची। जहां शमी वृक्ष का पूजन किया गया। मार्ग में 100 मंचों से ज्यादा मंचों से पूजन किया गया। ड्रोन से 500 फूल भी बरसाए गए।

सड़कों पर दोनों तरफ बेतरतीब खड़े वाहनों के बीच पैदल चलना भी मुसीबत बना

वीआईपी मस्त , जनता त्रस्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दशहरे पर सभी लोगों को उत्साह रहता है शाम को रावण दहन के सार्वजनिक कार्यक्रम का। शहर का परंपरागत रावण दहन, दशहरा मैदान में होता है और आयोजन समिति भी अपने तइ बहुत प्रयास करती है कि समारोह अच्छा हो किन्तु नेता नगरी में भाषण तो होना लाजिमी है बस यहीं आकर रावण दहन कार्यक्रम से मुंह कसैला हो जाता है।

रावण दहन के पूर्व आम जनता को एक मूक संत्रास झेलना पड़ता है और वह होता है ढेर सारे नेताओं का उबाऊ भाषण। स्वप्रशंसा और अपने भाई साहब की प्रशंसा मे कसीदे पढ़ते वक्ता नेताओं के भाषण, जनता बीसियों बार सुन चुकी होती है तो भाषण उबासी ही लाएगा। वहां मैदान मे खड़े प्रौढ़ व बुजुर्ग दर्शकों के पैर दर्द से डगमगाते हैं और इधर मंच से एक के बाद एक नेताओं की निरंतर भाषणबाजी। अब जनता के पैर दर्द करें तो क्या आसमान टूट गया उन्हें रावण दहन और आतिशबाजी का मनोरंजन भी तो मुफ्त में मिल रहा है।





दूरगामी योजना कब बनेगी

हर साल दशहरा आता है और इस दौरान भीड़ का काफी दबाव दशहरा मैदान पहुंच मार्ग पर होता है किन्तु प्रशासन जनता का आवागमन सुलभ बनाने की कोई नीति ही नहीं बनाता। व्यवस्थित पार्किंग व नो व्हीकल जोन की योजना होना चाहिए और उस पर सख्ती से अमल भी होना चाहिए। वीआईपी तो इन सभी मुश्किल से कभी दो चार होते नहीं अतः वे तो मस्त ही हैं पर जनता त्रस्त है जो शायद उसका दुर्भाग्य है।

सड़क पर पैदल चलना मुश्किल

दशहरा मैदान पहुंच मार्ग पर पैदल चलना मतलब यमरूपी दौड़ते वाहनों से बचकर चलना। इतनी भीड़ के बीच भी वाहन चालक बेरोकटोक वाहन लेकर चल रहे थे और हार्न की कर्कश आवाज ध्वनि प्रदूषण में इजाफा करती रही किन्तु पुलिस क्या करती रही ये एक यक्ष प्रश्न है। यातायात पुलिस के सख्त रवैया तो शायद इतिहास बनकर रह गया है। रावण दहन के बाद छूटे लोग जब दशहरा मैदान से बाहर निकले तो सड़कों पर दोनों तरफ बेतरतीब खड़े वाहनों के बीच चलना मुसीबत था ही ऊपर से पीछे आ रहे चलते वाहनों से बचना भी बड़ा कठिन था। दशहरा जैसे पर्व पर सार्वजनिक समारोह के दौरान भी नो व्हीकल जोन का न होना हैरत का विषय है। बेहतर होता यदि कालिदास मांटेसरी स्कूल परिसर मे और कोठी रोड पर पार्किंग व्यवस्था की जाती। कम से कम पैदल जानेवाले स्वतंत्रता से रोड पर तो सुरक्षित होते।

एआई+ स्मार्टफोन ग्राहकों के फीडबैक से बेहतर बनाएगा प्रोडक्ट्स और सर्विस



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एआई+ स्मार्टफोन ग्राहकों के सुझावों और अनुभवों के आधार पर अपने प्रोडक्ट्स और सर्विसेज में लगातार सुधार कर रहा है। कंपनी सॉफ्टवेयर अपडेट, कैमरा स्थिरता, कनेक्टिविटी और फोन की परफॉर्मेंस बेहतर बनाने पर काम कर रही है। इसके साथ ही, आफ्टर-सेल्स सपोर्ट और शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया को भी मजबूत किया जा रहा है। कंपनी की प्रोजेक्ट ओपन रिव्यू पहल के तहत 1,000 से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। एआई+ स्मार्टफोन का उद्देश्य ग्राहकों के फीडबैक को प्रोडक्ट डेवलपमेंट और सर्विस सुधार का अहम हिस्सा बनाकर बेहतर अनुभव प्रदान करना है।

शमी वृक्ष की पूजन कर लिया विजय होने का आशीष

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी में प्रकृति पूजा की पुरातन परंपरा रही है। सनातन धर्म मे वृक्षों में देवताओं का वास माना गया है। शमी भगवान शंकर और गणेशजी को प्रिय है। घर की सुख, शांति व समृद्धि की अभिलाषा से महिलाएं शमी वृक्ष का विधि विधान से पूजन करती हैं और पति के विजयी होने की कामना करती हैं। विजयादशमी पर शहर में महिलाओं ने शमी को जल, लाल वस्त्र, मौली अर्पित कर आशीष प्राप्त किया। शमी के वृक्ष के नीचे शाम को श्रद्धालुओं ने सरसों के तेल का दीपक प्रज्जवलित किया। प्रकृति पूजन की हमारी वैभवशाली विरासत को सहेजते हुए युवतियां भी नजर आईं।

नन्हे राम जी स्वरूप का एसपी और कलेक्टर को आशीर्वाद



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दशहरा मैदान में आने वाली सवारी के दौरान भगवान राम के स्वरूप में सजे नन्हे बालक ने पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर को आशीर्वाद दिया। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सहजता और श्रद्धाभाव के साथ नन्हे राम स्वरूप का सम्मान किया। महाकाल की नगरी में आस्था, संस्कार और सादगी का यह मनमोहक दृश्य हर किसी का मन मोह लेने वाला है।

65 बस्तियों में निकला संघ का पथ संचलन

कदमताल, बैंड और पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत, महाकाल मंदिर पर चढ़ाई धर्म ध्वजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को उज्जैन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का पथ संचलन निकाला गया। शहर की 65 बस्तियों में हुए इस आयोजन में स्वयंसेवक पारंपरिक वेशभूषा में कदमताल करते नजर आए।

हाथों में लाठियां लिए स्वयंसेवक बैंड की धुन पर आगे बढ़े। इस दौरान कई जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। सड़कों पर रंगोलियां सजाई गईं और लोग संचलन देखने के लिए मार्गों के दोनों ओर खड़े रहे।

दशहरे पर हर साल होने वाले इस आयोजन की शुरूआत संबंधित बस्तियों में गीत, अमृत वचन, बौद्धिक और प्रार्थना के साथ हुई। इसके बाद स्वयंसेवक अनुशासित तरीके से समूह में निकले और तय मार्गों से होते हुए वापस अपनी-अपनी बस्तियों में पहुंचे।

संचलन के दौरान बैंड की धुन के साथ स्वयंसेवक एक लय में कदमताल करते रहे। शहर के अलग-अलग इलाकों में लोगों ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। संघ का यह पथ संचलन 20 से 25 अक्टूबर तक शहर की अलग-अलग बस्तियों में आयोजित किया जाएगा।

महाकाल मंदिर के शिखर पर चढ़ाई धर्म ध्वजा- विजयादशमी पर श्री महाकालेश्वर मंदिर में भी धार्मिक परंपरा का निर्वहन किया गया। इस अवसर पर मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा चढ़ाई गई। तहसील की ओर से आयोजित परंपरागत कार्यक्रम में महानिवार्णी अखाड़े के श्री महंत विनीत गिरी महाराज ने विधि-विधान से ध्वजा पूजन किया। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालु मौजूद रहे।



स्वागत के लिए सजाई रंगोलियां, लोगों ने की पुष्पवर्षा

पथ संचलन के स्वागत के लिए शहर के कई मार्गों पर रंगोलियां बनाई गईं। रहवासियों ने घरों और सड़कों के किनारे खड़े होकर स्वयंसेवकों पर फूल बरसाए। कई जगह लोग काफी देर तक संचलन देखते रहे। पारंपरिक वेशभूषा, बैंड की धुन और एक साथ कदमताल करते स्वयंसेवकों के कारण रास्तों पर उत्सव जैसा माहौल नजर आया।

एमपी बोर्ड परीक्षा में बड़ा बदलाव: 2 अंक वाले प्रश्नों में विकल्प खत्म

10वीं-12वीं के विद्यार्थियों को सभी लघु उत्तरीय प्रश्नों के देने होंगे जवाब, 3 और 4 अंक वाले प्रश्नों में विकल्प रहेंगे बरकरार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्नपत्र पैटर्न में बदलाव की जानकारी सामने आई है। नए पैटर्न के तहत 2 अंकों वाले लघु उत्तरीय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प की सुविधा समाप्त किए जाने की बात कही गई है। इसके चलते विद्यार्थियों को दिए गए प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य होगा और वे अपनी पसंद के अनुसार दूसरा प्रश्न नहीं चुन सकेंगे।

हालांकि, 3 और 4 अंकों वाले प्रश्नों में आंतरिक विकल्प की सुविधा पहले की तरह जारी रहने की जानकारी दी गई है। ऐसे में विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी करते समय सभी अध्यायों पर समान रूप से ध्यान देना होगा, ताकि किसी विशेष विषय या प्रश्न से बचने की गुंजाइश न रहे।



प्रदेश में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होने की जानकारी दी गई है। इन परीक्षाओं में करीब 18 लाख विद्यार्थियों के शामिल होने का अनुमान है। परीक्षा पैटर्न में बदलाव की खबर के बाद विद्यार्थियों को अपनी तैयारी और उत्तर लिखने की रणनीति में जरूरी बदलाव करना होगा। विद्यार्थियों के लिए जरूरी: परीक्षा पैटर्न में बदलाव और परीक्षा तिथियों की अंतिम पुष्टि के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल की आधिकारिक अधिसूचना एवं विषयवार मॉडल प्रश्नपत्र जरूर देखें।

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

बुंदेला ने शूटिंग में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए किया क्वालीफाई

भोपाल। भोपाल में आयोजित ऑल इंडिया ओपन शूटिंग चैंपियनशिप के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट की व्यक्तिगत स्पर्धा में इंदौर के छोटे से गांव दातोदा के आर्यमन सिंह बुंदेला ने आगामी राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। आर्यमन सिंह बुंदेला ने शूटिंग में शानदार प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में 400 में से 362 अंक अर्जित किये। आर्यमन सिंह बुंदेला जनसम्पर्क विभाग में उप सचिव डॉ. कैलाश बुंदेला (क्षार) के सुपुत्र है। आर्यमन सिंह बुंदेला ने बताया कि उन्हें यह सफलता कोच दिग्विजय सिंह चंद्रावत के सतत मार्गदर्शन और प्रशिक्षण के साथ माता-पिता के आशीर्वाद से मिली है।

प्रदेश में 20 स्थानों पर शुरु होंगे नए वेलनेस सेन्टर

इंदौर। शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय इंदौर का वार्षिक उत्सव ₹अद्वैत-2026₹ का समापन समारोह एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुष विभाग के प्रमुख सचिव शोभित जैन, विशेष अतिथि शिक्षाविद डॉ. प्रकाश शास्त्री एवं आयुष संचालनालय के उप संचालक डॉ. राजीव मिश्रा थे। कार्यक्रम में वार्षिक उत्सव में आयोजित विभिन्न स्पधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए प्रमुख सचिव शोभित जैन ने कहा कि आयुष विभाग आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिये लगातार कार्य रहा है। शोध और नवाचार के कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश के 20 स्थानों पर मध्यप्रदेश टूरिज्म के माध्यम से वेलनेस सेन्टर शुरू किये जा रहे हैं।

नाम जोड़ने और घटाने के लिए लेंगे दावे और आपत्तियां

इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग ने 1 जनवरी 2027 के आधार पर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 3 की समय सारणी निर्धारित की है और प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार झा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को उसके मुताबिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इन दिनों चुनाव आयोग को लेकर दिल्ली में तो आंदोलनों का सिलसिला जारी है और विवादित एसआईआर सर्वे का मामला सुर्खियों में है। अब 12 नवम्बर से मतदाता सूची में नाम जोडने या घटाने के लिए दावे-आपत्तियां ली जाएंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 2 नवंबर तक मतदान केंद्रों का युक्तिकरण एवं पुनर्व्यवस्थापन किया जाएगा। इसके बाद 12 नवंबर को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकेंगी। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निराकरण 28 दिसंबर तक किया जाएगा।

उद्योगों को आकर्षित करने के लिए सरकार का मेगा प्लान



भोपाल। ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2027 (जीआइएस) से पहले मध्य प्रदेश सरकार निवेश अनुकूल नीतियां लाएगी। इनमें औद्योगिक आवास, परमाणु, ओडीओपी-जीआइ टैग, कोयला गैसीकरण और कृषि प्रसंस्करण नीति लाई जाएगी। इन नीतियों का ड्राफ्ट जल्द ही कैबिनेट में स्वीकृति के लिए लाया जाएगा। इनका मुख्य उद्देश्य उद्योगों को मध्य प्रदेश की ओर आकर्षित करना और प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। इसी दिशा में राज्य सरकार ने मध्य प्रदेश राज्य औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम और मध्य प्रदेश ईज आफ डूइंग बिजनेस नियम, 2026 लागू कर दिए हैं। इंडस्ट्रियल हाउसिंग और कोल गैसीफिकेशन नीतिइंडस्ट्रियल हाउसिंग नीति के तहत औद्योगिक क्षेत्रों के भीतर या उनके नजदीक श्रमिकों के लिए कम लागत वाले मकान और हास्टल बनाने वाले विकासकताओं (डेवलपर्स) को विशेष टैक्स छूट और सस्ती जमीन दी जाएगी। कोल गैसीफिकेशन नीति में कोयले से अमोनिया, मेथनाल और अन्य सिंथेटिक गैस बनाने वाले प्लांट लगाने वाली कंपनियों को पूंजीगत सब्सिडी और बिजली शुल्कों में राहत देने का प्रविधान किया जा रहा है। न्यूक्लियर ऊर्जा नीति के तहत परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी निवेश के सहयोग से सहायक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने और मप्र को क्लीन एनर्जी हब बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसका उद्देश्य ऊर्जा सुरक्षा और नए विकल्पों के लिए इस क्षेत्र में निजी-सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ावा देना है।

नैनो न्यूज

- **देवासः आठ अधिकारियों को नोटिस जारी-** देवास कलेक्टर ने वेतनवृद्धि रोकने के मामलों में लापरवाही पर तीन जनपद पंचायत सीईओ सहित आठ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए।
- **आगरः यातायात थाने से व्यवस्था सुधारने की पहल-** आगर में नए यातायात थाने का शुभारंभ किया गया। पुलिस की इस पहल से शहर में यातायात प्रबंधन और सड़क सुरक्षा व्यवस्था बेहतर बनाने की उम्मीद है।
- **शाजापुरः सौर ऊर्जा परियोजना से बिजली उत्पादन-** शाजापुर के 450 मेगावाट सौर ऊर्जा पार्क के शुरू होने से प्रदेश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में बढ़ोतरी हुई है। परियोजना स्वच्छ बिजली उत्पादन को बढ़ावा देगी।
- **सुसनेरः स्कूटी हादसे में चार नाबालिग घायल-** सुसनेर में शिवाय होटल के समीप कोचिंग से लौट रहे स्कूटी सवार चार नाबालिग बच्चे हादसे में घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए ले जाया गया।
- **रतलामः रेलवे फाटक पर कार से टकराई ट्रेन-** रतलाम-अजमेर रेलखंड पर सेजावता-बंजली रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन और कार की टक्कर से अफरा-तफरी मच गई। घटना में रेलवे फाटक पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठे।

अगले माह हो सकता है लोकार्पण, सिंहस्थ से पहले दोनों शहरों की कनेक्टिविटी मजबूत

मिलेगी राहतः उज्जैन-इंदौर सिक्सलेन का काम लगभग पूरा

46.475 किमी लंबे इंदौर-उज्जैन सिक्सलेन का 97.54 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, त्रिवेणी क्षेत्र में नवनिर्मित ब्रिज पर भी वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर से उज्जैन आने-जाने वालों के लिए राहत की सड़क अब लगभग तैयार है। 46.475 किलोमीटर लंबे इंदौर-उज्जैन सिक्सलेन का 97.54 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। त्रिवेणी क्षेत्र में नवनिर्मित ब्रिज पर भी वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है।

अब कुछ ही काम शेष हैं, जिनमें उज्जैन शहर की सीमा में सर्विस रोड पर पीक्यूसी बिछाना प्रमुख है। यह काम नगर निगम की पाइपलाइन और चैंबर संबंधी काम पूरे होने के बाद ही हो सकेगा। करीब 1692 करोड़ रुपये की परियोजना को नवंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अच्छी बात ये है कि उज्जैन से इंदौर की दूरी अब कम समय में पूरी होने से यात्री और अपडाउनर्स खुश हैं।

सिंहस्थ में बढ़ेगी मार्ग की अहमियत

सिंहस्थ-2028 के दौरान इंदौर की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या बढ़ने पर इस सड़क की उपयोगिता और बढ़ी है। चौड़ा मार्ग वाहनों की आवाजाही में मदद कर रहा है। सर्विस रोड और अंडरपास स्थानीय यातायात को मुख्य मार्ग से अलग रखने में सहायक होंगे। इससे शहर में प्रवेश के दौरान यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने में भी मदद मिल सकती है। परियोजना का भूमिपूजन 19 सितंबर 2024 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया था। अब नवंबर तक काम पूरा कर देव उठनी ग्यारस के आसपास लोकार्पण कराने का लक्ष्य है। सिक्सलेन परियोजना में तीन फ्लाईओवर और छह अंडरपास बनाए गए हैं। प्रमुख स्थानों पर जंक्शन और सर्विस रोड भी विकसित की गई हैं। इनका उद्देश्य मुख्य मार्ग पर यातायात को सुचारु रखना और स्थानीय वाहनों की आवाजाही को आसान बनाना है। चौराहों पर रुकावट कम होने से इंदौर और उज्जैन के बीच सफर अधिक व्यवस्थित होने की उम्मीद है।

महाकाल रोप-वे परियोजना की लागत 69 से बढ़ाकर 258 करोड़ रुपये

उज्जैन में श्रद्धालुओं को रेलवे स्टेशन से सीधे महाकालेश्वर मंदिर तक हवाई रास्ते से पहुंचाने वाली महत्वाकांक्षी महाकाल रोप-वे परियोजना एक बार फिर आगे बढ़ी है। दो साल में मात्र 2 प्रतिशत काम करने वाली ओडिशा की एमएस इंफ्राइंजीनियर्स कंपनी ठेका निरस्त करने के बाद नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) ने काम पुनः प्रारंभ कराने के लिए प्रोजेक्ट की लागत 69 करोड़ रुपये बढ़ाकर 258.37 करोड़ रुपये का नया टेंडर जारी कर दिया है। यानी समय पर काम न कराने से सरकार की जेब पर 68 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है।

आईडीए इस जमीन पर स्कीम-97 पार्ट-2 के तहत आवासीय कॉलोनी विकसित करने जा रहा

जिस मैदान पर हुई थी छात्रों की गूंज, वो अब नहीं मिलेगा किराए पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

19 सितंबर को राहुल गांधी ने इसी मैदान पर छात्रों की गूंज कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। इसके लिए कांग्रेस ने इंदौर विकास प्राधिकरण से जमीन किराए पर ली थी। अधिकारियों ने अस्थायी लीज के आधार पर किराए की गणना कर कांग्रेस से 14 लाख रुपये वसूले थे। जमीन की अनुमति देने में भी अधिकारियों ने काफी समय लगाया था। विवाद हुआ था और कांग्रेस नेताओं ने इस मामले में प्राधिकरण के अधिकारियों को निशाने पर लिया था।

हाल ही में प्राधिकरण ने थोक पटाखा व्यापारियों को भी अस्थायी मार्केट तैयार करने के लिए यह जमीन किराए पर दी है। हालांकि, अब यहां आवासीय कॉलोनी विकसित होने के कारण अगले साल से पटाखों का कारोबार भी नहीं हो सकेगा। इस जमीन को लेकर लंबे समय से न्यायालय में मामला चल रहा था। हाल ही में फैसला प्राधिकरण के पक्ष में आने के बाद यहां कॉलोनी विकसित करने की प्रक्रिया तेज हुई है। योजना के तहत प्राधिकरण सड़क, सीवरेज और ड्रेनेज लाइन सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास करेगा। रीजनल पार्क के सामने स्थित होने और आसपास का इलाका ग्रीन बेल्ट होने के कारण यहां विकसित होने वाली कॉलोनी के प्लॉट की मांग अधिक रहने की उम्मीद है।

पटाखा व्यापारियों को अस्थायी आवंटन और भविष्य में रोक

कांग्रेस के इस बड़े राजनीतिक आयोजन के ठीक बाद, हाल ही में प्राधिकरण ने इसी खाली जमीन को थोक पटाखा व्यापारियों को त्योहारी सीजन के मद्देनजर अस्थायी मार्केट तैयार करने के लिए किराए पर आवंटित किया है। व्यापारी इस जमीन पर अपनी दुकानें सजाकर पटाखों की बिक्री कर रहे हैं। हालांकि, यह राहत केवल कुछ समय के लिए ही है क्योंकि अब इस पूरी जमीन पर आधुनिक आवासीय कॉलोनी विकसित करने का काम तेजी से शुरू हो चुका है, जिसके कारण अगले साल से यहां किसी भी प्रकार का व्यावसायिक या पटाखों का कारोबार किया जाना पूरी तरह से असंभव हो जाएगा।

राहुल गांधी के कार्यक्रम के दौरान हुआ था किराए को लेकर विवाद

इसी साल 19 सितंबर को कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने इसी मैदान पर आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में मुख्य रूप से हिस्सा लिया था। इस भव्य आयोजन के लिए कांग्रेस पार्टी ने इंदौर विकास प्राधिकरण से नियमों के तहत जमीन किराए पर ली थी। हालांकि, जमीन की आधिकारिक अनुमति देने में अधिकारियों ने काफी हीला-हवाली करते हुए लंबा समय लगाया था। इसके बाद अधिकारियों ने अस्थायी लीज के आधार पर किराए की तगड़ी गणना करते हुए कांग्रेस से पूरे 14 लाख रुपये वसूले थे। अनुमति मिलने में हुई देरी और भारी-भरकम किराए की इस वसूली को लेकर उस दौरान राजनीतिक गलियारों में काफी विवाद खड़ा हो गया था, और कांग्रेस नेताओं ने प्राधिकरण के अधिकारियों को अपनी तीखी आलोचना का निशाना बनाया था। राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए कांग्रेस ने यह जमीन इंदौर विकास प्राधिकरण से किराए पर ली थी। अफसरों ने अस्थाई लीज की गणना कर जमीन का किराया 14 लाख रुपये कांग्रेस से वसूला था। जमीन की अनुमति देने में भी काफी वक्त अफसरों ने लिया था।

पुलिस को हाईकोर्ट की फटकार

जांच कराने के दिए निर्देश, मामला 43 घंटे से ज्यादा युवक को अवैध हिरासत में रखने का

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कोर्ट की लगातार फटकार झेल रही इन्दौर पुलिस को एक बार फिर हाइकोर्ट ने ने फटकार लगाते ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति नहीं होने के सख्त निर्देश दिए हैं। मामला इन्दौर के एरोड्रम थाने में एक युवक को 43 घंटे से ज्यादा हिरासत में रखने के बाद उसकी जमानत न मानते हुए उसे जेल भेजने का है। कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजे गए युवक को बांड भरवाकर तुरंत छोड़ने के लिए भी आदेश जारी किए। हाइकोर्ट में एडवोकेट केपी गणगौरे द्वारा कस्तूराबाई जाटवा की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर मध्यप्रदेश

उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस अल्पेश वाय कोगजे और विनय सराफ की युगलपीठ ने सुनवाई उपरांत पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिए जाएं। कि मामले की जांच एसीपी या उससे वरिष्ठ स्तर के अधिकारी से करवाएं। वहीं इस तरह की घटना दोबारा न हो, इसकी व्यवस्था भी की एडवोकेट केपी गणगौरे के अनुसार कस्तूराबाई जाटवा की ओर से बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर कोर्ट को बताया गया कि उनका पुत्र अभय उर्फ बालकदास जो फिलहाल इंदौर में रह रहा है, वो 9 अक्टूबर की शाम अंबिका नगर में अपनी महिला मित्र से मिलने जा रहा था। रास्ते में जयदीप दुबे नामक व्यक्ति ने गाड़ी खड़ी कर रखी थी। गाड़ी हटाने को कहा तो विवाद हो गया।

---

12 नवंबर से वोटर लिस्ट में तलाशें अपना नाम, प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होगी

गलती मिली तो 11 दिसंबर तक आपत्ति दर्ज कराने का मौका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वोट डालने के दिन मतदाता सूची में नाम तलाशने के बजाय अभी से इसकी तैयारी कर लें। उज्जैन जिले में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रक्रिया के तहत 12 नवंबर को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होगी। इसके बाद मतदाता अपने नाम और दर्ज जानकारी की जांच कर सकेंगे।

नाम छूटने या विवरण में गलती मिलने पर 11 दिसंबर तक दावा या आपत्ति दर्ज कराने का अवसर रहेगा। दावे-आपत्तियों के निराकरण के बाद चार जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

दिसंबर में होगा आवेदनों का निराकरण

दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि समाप्त होने के बाद निर्वाचन अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का परीक्षण और निराकरण करना होगा। इसके लिए 28 दिसंबर 2026 तक की समयसीमा निर्धारित की गई है। इसके बाद चार जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। इस तरह प्रारूप सूची से लेकर अंतिम प्रकाशन तक की पूरी प्रक्रिया तय कार्यक्रम के अनुसार चलेगी। पुनरीक्षण की प्रक्रिया में मतदान केंद्रों का युक्तिकरण और पुनर्व्यवस्थापन भी शामिल है। इसके लिए दो नवंबर 2026 तक की समयसीमा तय की गई है। जिला निर्वाचन तंत्र को पहले मतदान केंद्रों की व्यवस्था से जुड़ा काम पूरा करना होगा। इसके बाद प्रारूप सूची का प्रकाशन, दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया और उनका निराकरण किया जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग ने एक जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर पुनरीक्षण का कार्यक्रम तय किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार झा ने प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्धारित समय-सारणी के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। अब उज्जैन जिले में भी निर्वाचन तंत्र को तय तारीखों के अनुसार प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

12 नवंबर को प्रारूप सूची प्रकाशित होने के बाद मतदाताओं के लिए सबसे जरूरी काम अपना नाम जांचना होगा। नाम दर्ज नहीं होने, पात्र मतदाता का नाम छूटने या व्यक्तिगत विवरण में गलती होने पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दावा प्रस्तुत किया जा सकेगा। सूची में दर्ज प्रविष्टियों को लेकर आपत्ति भी दर्ज कराई जा सकेगी। इसके लिए 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक का समय तय किया गया है।

प्रदेश में 3 साल में दोगुने हुए सैलानी, 21.5 करोड़ के पार पहुंचा आंकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश के प्राकृतिक नैसर्गिक सौंदर्य, समृद्ध संस्कृति और विरासत ने न केवल देश, बल्कि पूरी दुनिया के सैलानियों का दिल जीता है। यही कारण है कि मध्य प्रदेश में घरेलू पर्यटकों और श्रद्धालुओं की आमद में पिछले तीन वर्षों में रिकार्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राज्य में घरेलू पर्यटकों का आंकड़ा तीन साल में दोगुना हो चुका है। वर्ष 2023 में देश के विभिन्न हिस्सों से 11.19 करोड़ पर्यटक मध्य प्रदेश आए थे, जो 2024 में बढ़कर 13.39 करोड़ और वर्ष 2025 में छलांग लगाकर 21.5 करोड़ तक पहुंच गए।

मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक केवल 2024 और 2025 के बीच ही पर्यटकों की संख्या में 7.64 करोड़ का भारी इजाफा हुआ। इस उछाल की मुख्य वजह राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों, विशेषकर कुबरेश्वर धाम और बागेश्वर धाम की बढ़ती लोकप्रियता रही। सीहोर स्थित कुबरेश्वर धाम में 2025 के दौरान 1.5 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे, जबकि छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम में नौ लाख भक्तों ने हाजिरी लगाई। धार्मिक पर्यटन में सबसे बड़ा आकर्षण उज्जैन रहा, जहां 2025 में रिकार्ड 8.80 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे। इससे पहले 2023 में 5.28 करोड़ और 2024 में 7.23 करोड़ भक्त उज्जैन आए थे।

इंदौर में झगड़ा कर दूसरे संग गरबा खेलने गई प्रेमिका

प्रेमी ने की आत्महत्या, सड़क पर शव रख किया हंगामा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

बाणगंगा क्षेत्र में 23 वर्षीय चिराग सेन की मौत के बाद मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ। पोस्टमार्टम के बाद स्वजन और दोस्तों ने शव चौराहे पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी चिराग की मौत के मामले में उसकी प्रेमिका के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने की मांग कर रहे थे। उनके हाथों में ह्यजस्टिस फॉर चिरागह्ल लिखे पोस्टर थे। करीब 200 लोगों के जुटने से इलाके में तनावपूर्ण स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी बल के साथ मौके पर पहुंचे और उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर प्रदर्शन समाप्त कराया।

बाणगंगा थाना प्रभारी सियाराम सिंह गुर्जर के अनुसार, वृंदावन कॉलोनी निवासी चिराग सेन उर्फ लाला भजन मंडली में काम करता था। उसका भाजपा नेताओं से भी जुड़ाव बताया गया है। चिराग का बाणगंगा क्षेत्र में रहने वाली निशा के साथ करीब चार साल से प्रेम प्रसंग था। दोनों के बीच अक्सर विवाद होने की बात भी सामने आई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, चिराग और निशा पिछले करीब पांच महीने से साथ रह रहे थे। रविवार को चिराग ने निशा को एक अन्य युवक के साथ गरबा खेलते हुए देख लिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि विवाद के बाद गुस्से में चिराग ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर एक दोस्त उसे अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन उपचार के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से ही चिराग के स्वजन और दोस्त मामले में कार्रवाई की मांग कर रहे थे। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद जब स्वजन चिराग का शव लेकर पहुंचे, तो उन्होंने चौराहे पर रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान दोस्तों के हाथों में जस्टिस फॉर चिराग लिखे पोस्टर थे।

पुलिस ने समाप्त कराया प्रदर्शन

मंगलवार को पोस्ट मार्टम के बाद स्वजन शव लेकर पहुंचे और चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। चिराग के दोस्तों के पास पोस्टर थे जिसमें जस्टिस फोर चिराग लिखा हुआ था। चौराहे पर शव रखने की सूचना मिलने पर एसीपी रुबिना मिजवानी, टीआई सियाराम गुर्जर बल लेकर पहुंचे और उचित कार्रवाई करने का आश्वासन देकर प्रदर्शनकारियों को समझाइश देकर रवाना किया।

चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन किए जाने की सूचना मिलते ही एसीपी रुबीना मिजवानी और थाना प्रभारी सियाराम सिंह गुर्जर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाया और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद स्वजन और दोस्त प्रदर्शन समाप्त कर वहां से रवाना हो गए।

युवती का आरोप- आरोपी ने हिंदू नाम बताकर की थी दोस्ती

मुस्लिम युवक अनस खान को हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं के हत्थे चढ़ गया। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने उसकी जमकर पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी अनस हिंदू युवती से मिलने आया था। उसने युवती से एक एप के माध्यम से ऑनलाइन दोस्ती की थी। उस वक्त उसने अपना हिंदू नाम बताया था। इससे गुस्साई युवती ने भी उसकी जमकर पिटाई की। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के मुताबिक आरोपी अनस खान पुत्र निशू खान गाजियाबाद का रहने वाला है। युवती भी राजस्थान के श्रीगंगा नगर की रहने वाली है। पति से तलाक के बाद वह इंदौर के गौरीनगर में बहन के साथ रहती है और ब्यूटी पार्लर का कोर्स कर रही है।

शिक्षिका पर कपड़े उतरवाने का आरोप

कन्या भोज के लिए बुलाई गईं सात बच्चियों से मारपीट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश के इंदौर से एक बेहद हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। इंदौर में नवरात्रि के आखिरी दिन कन्या भोज के दौरान एक सरकारी टीचर पर बच्चियों को पीटने का आरोप लगा है।

बच्चियों के परिजनों का आरोप है कि सरकारी रिटायर टीचर ने पहले खुद बच्चियों को भोज के लिए बुलाया था। टीचर पर बच्चियों को कपड़े उतरवाकर मारने और करीब 4 घंटे कमरे में बंद रखने का भी आरोप लगाया गया है।

बच्चियों के मुताबिक, वे कन्या भोज के लिए इलाके में गई थीं। तभी टीचर अनीता मोहता उन्हें अपने घर बुला ले गईं। उन्होंने गिफ्ट और पैसे देने का लालच दिया। घर पहुंचने के बाद महिला ने कहा कि यहां पैसे रखे थे, तुम लोगों ने चुराए होंगे। इसके बाद उन्होंने बच्चियों को कमरे में बंद कर दिया और थप्पड़ मारने लगीं। बच्चियों का कहना है कि उन्होंने कपड़े भी उतरवाए और मारपीट जारी रखी। वे मिन्नतें करती रहीं कि उन्होंने कोई चोरी नहीं की, लेकिन महिला नहीं मानी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए। वे बच्चियों को लेकर एमआईजी थाने पहुंचे और हंगामा करते हुए महिला के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने बच्चियों के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एमआईजी थाना प्रभारी चंद्रभाल सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है और मामले की जांच की जा रही है। आरोपी महिला नया बसेरा इलाके में करीब 10 साल तक सरकारी स्कूल में पढ़ा चुकी हैं, जहां ये बच्चियां रहती हैं।

न्यूज कालम



नौ दिवसीय नवरात्रि के समापन पर श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ माता रानी को किया विदा

सनावद/ढकलगांव। शक्ति की आराधना के नौ दिवसीय पर्व नवरात्रि का मंगलवार सुबह मां भवानी के गरबों एवं जवारे के विसर्जन के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां भवानी के गरबों को श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ विदाई दी।नौ दिनों तक माता रानी की पूजा-अर्चना और आराधना के बाद सोमवार सुबह विसर्जन की प्रक्रिया संपन्न हुई। मां भवानी के गरबों एवं जवारे का विधि-विधान के साथ विसर्जन कर नवरात्रि पर्व को विदाई दी गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता रानी से सुख-समृद्धि, खुशहाली और क्षेत्र की उन्नति की कामना की।माता रानी की विदाई के साथ ही नौ दिवसीय नवरात्रि पर्व का समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष फिर से मां भवानी के आगमन की कामना करते हुए माता रानी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

महा अष्टमी पर सामूहिक भक्तामर जी के पाठ का आयोजन



सनावद। नवरात्रि की महा अष्टमी पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में सामूहिक भक्तामर पाठ का आयोजन किया गया। सन्मति जैन काका ने बताया कि आचार्य वर्धमान सागर युवा संघ एवं आचार्य वर्धमान सागर बहु मंडल के नेतृत्व में बड़ा मंदिर जी में भव्य सामूहिक आरती भक्ति के साथ आचार्य मानतुंग स्वामी द्वारा रचित भक्तामर जी के पाठ का संगीतमय सामूहिक आयोजन किया गया। जैसा कि सभी को ज्ञात हो कि अब प्रत्येक अष्टमी एवं चतुर्दशी पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में रात्रि में सामूहिक भक्तामर जी के पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर धर्म प्रभावना में सहयोग प्रदान किया।

विजयादशमी पर बुराई पर अच्छाई की जीत का दिया संदेश



मनावर। बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक पर्व विजयादशमी मनावर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी दशहरे के अवसर पर 41 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। आयोजन में करीब 5 हजार नगरवासी शामिल हुए। रावण दहन से पूर्व विशाल आतिशबाजी ने आसमान को रोशनी से भर दिया और उपस्थित लोगों ने उत्साह के साथ पर्व का आनंद लिया। कार्यक्रम के पूर्व भगवान राम, लक्ष्मण ओर हनुमान के वेशभूषा में बालकों ओर नगर पालिका द्वारा चल समारोह भी निकला। कार्यक्रम के दौरान मंच पर अतिथियों का उद्बोधन हुआ। क्षेत्रीय विधायक डॉ. हीरालाल अलावा, नगर पालिका अध्यक्ष अजय पाटीदार, पूर्व मंत्री रंजना बघेल, एसडीएम प्रमोद कुमार गुर्जर, सीएमओ संतोष चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार, लालसिंह बर्मन, भागचंद पाटीदार, मोनू पाटीदार, लक्ष्मी जाट, अमित शर्मा, रूपेश नेता, पिंकी वास्केल, मुकेश बालेश्वर सहित समस्त पार्षदगण एवं अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

खरगोन में शस्त्र झुकाकर शहीद पुलिस कर्मियों को दी श्रद्धांजलि



खरगोन। देश की आंतरिक सुरक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर पुलिस कर्मियों की शहादत को पुलिस शहीद स्मृति दिवस पर नमन किया गया। शहर की डीआरपी लाइन में 21 अक्टूबर को भव्य परेड एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। यहां परेड के दौरान पुलिसकर्मियों ने अपने शस्त्र झुकाकर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विधायक बालकृष्ण पाटीदार, डीआईजी कलेक्टर गुरु प्रसाद, सिमाला प्रसाद, एसपी रविंद्र वर्मा सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, एसडीओपी, थाना प्रभारी मौजूद रहे। सलामी के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद स्मृति दिवस के संक्षिप्त विवरण का वाचन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने शहीदों की नामावली का वाचन किया। पाल बैरियर पार्टी द्वारा नामावली को शहीद स्मारक तक ले जाया गया, जहां पुष्प अर्पण कर शहीदों को सलामी दी गई एवं शोक शस्त्र धारण किया गया। परेड मार्च के बाद भावुक क्षण में शहीद जवानों के परिजनों का सम्मान किया गया। इस वर्ष खरगोन जिले के दो वीर सपूतों को विशेष रूप से याद किया गया। इनमें शहीद प्रधान आरक्षक 8 बसंत वर्मा शामिल हैं, जिन्होंने ७ अप्रैल 2016 को भुतड़ी अमावस्या पर नावघाट खेड़ी, बड़वाह में नर्मदा नदी में डूब रहे 10 वर्षीय बालक अंतरिक्ष उपाध्याय को बचाते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी।

30 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया



बड़वानी। विजयादशमी के पावन पर्व पर इस वर्ष भी रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। लगभग 30 फीट ऊंचे रावण का दहन आतीशबाजी के साथ किया गया। इस आयोजन में राम कुमावत, राजा चौहान, सोनू चौहान, संजू चौहान,प्रीतम किशु कुशवाह आदि का रावण बनाने में सराहनीय सहयोग रहा।

मैक्रो विजन एकेडमी में हर्षोल्लास के साथ मनाया विजया दशमी पर्व, ऑर्केस्ट्रा प्रस्तुतियों व रावण दहन ने बांधा समां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर



देश-विदेश में शिक्षा जगत की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान मैक्रो विजन एकेडमी में विजयादशमी का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और उमंग के साथ मनाया गया। एकेडमी के संस्थापक एवं चेयरमैन आनंद प्रकाश चौकसे के कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व में आयोजित इस भव्य उत्सव का साक्षी बना विद्यालय का अनहद आनंद ऑडिटोरियम। कार्यक्रम का विधिवत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

समारोह को संबोधित करते हुए एकेडमी के संस्थापक एवं चेयरमैन आनंद प्रकाश चौकसे ने विद्यार्थियों और उपस्थित जनसमूह को प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने दैनिक जीवन में विजयादशमी की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए कहा, "दशहरा केवल बाहर पुतलों को जलाने का पर्व नहीं है, बल्कि अपने भीतर छिपे क्रोध, ईर्ष्या और अहंकार जैसे विकारों का दहन करने का संकल्प है।" उन्होंने विद्यार्थियों को सत्य, निष्ठा और विनम्रता के मार्ग पर चलते हुए जीवन में उत्कृष्टता हासिल करने का आह्वान किया।

संस्कृति, आधुनिकता और अध्यात्म का अनूठा संगम उत्सव के दौरान देखने को मिला। इस कार्यक्रम में रोनी सर, चिन्मय सर, रंजीत सर और उनकी टीम, ऋषि सर, आकाश सर ने भाग लिया। अहंकार पर आधारित विशेष नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से कलाकारों ने गर्व और विनम्रता के आंतरिक संघर्ष को दर्शाया और संदेश दिया कि सच्ची महानता केवल विनम्रता में ही निहित है।

आर्केस्ट्रा टीम ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। विद्यालय के प्राचार्य जसवीर सिंह परमार ने विजयादशमी के आध्यात्मिक व नैतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को सदा सत्य और अच्छाई के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात उत्सव का मुख्य आकर्षण रावण वध और पुतला दहन रहा। जोश क्लब और डिवाइन विंग के मध्य, विजन विस्ता के सामने स्थित विशाल खेल मैदान में भगवान राम द्वारा रावण वध का प्रतीकात्मक मंचन कर रावण के विशाल पुतले का दहन किया गया। असत्य पर सत्य और अंधकार पर प्रकाश की विजय के जयघोष से समूचा परिसर गूंज उठा।

इस भव्य आयोजन की अध्यक्षता स्वयं संस्थापक एवं चेयरमैन आनंद प्रकाश चौकसे ने की। कार्यक्रम में ऑल इज वेल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर कबीर चौकसे, देवांशी चौकसे, एकेडमिक सचिव मंजूषा चौकसे तथा एकेडमिक डायरेक्टर अंतरा चौकसे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। संपूर्ण प्रबंधन समिति, समस्त शिक्षकगण और बड़ी संख्या में आवासीय विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

मुवाझर माताजी मंदिर पर हुआ भव्य 21 हजार दीपदान

जावरा । श्री मुवाझर माताजी मंदिर पर माताजी मंदिर समिति मुवाला मुवाझर सामाजिक एवं जनकल्याण सेवा समिति द्वारा तीन दिवसीय नवरात्रि महोत्सव में भव्य कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया। पूणार्हुति के बाद भव्य 21 हजार दीपदान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।दीपदान कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के लिए साबूदाने की खिचड़ी वितरण की गई । दीपदान कार्यक्रम में आस पास गांवों के श्रद्धालुओं ने बडी संख्या में मातारानी के दरबार में अपनी मनोकामना पूर्ण होने हेतु दीपदान किया। कार्यक्रम में अतिथि संत मृत्युंजय चैतन्य स्वामी शवना तूफान सिंह यादव उत्सव जेन बालेश्वर पाटीदार पंडित धुंधड़का लक्ष्मीनारायण पाटीदार शिवराम मालवीय आदि ने दीपदान की शुरूवात की साथ ही दशहरे के पावन पर्व पर मंदिर पर पूर्व सैनिकों द्वारा माताजी मंदिर पर भव्य शस्त्र पूजन कार्यक्रम किया गया। समिति सदस्यों ने मातारानी के दरबार में सभी आयोजन को सफल बनाने हेतु श्रद्धालुओं का आभार प्रकट क। समिति अध्यक्ष अर्जुन गहलोत द्वारा बताया गया कि समिति निरंतर मंदिर पर धार्मिक सांस्कृतिक एवं नव निर्माण मंदिर पर निरंतर जारी हैं। दिनेश हरगोड, वंदना सेन ,बलराम हरगोड, सुखदेव पाटीदार, अशोक गेहलोद, बंटी व्यास ,लक्ष्मीनारायण पाटीदार ,अनिल धनगर, उज्जवल घाटिया ,महिपाल सिंह ,सत्यनारायण पाटीदार ,कन्हैयालाल पाटीदार, शिवराम मालवीय ,मंदिर पुजारी रामप्रताप माली आदि श्रद्धालु बडी संख्या में उपस्थित थे ।





पुलिस लाईन में पुलिस स्मृति दिवस कार्यक्रम संपन्न

जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर दी शहीदों को श्रद्धांजलि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर

अपने कर्तव्य का पालन करते हुए शहीद हुए पुलिसकर्मियों के सम्मान में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर रेणुका पुलिस लाइन में कार्यक्रम आयोजित रहा। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाज के सजग प्रहरी और सुरक्षा कवच पुलिसकर्मी जो अपने कर्तव्य का पालन करते हुए शहीद हुए, उन्हें सम्मान देते हुए पुलिस फोर्स द्वारा सलामी दी गई।

कार्यक्रम में विधायक अर्चना चिटनिस, अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे, नगर पुलिस अधीक्षक विनोद सिंह कुशवाह सहित समस्त थानों के प्रभारीगण, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थितजनों द्वारा पुलिस शहीदों के बलिदान के प्रतीक शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र एवं पुष्पमालाएं अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा पिछले एक वर्ष के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों के नामों का वाचन किया गया।

पुलिस लाइन पर आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में मंत्री, विधायक, महापौर, अध्यक्ष हुए शामिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा



प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी दशहरे के पावन अवसर पर पुलिस लाइन पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। विद्वान पंडित के मंत्रोच्चार के साथ प्रदेश शासन में मंत्री विजय शाह, विधायक कंचन मुकेश तनवे,महापौर अमृता अमर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे, प्रवक्ता सुनील जैन, जिला कलेक्टर ऋषव गुप्ता,पुलिस अधीक्षक अगम जैन पूजन एवं हवन आरती में शामिल हुए, इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने प्रदेश जिले की सुख समृद्धि शांति एवं खुशहाली की कामना को लेकर हवन में आहुति पेश की। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा शस्त्र पूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को शामिल करने के निर्देश के बाद अब शस्त्र पूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि भी शामिल होते हैं। मंत्री श्री शाह कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने संस्कृति अनुरूप कद्दू की बलि भी दी, इस अवसर पर मंत्री श्री शाह ने कहा कि हमारे नगर प्रदेश एमपी सुरक्षा में पुलिस जवान अपने शस्त्रों के साथ कार्य करते हैं, तेरे के अवसर पर सभी शस्त्रों का पूजन किया जाता है, यही प्रार्थना करते हैं कि इन शस्त्रों की आवश्यकता कभी नहीं पड़े और शांति सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा एक अच्छा निर्णय लिया गया जिसके माध्यम से शस्त्र पूजन कार्यक्रम में अब जनप्रतिनिधि भी शामिल होते हैं, मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद पूरे प्रदेश जिले वासियों को दशहरे की बधाई एवं शुभकामनाएं, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेडे, महापौर अमृता यादव, विधायक कंचन तनवे कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सभी को दशहरे की शुभकामना प्रेषित की। शस्त्र पूजन कार्यक्रम में अतिथियों के साथ ही जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे, कार्यक्रम में अतिथियों के साथ एडीएम श्रद्धा शुक्ला वर्मा, जिला पंचायत सीईओ ऐश्वर्य वर्मा सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर, एएसपी आदित्य सिंघारिया, गजेंद्र सिंह, डीएसपी दुर्गेश माक्रो, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव बारंगे, थाना प्रभारी प्रवीण आर्य उपस्थित थे।

मैंटेनेंस के कारण विद्युत बंद रहेगी

बड़वानी । मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड बड़वानी के कनिष्ठ यंत्री (शहर) से प्राप्त जानकारी अनुसार 22 अक्टूबर बुधवार को प्रातः 8.30 से 10 बजे तक 33/11 केव्ही ग्रीड पर पावर फीडर पर मैंटेनेंस का कार्य किया जायेगा।जिस कारण से अम्बेडकर, पानवाड़ी मोहल्ला, पाला बाजार, पानी टंकी, पाटी रोड़, झण्डा चौक, नगर पालिका, अंजड़ नाका, सेगांव, हनुमान मंदिर, साईनाथ कालोनी, कर्मचारी कालोनी, मधुबन कालोनी, हाउसिंग बोर्ड, बंधान रोड़, डीआरपी लाईन, सुदामा नगर, दसहरा मैदान, सतपुड़ा कालोनी, कारंजा चौक, सुभाष मार्ग, रानीपुरा, रंजीत चौक, कारगिल चौक, चंचल चौराहा, चांदसा मोहल्ला, गुरवा मोहल्ला, स्नेह नगर व आसपास के क्षेत्र में विद्युत बंद रहेगी। निर्धारित समय सीमा घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

डीआरपी लाइन में पारंपरिक आस्था के साथ मनाया गया विजयादशमी पर्व

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

विजयादशमी पर्व के पावन अवसर पर रक्षित केंद्र (डीआरपी लाइन), बड़वानी में पारंपरिक आस्था, हर्षोल्लास और गरिमा के साथ शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरी विधि-विधान से अस्त्र-शस्त्रों और शासकीय वाहनों का पूजन संपन्न कराया गया। इस गरिमामयी आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी चौहान, कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह तथा पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल उपस्थित रहे। पूजन के दौरान वैदिक रीति-रिवाजों और मंत्रोच्चार के बीच शस्त्रों को सजाया गया तथा उन्हें धूप-दीप अर्पित कर आरती उतारी गई। इस अवसर पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा हर्ष फायर भी किए गए। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने समस्त जिलेवासियों को विजयादशमी की मंगलकामनाएं देते हुए पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। विजयादशमी पर्व पर आयोजित इस शस्त्र पूजन समारोह ने उपस्थित जनों को सांस्कृतिक गौरव का अनुभव कराने के साथ-साथ अपने कर्तव्य के प्रति पूर्ण समर्पण का संदेश भी दिया। इसी क्रम में जिले के समस्त थानों एवं पुलिस चौकियों में भी परंपरानुसार विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया गया। जिला मुख्यालय सहित थाना एवं चौकी स्तर पर आयोजित इन कार्यक्रमों में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, तहसीलदार बड़वानी श्री राहुल सोलंकी, एसडीओपी, थाना प्रभारी, उपस्थित थे।

61 फीट का रावण धू-धू कर जला, जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा सनावद

सनावद। विजयादशमी पर कृषि उपज मंडी प्रांगण में ६१ फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। प्रभु श्रीराम के तीर लगते ही रावण धू-धू कर जल उठा और पूरा परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। रंगारंग आतिशबाजी और राम-लक्ष्मण की मनमोहक झांकी ने आयोजन को आकर्षक बना दिया। नगर पालिका के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु श्रीराम की आरती के साथ हुआ। इसके बाद रावण दहन किया गया। असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक इस पर्व पर नागरिकों ने एक-दूसरे को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र मिश्रा और अध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिरला ने परिषद सदस्यों के साथ आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीएमओ मिश्रा ने कहा कि विजयादशमी बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती है। नगर पालिका ने आयोजन को भव्य बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की थीं। वहीं,इंदर बिरला ने कहा कि 61 फीट के रावण का दहन अहंकार के अंत का प्रतीक है। सनावद की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं नगर की पहचान हैं। उन्होंने नागरिकों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में तहसीलदार, थाना प्रभारी, जनप्रतिनिधि, नगर पालिका परिषद के सदस्य, पुलिस प्रशासन और नगर सुरक्षा समिति के सदस्य मौजूद रहे। पुलिस एवं नगर सुरक्षा समिति की व्यवस्था के बीच आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ



40 से अधिक स्थानों पर विराजीं मां दुर्गा, हवन-पूणार्हुति के साथ नवरात्रि पर्व संपन्न

सनावद। नगर में शारदीय नवरात्रि पर्व का समापन सोमवार को महानवमी पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। सुबह से ही दुर्गा पंडालों और मंदिरों में हवन-यज्ञ, पूणार्हुति एवं कन्या पूजन के आयोजन शुरू हो गए। कहीं कन्या भोज हुआ तो कहीं विशाल भंडारे आयोजित किए गए। नगर में ४० से अधिक स्थानों पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के समक्ष नौ दिनों तक चले गरबा, आरती और धार्मिक आयोजनों का समापन भक्तिमय माहौल में हुआ। महानवमी पर माता मंदिर भोगांवा रोड, सिंचाई विभाग कॉलोनी, बाहेती कॉलोनी, पंडित कॉलोनी, सोलंकी कॉलोनी, चांदनीपुरा, तोड़ीपुरा और बाहेती धर्मशाला सहित विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। आयोजन समितियों ने भंडारे से पहले कन्याओं का पूजन कर उन्हें उपहार भेंट किए। दिनभर श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। शाम तक कई स्थानों पर प्रसादी वितरण चलता रहा। घरों में भी परिवारों ने कन्याओं को भोजन कराकर उपहार और श्रृंगार सामग्री भेंट की तथा उनका आशीर्वाद लिया। विभिन्न कॉलोनियों में नवरात्रि के दौरान गरबा खेलने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। काशी विहार कॉलोनी में आरती के बाद अन्नकूट प्रसादी का वितरण हुआ।

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 27 अक्टूबर को बड़वानी। जिला पंचायत बड़वानी अध्यक्ष श्री बलवंतसिंह पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की जाने वाली जिला पंचायत सामान्य सभा बैठक 22 अक्टूबर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर आगामी बैठक 27 अक्टूबर को दोपहर 2.30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जावेगी।

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल

ई-नीलामी सूचना

• **क्र. सं.:** 1 • **नीलामी कैटलॉग सं.:** PnU-DADN-RR-26 • **अनुबंध का प्रकार:** भुगतान करें और उपयोग करें • **लॉट नं.:** PnU-RTM-DADN-WRL-56-26-1 (पे एंड यूज – लाउंज / प्रतीक्षालय / रिटायरिंग रूम / क्लोक रूम) • **अनुबंध की अवधि:** 05 वर्ष • **ई-नीलामी की तिथि:** 03.11.2026 • **समय:** सुबह 11:00 बजे प्रारंभिक कूलिंग-ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट बंद होने का अंतराल 10 मिनट है। लॉट के अनुसार समापन समय **IREPS** के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर देखा जा सकता है।

CRY/303

Like us on: facebook.com/WesternRly

पश्चिमी रेलवे

सामग्री प्रबंधन विभाग

विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्रमांक S/63/2026 दिनांक 16.10.2026

एस.एन.	टेंडर नं.	संक्षिप्त वर्णन	मात्रा	टी.ओ.डी.
503	23263803	CASNUB 22HS बोगी के लिए CC पॉलीयूरेथेन साइड बियरर पैड का ऊपरी आवरण	18235 संख्या	23-नवंबर-26
504	22262313	हीटलेस ट्विन टावर एयर ड्रायर	47 हम	13-नवंबर-26
505	22265046	V/9/0001A ब्रेक गियर अरेंजमेंट	12 सेट	13-नवंबर-26

ईएमडी, खरीद संबंधी प्रतिबंधों और निविदा की विस्तृत शर्तों के बारे में विस्तृत सूचना के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।

0723

हमें पसंद कीजिए: facebook.com/WesternRly • पर हमें का पालन करें twitter.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल

ई-नीलामी सूचना

कैटलॉग सं.: Leasing-RTM-08 **अनुबंध का प्रकार:** एसएलआर कंपार्टमेंट की लीज **लॉट नं.:** **(1)** TRAIN 19339-SLR-F1-DHD-BPL **(2)** TRAIN 22944-SLR-F1-INDB-DD **(3)** TRAIN 20932-SLR-R1-INDB-TVCN **(4)** TRAIN 19337-SLR-F1-INDB-DEE **(5)** TRAIN 22944-SLR-R1-INDB-DD **(6)** TRAIN 21125-SLR-R1-RTM-BIX **(7)** TRAIN 11125-SLR-R1-RTM-GWL **(8)** TRAIN 20917-SLR-R1-INDB-PURI **(9)** TRAIN 19337-SLR-R1-INDB-DEE **(10)** TRAIN 19325-SLR-R1-INDB-ASR **(11)** TRAIN 12962-SLR-F1-INDB-MMCT • **अनुबंध की अवधि:** 03 वर्ष • **ई-नीलामी की तिथि और समय:** सभी लॉट के लिए ई-नीलामी दिनांक **03.11.2026** को सुबह **10:00** बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कूलिंग-ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट बंद होने का अंतराल 10 मिनट है। लॉट के अनुसार समापन समय **IREPS** के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर देखा जा सकता है।

CRY/304

Like us on: facebook.com/WesternRly

बड़वानी में भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ मनाया पुलिस स्मृति दिवस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी



राष्ट्र और समाज की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले वीर पुलिसकर्मियों की स्मृति में आज दिनांक 21 अक्टूबर 2026 को बड़वानी स्थित रक्षित केंद्र/पुलिस लाइन में *"पुलिस स्मृति दिवस"* का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित शहीद परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर वीरगति को प्राप्त हुए अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पुलिस स्मृति दिवस का ऐतिहासिक महत्व

कार्यक्रम के दौरान जानकारी दी गई कि वर्ष 1959 में 21 अक्टूबर के ही दिन भारतीय पुलिस की एक टुकड़ी (जिसमें 10 अधिकारियों व जवानों की टीम शामिल थी) लद्दाख क्षेत्र के दुर्गम 'हॉट-स्प्रिंग' इलाके में गश्त कर रही थी। इस दौरान चीनी सेना द्वारा किए गए अचानक हमले का जवानों ने विषम परिस्थितियों और संसाधनों की कमी के बावजूद अदम्य साहस से मुकाबला किया। इस भीषण संघर्ष में मातृभूमि की रक्षा करते हुए 10 वीर जवान शहीद हो गए थे। उन्हीं अमर शहीदों की स्मृति और सम्मान में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को देशभर में "पुलिस स्मृति दिवस" मनाया जाता है।

शहीदों के नामों का वाचन, श्रद्धांजलि एवं परिजनों का सम्मान कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा विगत एक वर्ष (1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक) के दौरान देश भर में कर्तव्य पालन करते हुए शहीद हुए कुल 154 अधिकारियों एवं कर्मचारियों (जिसमें मध्य प्रदेश के 9 अधिकारी/कर्मचारी शामिल हैं) के नामों का ससम्मान वाचन किया गया।

तत्पश्चात शहीद स्मारक पर पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल एवं कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों को नमन किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों तथा जवानों ने भी दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके शोकसंतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की।

इस भावुक और गरिमामय अवसर पर शहीदों के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर ससम्मान सम्मानित किया गया तथा उनके त्याग व बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

इस अवसर पर बड़वानी जिले के अनेक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं पुलिस बल के सदस्य उपस्थित रहे।

न्यूज -कॉलम

कैमरों से 24 घंटे में मोबाइल चोरी का खुलासा

उज्जैन। जीआरपी की टीम ने प्लेटफार्म नम्बर 4 पर हुई मोबाइल चोरी की वारदात का 24 घंटे में खुलासा कर दिया। जीआरपी टीआई सुनील गुप्ता ने बताया कि 19 अक्टूबर को सोपाल परिहार निवासी शिवपुरी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका मोबाइल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। मामले में धारा 303(2) का प्रकरण दर्ज कर कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसके आधार पर मिले सुराग के बाद मुखबीर तंत्र को अलर्ट किया गया और 24 घंटे में स्टेशन के आउटर पर घेराबंदी कर रूपकुमार पिता रामप्रसाद रजक 40 वर्ष निवासी ग्राम नवलपुर सागर को पक?ा गया। जिसके पास से चोरी किया गया मोबाइल बरामद कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में कई प्रकरण दर्ज है। उसे बुधवार को न्यायाल में पेश कर जेल भेजा गया है। टीआई के अनुसार मोबाइल चोर को गिरफ्तार करने में प्रधान आरक्षक राजेश वर्मा, आरक्षक होमेंद्र शर्मा, रवि बघेल, नवदीप, महिला आरक्षक नेहा शर्मा का सहयोग रहा।

जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक की हुई मौत

उज्जैन। तराना तहसील के मालीखेडा के रहने वाले दिलीप पिता रामचंद्र लाठी 41 साल ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन उसे उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे। निजी अस्पताल में बुधवार सुबह दिलीप की मौत हो गई। सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। आशंका जताई गई कि आर्थिक परेशानी के चलते दिलीप ने आत्मघाती कदम उठाया है। माधवनगर थाना पुलिस के अनुसार जांच के लिये डायरी तराना पुलिस को सौंपी जायेगी।

दुकान में भरा मिला पटाखों का जखीरा जब्त

उज्जैन। बड़नगर थाना पुलिस ने घी गली हुसैनी बेग की दुकान पर देर शाम दबिश देकर वहां रखा पटाखों का जखीरा बरामद किया। एसआई सुनील परमार ने बताया कि दुकान संचालक अकबर बोहरा द्वारा रिहाईशी इलाके में बिना दस्तावेजों के लापरवाही पूर्वक पटाखे भरकर रखे थे। मामूली लापरवाही से बडा हादसा हो सकता था। सूचना मिलने पर पटाखों का जखीरा जप्त कर दुकान संचालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 288 प्रकरण दर्ज किया गया है। विदित हो कि 20 दिन बाद दीपावली का पर्व मनाया जाना है। जिसको लेकर पुलिस अभी से मुस्तैद हो गई है। रिहाईशी इलाकों में पटाखों के अवैध कारोबार पर प्रतिबंध है। बावजूद बिना लायसेंस कई दुकानदारों द्वारा पटाखों का कारोबार किया जाता है। ऐसे दुकानदारों के खिलाफ पुलिस सख्त एक्शन लेने की तैयारी कर चुकी है, ताकि जनहानि का टाला जा सके।

आटो चालक पर अज्ञात ने किया चाकू से हमला

उज्जैन। नृसिंहघाट गंगा गार्डन के सामने बीती शाम आटो चालक अजय पिता दिनेश बैरागी 32 साल निवासी नृसिंहघाट कालोनी पर अज्ञात व्यक्ति ने चाकू से हमला कर दिया। घायल चालक खून से लथपथ चेहरा लेकर महाकाल थाने पहुंचा। पुलिस ने उसे मेडिकल परीक्षण के लिये अस्पताल पहुंचाया और बयान दर्ज कर अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। घायल आटो चालक का कहना था कि उसने सवारी उतारी थी और वापस जाने के लिये आटो का पलटा रहा था, उसी दौरान हमला हुआ। वह हमलावर का नहीं पहचानता है। पुलिस के अनुसार आसपास के लोगों और कैमरों की मदद से हमला करने वाले की तलाश शुरू की गई है।

कार खड़ी करने पर विवाद कर फोड़ा कांच

उज्जैन। पदमावती एम्पायर नाकोडाधाम के पास देवासरोड पर रहने वाले निहाल पिता पवन सोलंकी कार से ग्राम चंदेसरी नयापुरा पहुंचा था। जहां उसने एक घर के सामने कार खडी की। तभी दीपक सोलंकी ने कार खडी करने का विरोध किया और निहाल के साथ गाली-गलौच करते हुये मारपीट शुरू कर दी। यहीं नहीं उसने ईंट से कार का पिछला कांच भी फोड दिया। नागझिरी थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

भीड में टक्का लगने पर 2 युवकों के बीच विवाद

उज्जैन। गोंदा की चौकी काजीवाडा में रहने वाला नयन पिता निलेश राव सतीगेट के पास से पैदल गुजर रहा था। भीड के बीच संदीप लश्करी से टकरा गया। टक्का लगने पर संदीप ने विवाद किया और गाली-गलौच करते हुये नयन के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

दिन	135-9	140-5
मेन बाजार	245-1	467-7
कल्याण नाइट	145-0	579-1
मिलन डे	669-1	660-2
मिलन नाइट	347-4	378-8
मधुर डे	660-2	799-5
मधुर नाइट	789-4	145-0
शुभांक	6 9	2

पुलिस लाइन में शहीद पुलिसकर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि.....

स्मृति दिवस पर कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा को नमन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कर्तव्य का पालन करते हुये अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले पुलिसकर्मियों की याद में बुधवार को शहीद स्मृति दिवस मनाया गया। पुलिस लाइन पर परेड का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गई। शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों से भेंट कर उनके अदम्य साहस को याद किया गया।

प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। इस दौरान पुलिस विभाग में कर्तव्य का पालन करते हुये अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले पुलिसकर्मियों को नमन किया जाता है और श्रद्धाजलि परेड़ आयोजित कर सलामी दी जाती है। पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर बुधवार सुबह कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिरिक्त संभागायुक्त आशीष सिंह, एडीजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर



रोशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा के साथ राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ जी, म. प्र.हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन जी, सिंहस्थ मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल और भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल उपस्थित हुये। इस दौरान शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया गया और सलामी दी गई।

परेड के बाद एडीजी और एसपी ने शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों से मुलाकात करते हुये कुशलक्षेम जाना गया तथा उनके प्रति सम्मान, संवेदना एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई। एसपी शर्मा ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस हमें उन वीर पुलिसकर्मियों के त्याग, साहस और कर्तव्य के प्रति अटूट निष्ठा का स्मरण कराता है, जिन्होंने देश, समाज की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर निष्ठा, समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा। देश में पिछले वर्ष 154 पुलिसकर्मी शहीद हुये थे। जिसमें मध्यप्रदेश के 9 और उज्जैन के 3 पुलिसकर्मी शामिल थे। विदित हो कि उज्जैन के शहीद पुलिसकर्मियों में उन्हेल थाना प्रभारी अशोक शर्मा, एसआई मदनलाल निनामा और महिला आरक्षक आरती पाल शामिल थे। तीनों 14 साल की लापता बालिका की तलाश में निकले थे और क्षिप्रा नदी के बड़े पुल पर हादसे का शिकार हो गये थे। उनकी कार नदी में गिरी थी।

हॉट स्प्रिंग्स में शहीद हुये थे 10 जवान

21 अक्टूबर 1959 के लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में देश की सीमा की रक्षा करते हुये चीनी सैनिकों के हमले में सीआरपीएफ के 10 जवानों ने अपने प्राणों की आहूति दे दी थी। उन्ही की याद में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पूरे देश में शहीद स्मृति दिवस मनाया जाता है। इस दौरान पुलिस विभाग में कर्तव्य के दौरान अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले पुलिसकर्मियों को भी याद कर श्रद्धांजलि दी जाती है।

भारतीय रेल के 'जीरो स्क्रैप अभियान' के तहत रतलाम मंडल की प्रभावी पहल.....

26.96 करोड़ का 5 हजार मेट्रिक टन स्क्रैप बेचा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल द्वारा भारतीय रेल के 'जीरो स्क्रैप अभियान' के अंतर्गत अनुपयोगी एवं कंडम सामग्री के समयबद्ध निस्तारण की दिशा में प्रभावी प्रयास करते हुए पिछले इसी क्रम में मंडल ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में 15 अक्टूबर तक लगभग 5,000 मीट्रिक टन स्क्रैप का विक्रय कर 26.96 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है।

रतलाम मण्डल के वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक अमीर यादव के निर्देशन में किए जा रहे इन प्रयासों का उद्देश्य अनुपयोगी एवं कंडम सामग्री का व्यवस्थित और समयबद्ध निस्तारण कर रेलवे की



परिसंपत्तियों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करना है। 'जीरो स्क्रैप अभियान' के माध्यम से रेलवे परिसरों को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं स्क्रैप मुक्त बनाने के साथ-साथ संसाधनों के सदुपयोग को भीबढ़ावा दिया जा रहा है। मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, चालू वित्तीय वर्ष में विक्रय किए गए स्क्रैप में रोलिंग स्टॉक से संबंधित अनुपयोगी सामग्री, पाथवे की स्क्रैप सामग्री, लोकोमोटिव केयर सेंटर, रतलाम के कंडम पार्ट्स के अतिरिक्त 02 कंडम इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव (WAG-5), 02 कंडम कोच तथा 01 कंडम टावर वैगन शामिल हैं। रतलाम मंडल ने अभी तक 5000 मीट्रिक टन स्क्रैप के निस्तारण से लगभग 26.96 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है।

सड़क यातायात अस्थाई रूप से रहेगा बंद.....

बेडावन्या-नागदा समपार 23-26 अक्टूबर तक बंद रहेगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के बेड़ावन्या-नागदा रेलखंड के मध्य स्थित समपार क्रमांक 103 (रतलाम फाटक) पर ट्रैक नवीनीकरण कार्य किया जाना है। इस कार्य के दौरान सड़क यातायात की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उक्त समपार को सड़क यातायात के लिए 22 अक्टूबर को आंशिक एवं 23 से 26 अक्टूबर तक पूर्ण बंद रखा जाएगा। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, गुरूवार 22 अक्टूबर 2026 को शाम 16:00 बजे से रात 20:00 बजे तक तथा 23 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2026 तक दिन-रात लगातार उक्त समपार पर सड़क यातायात पूर्णत: बंद रहेगा। इस दौरान वाहन चालक वैकल्पिक मार्ग उज्जैन लाइन स्थित बिरलाग्राम ओवरब्रिज एवं इंगोरिया ब्रिज का उपयोग कर सकेंगे।

शास्त्रीनगर में आतिशबाजी के साथ रावण का दहन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विजयादशमी पर्व के दूसरे दिन शास्त्रीनगर में बुधवार को रावण दहन का आयोजन किया गया। इस बार भी चलित रावण का निर्माण किया गया था। इस दौरान रावण की दहाड भी सुनाई दी।

शास्त्रीनगर में दरबार मित्र मंडली द्वारा दशहरा पर्व के दूसरे दिन रावण दहन की परंपरा को निभाया गया। जयसिंह दरबार और विजय दरबार मित्र मंडली द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में शहर के हजारों लोग शास्त्रीनगर पहुंचे। यहां रावण के पुतले का चलित रूप दिया गया था। कभी रावण की 10 सिरों वाली गर्दन घूम रही थी तो भी उसका धड शरीर से अलग हो रहा था। उसकी दहाड से पूरा क्षेत्र गूंज रहा था। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की जा रही थी। करीब 2 घंटे तक चले कार्यक्रम के बाद भगवान राम-लक्ष्मण की सवारी शास्त्रीनगर पहुंची और रामजी ने तीर चलाकर रावण का वध (जलाया) किया।



नागदा सीएसपी और विहिप कोषाध्यक्ष के बीच बहस

आधी रात को थाने के बाहर धरना प्रदर्शन

उज्जैन। नागदा में मंगलवार-बुधवार रात दशहरा पर्व की बधाई का मामला थाना घेराव तक पहुंच गया। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और धरना दे दिया। इस दौरान सीएसपी और विहिप कोषाध्यक्ष के बीच बहस हुई।

बताया जा रहा है कि दशहरा पर्व की बधाई देने के दौरान किल्लीपुरा की इंद्र कॉलोनी में मुस्लिम महिला द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। मामला थाने तक पहुंचा और पुलिस ने महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज की। लेकिन इस दौरान नागदा थाना एसआई योगिता उपाध्याय और बजरंग दल नगर संयोजक दिनेश परमार के बीच विवाद हो गया। दिनेश परमार ने महिला एसआई के व्यवहार पर आपत्ति जताई और तबादले की मांग शुरू कर दी।

मामले की खबर लगते ही हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने नागदा थाने का घेराव कर दिया और नारेबाजी शुरू की धरना प्रदर्शन करने लगे। रात 1 बजे शुरू हुए घटनाक्रम की खबर मिलने पर सीएसपी विक्रम अहिवार मामला शांत कराने पहुंचे तो विहिप जिला कोषाध्यक्ष रमेश प्रजापत की सीएसपी से बहस शुरू हो गई। सीएसपी ने लिखित शिकायत देने को कहा और जांच की बात कहीं। लेकिन दोनों के बीच बहस तीखी हो गई। रात 2 बजे तक थाने के बाहर नारेबाजी होती रही। बाद में एसआई के खिलाफ जांच और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई का आश्वासन देने पर धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ।

फिर दुर्घटना में गई बाइक सवार युवक की जान

उज्जैन। सडक दुर्घटना के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे है। एक बार फिर मंगलवार-बुधवार रात बाइक सवार युवक की जान चली गई। उसका साथी गंभीर घायल हुआ है।

मायापुरी देवासगेट क्षेत्र में रहने वाला अशीष पिता फूलसिंह बौरासी 32 साल दोस्त लखन पिता देवीसिंह पाटीदार 26 साल निवासी मक्सी हाल मुकाम बहादूरगंज के साथ बाइक से मोहनपुरा होते हुये लौट रहा था। रेलवे क्रॉसिंग ब्रिज पर पीछे से आये अज्ञात डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। आशीष पीछे बाइक पर बैठा था जो डंपर की चपेट में आ गया और लखन बाइक का संतुलन बिगड़ने पर गिरने के बाद गंभीर घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही महाकाल थाना पुलिस की डायल 112 मौके पर पहुंच गई थी। दोनों को अस्पताल लाया गया, लेकिन आशीष की मौत हो चुकी थी। महाकाल थाना पुलिस ने मामले में घायल लखन के बयान दर्ज कर अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। लखन को गंभीर चोंट लगी थी, परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर गये है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच शुरू की गई है। मृतक और घायल के परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें उसके बाद ही दोनों के आने-जाने के संबंध में जानकारी सामने आ पायेगी। विदित हो कि अक्टूबर माह की शुरूआत होने के बाद से शहर और आसपास के मार्गो पर प्रतिदिन स?क दुर्घटना के मामले सामने आ रहे है। हर दिन मौत की खबर भी सामने आ रही है।

नाबालिग के साथ होटल में मिला मुस्लिम युवक

उज्जैन। हिन्दूवादी संगठन ने मंगलवार-बुधवार रात खबर मिलने पर होटल में दबिश दी और नाबालिग के साथ मुस्लिम युवक को पकडा। दोनों को पुलिस के सुपुर्द किया गया। नाबालिग को परिजनों को सौंपा गया, युवक से पूछताछ की जा रही है।

देवासगेट थाना क्षेत्र के दूधतलाई में होटल जय जगदीश में देर रात नाबालिग के साथ मुस्लिम युवक के ठहरने का पता चलते ही हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ता पहुंच गये। होटल के कमरा नम्बर 303 में युवक और नाबालिग मिले। पूछताछ करने पर युवक अपना नाम सही नहीं बता रहा था। उसका आधार कार्ड देखने पर नाम मोईन निवासी शाजापुर सामने आया। होटल में हंगामे की खबर पर पुलिस पहुंची और युवक के साथ नाबालिग को थाने लाया गया। रात में ही पुलिस ने नाबालिग के परिजनों को बुलाया और उनके सुपुर्द कर दिया। युवक से पूछताछ की जा रही है। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी अर्जुन सिंह भदौरिया के मुताबिक युवक ने शुरूआत में अपनी सही पहचान नहीं बताई थी। पूछताछ में पता चला कि वह पहले से शादीशुदा है, मोबाइल में अन्य लडकियों के संपर्क भी मिले हैं। देवासगेट टीआई नरेन्द्रसिंह परिहार का कहना था कि मामला जांच में है। युवक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

देवास पुलिस की हिरासत में उज्जैन का बदमाश

उज्जैन। देवास पुलिस ने उज्जैन के बदमाश को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर चुराई गई बाइक और सोयाबीन की बोरी जप्त की गई है।

19 अक्टूबर को ग्राम बरखेडी थाना बरोठा देवास के रहने वाले जीवन सूर्यवंशी ने शिकायत दर्ज कराई थी रात में उसके घर से एक सोयाबीन की बोरी और बाइक चोरी हो गई है। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से बदमाश का सुराग लगाना शुरू किया। इस बीच दोबारा से उक्त बदमाश सोयाबीन चोरी करने के मकसद से बरखेडी पहुंचा। इस बीच ग्रामीणों ने उसे पक? लिया। सूचना मिलते ही पुलिस की डायल 112 ग्राम बरखे?ी पहुंची और बदमाश को हिरासत में लिया। जिसे थाने लाकर पूछताछ की गई तो वह उज्जैन भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खरेट का रहने वाला नारायण पिता बदर उर्फ बहादूरसिंह सौंधिया 23 साल होना सामने आया। थाना प्रभारी सवितासिंह जाटवा ने उसके द्वारा चुराई गई सोयाबीन की बोरी और बाइक बरामद करने के लिये टीम गठित की। बदमाश की निशानदेही पर दोनों बरामद कर ली गई। देवास पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भैरवगढ़ थाने में प्रकरण दर्ज होना सामने आये है। फिलहाल उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

कृष्णमृगों को बोमा पद्धति से पकड़ने का अभियान जारी.....

गावड़ी में 47, अब तक 710 रेस्क्यू, 31 तक चलेगा अभियान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मालवा अंचल के शाजापुर-शुजालपुर क्षेत्र में लगातार दुसरे वर्ष बोमा पद्धति से कृष्णमृग (ब्लैकबक) कैप्चर एवं स्थानांतरण अभियान का द्वितीय चरण जारी है। बुधवार को अभियान के 11वें दिन गुलाना तहसील के ग्राम गावड़ी में 47 कृष्णमृगों का रेस्क्यू किया गया। इसके साथ ही अभियान के द्वितीय चरण में अब तक कुल 710 कृष्णमृगों का रेस्क्यू किया जा चुका है। अभियान 31 अक्टूबर तक रहेगा और इसमें 2 हजार रेस्क्यू का लक्ष्य है।

शाजापुर जिले में पिछले वर्ष भी अभियान चलाया गया था। उस दौरान कुल 846 कृष्णमृगों के साथ 67 नीलगायों को पकडा गया था। कुल 21 दिन के अभियान में तकनीकी कारणों से कम दिन



अभियान चल सका था। इसी से उत्साहित होकर वन विभाग ने इस वर्ष भी अभियान चलाया है। इसमें पिछले 11 दिनों में रेस्क्यू का आंकडा 710 पर पहुंच गया है। अभी अभियान को 10 दिन शेष हैं।

फसलों की क्षति को रोकना-

अभियान का मुख्य उद्देश्य मानवङ्कवन्यप्राणी द्वंद्व एवं फसलों को होने वाली क्षति को कम करना, प्रभावित ग्रामीण समुदायों को राहत प्रदान करना तथा कृष्णमृगों को सुरक्षित तरीके से उपयुक्त वन्य आवास में स्थानांतरित करना है। अभियान के द्वितीय चरण में कुल 2,000 कृष्णमृगों के स्थानांतरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

दक्षिण अफ्रीका की टीम -

अभियान में दक्षिण अफ्रीकी विशेषज्ञ संस्था कंजर्वेशन सॉल्यूशंस का तकनीकी सहयोग प्राप्त हो रहा है। पशु चिकित्सकों, वन अधिकारियों एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रशिक्षित मैदानी कर्मचारियों की टीम निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार वन्यजीवों के सुरक्षित रेस्क्यू, हैंडलिंग एवं परिवहन का कार्य कर रही है। अभियान के दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा एवं कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

गावडी में आज भी रहेगा अभियान-ग्राम गावड़ी क्षेत्र में अभियान गुरूवार सुबह भी जारी रहेगा। बुधवार को रेस्क्यू किए गए कृष्णमृगों को राष्ट्रीय पार्क कूनो वन्यजीवों के विशेष रूप से बने ट्रकों में भर कर भेजा गया है।

इन सभी को वहां के खुले जंगल में छोडा जाएगा।

मादक पदार्थ मामले में आरोपी के साथियों की तलाश

उज्जैन। कार में सवार आगर के युवक से 21 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद होने के बाद उसे रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मादक पदार्थ से जुडे उसके साथियों की तलाश कर रही है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने सर्कल भ्रमण के दौरान गरोठ-उज्जैन हाईवे सर्विस रोड पर जेसीबी भोपाल मोटर्स के सामने कार सवार युवक सुरेश पिता कालूसिंह 28 वर्ष निवासी ग्राम नारेला थाना बडोद आगर को हिरासत में लिया था। जिसके पास से 1 लाख कीमत की 21 ग्राम ड्रग्स बरामद हुई थी। पुलिस ने कार जप्त कर एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया। मंगलवार को गिरफ्त में आये युवक को न्यायालय में पेश किया और पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया। टीआई अशोक पाटीदार ने बताया कि आरोपी युवक उज्जैन में किसी को ड्रग्स सप्लाय करने आ रहा था। रिमांड अवधि में उससे मादक पदार्थ मामले से जुडे साथियों की जानकारी प्राप्त की जा रही है। उसे एक टीम आगर लेकर जायेगी। जहां से ड्रग्स प्राप्त करने के स्त्रोत और तस्करों का पता लगाकर गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेगे। शुक्रवार को रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश किया जायेगा।

रावण क्यों हार गया



जीवन में विकास के लिए तप अच्छा साधन है। धर्म के चार स्वरूपों का वर्णन है - सत्य, तप, यज्ञ, दान। ये चार स्तंभ हैं धर्म के। तप करना अच्छी बात है, यज्ञ करना बहुत अच्छी बात है, दान देना और सत्य बोलना भी जरूरी है। रावण आदि भी तप करते हैं, पर उनका लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति नहीं है, ब्रह्म या सत्य या संतत्व की प्राप्ति नहीं है, उनका उद्देश्य केवल धन, भोग और बल है। रावण का तो तप स्वर्ण की लंका के लिए है और वह चाहता है- संसार में जितनी सुंदर स्त्रियां हैं, सब उसकी पत्नियां हो जाएं, उसे संसार के सभी उत्कृष्ट साधन मिल जाएं, पुष्पक विमान मिल जाए, संसार में जो कहीं भी उत्कर्ष से जुड़ा है, वह उसके अधीन हो जाए।

रावण ने जिसके लिए तप किया, उसे वही मिला। जिस भावना से आपने जो काम किया, आपको वही फल मिलता है। किसी ने विद्या के लिए तप किया, तो विद्या मिलेगी। किसी ने तप किया कि खूब मान मिले, तो मान मिलेगा। किसे ने तप किया कि खूब धन मिले, तो धन मिलेगा। जीवन की सार्थकता के लिए तप किया है, तो सार्थकता मिलेगी। कामना के अनुसार ही फल मिलता है। रावण ने मांगा, हमें लंका चाहिए, लंका मिल गई। तमाम पत्नियां मिल गईं। यह तप का तुच्छ स्वरूप है। ब्राह्मण वंश में जन्म लेकर भी रावण केवल भोग और अर्थ के लिए जीवन जीने लगा। कुंभकर्ण को छह महीने भोग के लिए और छह महीने सोने के लिए मिल गए। सोना भी भोग का स्वरूप है, सोया हुआ है, कोई उत्पादन नहीं, किसी तरह का विकास नहीं। इसी तरह से ब्राह्मण वंश में जन्म होने पर भी संयम-नियम की प्राप्ति नहीं। आज लोग क्या करते हैं? आनंद लेते हैं, विकृत संसाधन को अपनाते हैं। रावण के अभिभावकों को रोकना चाहिए था कि अभी तुम्हारा ज्ञान पका नहीं है, उसे परिपक्व करो। यह ठीक नहीं है कि संसार के सभी साधन और सुंदरता तुम्हें ही मिल जाएं। कोई बताने वाला नहीं था, इसलिए रावण का जीवन भोग को समर्पित हो गया। यही सब आज संसार में हो रहा है। लोग चाहते हैं, केवल हमारा सम्मान हो, हमें सब साधन मिलें, सब धन मिले, संपूर्ण समाज हमारे आगे-पीछे रहे। शास्त्र का अध्ययन न होने से और पिछले जन्म के पापों के कारण श्रेष्ठजन के कहने के बाद भी अच्छी बातें ध्यान में नहीं आती हैं। आदमी जब अत्यधिक पापी हो जाता है, तो वह अपने बड़ों की बात नहीं सुनता है। अपने गुरु, पिता, माता, भाइयों की बात नहीं सुनता है और वैसे ही उसका जीवन व्यर्थ पूरा हो जाता है। पापों के कारण और प्रशिक्षण की कमी के कारण आदमी गलत मार्ग पर चल पड़ता है, जैसे रावण चल पड़ा था। हमें जहां नहीं जाना है, वहां पहुंचने से बचना है। विनाश से बचकर अपना सही विकास करना है।

सम्पादकीय

सत्य की जय हो


दशहरा सत्य की जीत का पावन और प्राचीन महापर्व है। तैत्तिरीय उपनिषद् में कहा गया, सत्यं वद, धर्मं चर - अर्थात सत्य बोलो और धर्म के मार्ग पर चलो। संसार में ऐसा कोई संविधान या मजहब नहीं है, जो असत्य की जीत की कामना करता हो। संसार में झूठे से झूठे इंसान को भी सत्य की जरूरत रहती है। सत्य के बिना यह संसार नहीं चल सकता, पर ध्यान दीजिए, असंख्य लोग हैं, जो असत्य से ही संसार को चलाना चाहते हैं। यह कोशिश या साजिश महाबलि रावण ने भी की थी, लेकिन वह राम के अकाट्य सत्य के सामने टिक न पाया। आज दशहरे के मूल संदेश- सत्यं वद को पूरी दुनिया स्वीकारती है। सत्य मानव सभ्यता का आधार है, इसी आधार पर मानवीयता खड़ी होती है और सच्चा समेकित या समावेशी विकास संभव होता है।

एक बार सोचकर देखिए, सत्यं वद, धर्मं चर के जयघोष के बावजूद संसार का क्या हाल है? कितने लोग सत्य के दीपक थामे हुए हैं? भारत की ही बात करें, तो यहां 60 प्रतिशत से ज्यादा लोगों के पास सोशल मीडिया की पहुंच है और सोशल मीडिया पर कम से कम 37 प्रतिशत सूचनाएं झूठी पाई जाती हैं। एमआईटी के एक अध्ययन से पता चलता है कि जहां सत्य शायद ही कभी 1,000 से अधिक लोगों तक पहुंच पाता है, वहीं झूठी खबरें बहुत आसानी से एक लाख लोगों तक पहुंच जाती हैं। किसी असत्य का वायरल हो जाना आज के युग में एक सबसे बड़ी समस्या है। चूंकि असत्य ज्यादा तेजी से फैलता है, इसलिए असत्य फैलाने का कारोबार विकसित हो रहा है। यह समाज और सभ्यता के लिए अशुभ ही नहीं, भयावह है। ऐसा नहीं है कि लगभग 80 प्रतिशत साक्षर भारत में ही ह्यफेक न्यूजह्न की अश्लीलता फैली हुई है, लगभग 100 प्रतिशत साक्षर अमेरिका भी ऐसी ही अश्लीलता का अंबार है। अमेरिका में झूठी रिपोर्टिंग की अधिकता के चलते करीब दो-तिहाई वयस्क जनसंचार माध्यमों पर बहुत कम या बिल्कुल भरोसा नहीं करते हैं। भारत हो या अमेरिका, फर्जी खबरें हर हाल में बहुत खतरनाक होती हैं। ये जनमत को बिगाड़ती हैं और ज्ञान-विज्ञान के प्रति लोगों के विश्वास को तोड़ती हैं। असत्य की अधिकता से अविश्वास जब बढ़ता है, तब हिंसा और आर्थिक नुकसान को बल मिलता है। किसी एक असत्य सूचना से भी मानसिक सेहत पर बुरा असर पड़ता है।

जन्मदिवस पर विशेष

अमित शाह : संगठन, रणनीति व दृढ़ निश्चय के अद्वितीय शिल्पकार

देश के यशस्वी गृह मंत्री अमित शाह की भारतीय राजनीति में पहचान एक ऐसे रणनीतिकार की है, जिन्होंने संगठन निर्माण, चुनावी प्रबंधन और राष्ट्रीय नीति निर्धारण के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एक लंबे अर्से से सामंजस्य बनाते हुए उन्होंने सत्ता और संगठन के बीच ऐसा समन्वय स्थापित किया, जिससे भारतीय जनता पार्टी की राजनैतिक यात्रा को नई दिशा मिली तथा चतुर्दिक व्यापक जनाधार प्राप्त हुआ। सार्वजनिक जीवन में किसी व्यक्ति की पहचान उसके पद से आगे बढ़कर उसके निर्णयों, संगठनात्मक क्षमता, कार्य के प्रति प्रतिबद्धता और जनजीवन पर पड़ने वाले प्रभाव से निर्मित होती है। भारतीय राजनीति में अमित शाह की पहचान संगठन निर्माण, चुनावी रणनीति, प्रशासनिक निर्णयों और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों से जुड़ी रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वसनीय सहयोगी के रूप में उनकी राजनीतिक यात्रा ने राष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। संगठनात्मक जिम्मेदारियों से लेकर केंद्रीय मंत्रिमंडल में महत्वपूर्ण दायित्वों तक का उनका सफर उनकी राजनीतिक कार्यशैली, रणनीतिक सोच और नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं को सामने लाता है।



सुरेश पचौरी (दैनिक अवन्तिका)

अमित शाह से मेरी पहली मुलाकात का प्रसंग आज भी स्मृति पटल पर अंकित है। दिल्ली स्थित उनके निवास पर चर्चा के दौरान उनकी स्मरणशक्ति और सामाजिक-राजनैतिक विषयों की गहरी समझ ने मुझे बहुत प्रभावित किया। उनसे मिलकर मुझे जो सुखद अनुभूति हुई, उसका सार तत्व यह है कि उनकी कार्यशैली गहन अध्ययन और सुविचारित रणनीति पर आधारित है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह का वैचारिक समन्वय गुजरात से विकसित होकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा की उल्लेखनीय सफलता ने अमित शाह को राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रभावशाली चुनावी रणनीतिकार के रूप में पहचान दिलाई। इसके बाद विभिन्न राज्यों में पार्टी के विस्तार और चुनावी अभियानों के प्रबंधन में उनकी भूमिका



महत्वपूर्ण बनी रही। गुजरात से शुरू हुई नरेंद्र मोदी और अमित शाह की बेमिसाल जोड़ी का राजनैतिक समन्वय आज राष्ट्रीय राजनीति में बानगी बन चुका है। एक ओर जहां प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने नेतृत्व कौशल और जनविश्वास से व्यापक राजनैतिक आधार तैयार किया, वहीं दूसरी ओर गृह मंत्री अमित शाह ने संगठनात्मक विस्तार और चुनावी रणनीति के माध्यम से उसे मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में अमित शाह ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया। सदस्यता अभियान का विस्तार, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी, नियमित जनसंपर्क और चुनावी तैयारियों को व्यवस्थित करना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल रहा। पन्ना प्रमुख जैसी व्यवस्थाओं के माध्यम से संगठनात्मक जिम्मेदारियां निर्धारित करने की प्रक्रिया को विशेष महत्व मिला। उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में भाजपा ने देश के अनेक राज्यों में अपना आधार विस्तृत किया और सदस्यता के लिहाज से विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी के रूप में अपनी पहचान स्थापित की। यह उपलब्धि व्यापक संगठनात्मक नेटवर्क, कार्यकर्ता-भागीदारी और निरंतर चुनावी सक्रियता का परिणाम थी और इस दूरदर्शी सोच के उन्नायक अमित शाह थे।

केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में अमित शाह के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण संवैधानिक और विधायी निर्णय हुए। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 से संबंधित प्रावधानों में बदलाव और जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन ने देश की राजनीति में एक नया अध्याय जोड़ा। तीन तलाक की प्रथा पर रोक लगाने वाला कानून तथा नागरिकता संशोधन अधिनियम भी उनके कार्यकाल के प्रमुख निर्णयों में शामिल हैं। राष्ट्रीय एकीकरण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। भारत की एकता, अखंडता और अक्षुणता की दृष्टि से लिए गये ये महत्वपूर्ण निर्णय अमित शाह के गृहमंत्रित्व काल की प्रमुख उपलब्धियों में शुमार हैं. आज हम देख रहे हैं कि मजबूत भारत बनाने की दिशा में ये कदम मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। देश में आतंकवाद की जड़ों को समूल नष्ट करने, आंतरिक सुरक्षा को मजबूती देने, वामपंथ प्रेरित उग्रवाद से मुकाबला करने, पूर्वोत्तर में शांति स्थापित करने तथा सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय बनाने में अमित शाह के कुशल नेतृत्व में कामयाब मिली। गृह मंत्री के रूप में वे अपने उत्तरदायित्व का जिस सक्षमता और दृढ़ता से निर्वहन कर रहे हैं, वह काबिल-ए-तारीफ है।

प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के निर्देशन में विशेष सुरक्षा बलों, पुलिसकर्मियों के सफल प्रयासों से नक्सलवाद के दंश से देश को मुक्ति मिली है। बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है और सुनियोजित नक्सल-विरोधी रणनीति सफल हुई है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देशन में एक सशक्त पहल करते हुए 31 मार्च, 2026 से नशे के खिलाफ तीन वर्ष का देशव्यापी अभियान चलाने का लक्ष्य तय किया गया है।

केंद्रीय सहकारिता मंत्री के रूप में भी अमित शाह की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। भारत में सहकारिता आंदोलन का संबंध कृषि, दुग्ध उत्पादन, ग्रामीण ऋण व्यवस्था और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों से रहा है। सहकारी संस्थाएं किसानों, छोटे उत्पादकों और ग्रामीण समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सफल माध्यम रही हैं। अमित शाह की राजनैतिक कार्यप्रणाली पर दृष्टिपात करें तो स्पष्ट है कि उनमें संगठनात्मक अनुशासन कायम रखने और राष्ट्र हित में कड़ा-से-कड़ा निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनका दीर्घकालीन वैचारिक समन्वय, भारतीय जनता पार्टी संगठन के व्यापक विस्तार में उनका योगदान और गृह मंत्री के रूप में उनके द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय देशहित में रहे हैं।

22 अक्टूबर को उनके जन्मदिन के अवसर पर उन्हें उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ और यशपूर्ण जीवन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

नवरात्रि पूर्णाहूति विशेष

नवरात्रि पर्व के समापन पर इसकी महत्ता के बारे मे अन्नपूर्णा मन्दिर के मुख्य पुजारी प. शालिग्राम शास्त्री ने भक्तो से आशीर्वचन कहे। इस बार तिथियों के बढ़ने से नवरात्रि दस दिनों की रही। ये कहा जा सकता है की मातारानी ने भक्तो को माँ की आराधना के लिए एक दिन अधिक प्रदान किया।

जिस तरह क्रिकेट में नो बाल होने पर एक गेंद अतिरिक्त मिलती है और फ्री हीट मिलती है ठीक उसी तर्ज पर तिथियों की घट_ बढ़ का आनंद होना चाहिए और कोई संशय या दुविधा नही होनी चाहिए। सोशल मीडिया पर अनाधिकृत रूप से प्रेषित खबरे / वीडियो से भ्रमित नही होना चाहिए। भद्रा और अन्य जटिल विषय से भयभीत न होकर तर्क समझना चाहिए व समाधान खोजने जरूरी होते है। पूर्णिमा, चतुर्थी आदी तिथि चंद्रमा पर आधारित होती है इसी को केंद्र बिंदु मानकर धार्मिक मांगलिक कार्य होना शास्त्र सम्मत माना जाता है। मंदिरों के द्वारा प्रसारित तिथियों को मान्यता देनी चाहिए।

नवरात्रि के दौरान माता का जागृत रूप बेहद अनुपम, अप्रतिम होता है तदापि प्रातःआरती मे शामिल होने से श्रेष्ठ प्रतिफल मिलता है।अन्नपूर्णा के भक्तो के घर अन्न से परिपूर्ण रहते है।

विदित हो की परिसर मे माँ अन्नपूर्णा के साथ ही माँ गायत्री और महाकाली की मूर्तियाँ भी है। नौकरी पेशा / व्यापारी वर्ग अपनी व्यस्तताओ के चलते सांय आरती मे सहभागिता कर सकते है। नवरात्रि के दौरान माता के श्रृंगार मे तीन मर्तबा साडी बदली जाती है। इसी माध्यम से अधिक भक्तो को आस्था प्रदर्शित करने के अधिक अवसर मिल जाते है। इन्ही नौ दिनों मे अन्नपूर्णा मन्दिर के अलसुबह चार बजे से लेकर देर रात तक खुला रहता है। अष्टमी-नवमी पर कन्या पूजन की मान्यता को चरितार्थ करते परिसर मे भोजन प्रसादी का भव्य आयोजन होता है। यह परंपरा घरों के लिए भी श्रेयस्कर होती है।

- प. शालिग्राम शास्त्री

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 22 अक्टूबर 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:23सूर्यास्त 17:49
आश्विन मास शुक्ला पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - एकादशी 11:25 उपरांत द्वादशी
नक्षत्र-शतभिषा18:52 उपरांत पूर्वाभद्रापद
योग - वृद्धि22:55 उपरांत ध्रुव
करण - भद्रा
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कुम्भ मे रहेगा
मुस्लिम मास-जमादुअव्वल 10मास तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में आपकी बुद्धिमत्ता और गति से काम बनेंगे। व्यापारिक योजनाओं में सफलता और लाभ मिलेगा।

वृषभ- मित्रों से बातचीत में स्पष्टता और मिठास रखें। गणेश जी को दूर्वा और मोदक अर्पित करें।

मिथुन- आर्थिक मामलों में सकारात्मक प्रगति देखने को मिलेगी। सेहत अच्छी रहेगी।

कर्क- कार्यस्थल पर वरिष्ठों का मार्गदर्शन लाभ पहुंचाएगा। व्यापारिक यात्राएं नए सौदे दिलाने में मदद करेंगी।

सिंह- परिवार का सहयोग आपका मनोबल ऊंचा रखेगा। धन संचय के प्रयास सफल रहेंगे।

कन्या- स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, खान-पान का ध्यान रखें। गाय को हरी घास खिलाएं।

तुला- दफ्तर में एकाग्रता से काम करें, गलतियों से बचें। व्यापारिक मामलों में लिखा-पढ़ी स्पष्ट रखें।

वृश्चिक- अपनों के साथ धैर्यपूर्वक बातचीत करें। फालतू खर्चों पर रोक लगाना बेहद जरूरी है।

धनु- खान-पान संतुलित रखें, योग करें। अनाथालय या गरीब बच्चों को अध्ययन सामग्री दान करें।

मकर- जिम्मेदारियों का बोझ रह सकता है, धैर्य बनाए रखें। व्यापार में जल्दबाजी में निर्णय न लें।

कुंभ- परिवार में बैठकर समस्याओं का हल निकालें। बजट का ध्यान रखें, अनचाहे खर्चों से बचें।

मीन- शरीर में थकान हो सकती है, आराम करें। गणेश जी को मूंग के मोदक चढ़ाएं।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्ड- 1,48,200 रवा- 1,48,000 चांदी-टंच- 2,15,000 पाट- 2,14,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

समसामयिक

कैसा फिर संन्यास

तन पर चोला साधु का, मन में भरा विकार।
कैसे होगा मुक्त वह, मन में हो संसार॥
लिप्त रहे निर्लिप्त बन, ओढ़े धर्म लिबास।
मन से मोह न मिट सके, कैसा फिर संन्यास॥
वस्त्र बदलने से भला, बदल सके क्या चित्त।
मन में लोभ-विकार हों, कैसे हो वह निर्लिप्त॥
माला लेकर हाथ में, मन में भरा विकार।
कैसे भव से पार हो, अगर हो छल अपार॥
त्याग दिखावा कर रहे, मन में भरा ममत्व।
कैसे संभव हो भला, निर्मल आत्मतत्त्व॥
काया पर वैराग्य है, मन में भोग-विलास।
ऐसे झूठे त्याग से, कैसे मिटे पिपास॥
धर्म ध्वजा लेकर चलें, मन में भेद हजार।
कैसे मानवता बचे, जब मन ही बीमार॥
बाहर से निर्मल दिखें, भीतर मैला भाव।
ऐसे पाखंडों तले, दम तोड़े सद्भाव॥
वाणी में उपदेश हैं, आचरण में दोष।
कैसे जग को राह दें, जिनमें भरा हो रोष॥
त्याग किया पर नाम का, चाह रहे सम्मान।
मोह-मुक्त कैसे कहें, जो माँगें यशगान॥
देह सजाकर क्या मिला, मन का मैल न जाय।
अंतर निर्मल हो तभी, सच्चा योग कमाय॥
नग्न विचारों से बढ़े, समाजों में विकार।
संयम की मर्याद से, होता शुद्ध विचार॥
आडंबर की ओट में, पलता रहे अहंकार।
कैसे सच्चा त्याग हो, मन में हो व्यापार॥
साधन बदले, वेश भी, बदला नहीं स्वभाव।
कैसे नव निर्माण हो, जब मन में दुर्भाव॥
संयम केवल वेश ना, संयम मन का सार।
जिसने मन को जीत लिया, उसका बेड़ा पार॥
भोग-विलास हृदय बसा, मुख पर त्याग-विचार।
दोहरी जीव-रीति से, बढ़ता अत्याचार॥
मन की नग्न विकारिता, होती तन पर भार।
भीतर शुचिता हो तभी, जीवन में उजियार॥
मोह मिटे, ममता घटे, निर्मल हो अहसास।
तभी सार्थक साधना, तभी सच्चा संन्यास॥



डॉ सत्यवान सौरभ (दैनिक अवन्तिका)

मेरा पुराना स्कूटर

वो पुराना-सा स्कूटर, आज भी आँगन में खड़ा है,
जैसे बीते हुए कल का कोई किस्सा बनकर खड़ा है।
कितनी राहों का साथी था, कितनी धूपें साथ सहीं,
कभी बाजार, कभी दफ्तर, कभी परिवार की खुशियाँ गहीं।
तनख्वाह से पैसे बचाकर जिस दिन घर में आया था,
उस दिन जैसे छोटे-से घर ने
अपना सपना पाया था।
न कर्ज.की लंबी किस्तें थीं,
न दिखावे का कोई शोर,
कम साधन थे जीवन में,
पर खुशियाँ थीं कुछ और।
कभी किक में रूठ जाता,
कभी रास्ते में रुक जाता,
फिर भी घर का अपना सदस्य
बनकर हर मुश्किल निभाता।



संजय एम. तराणेकर (दैनिक अवन्तिका)

केला पाचन क्रिया को बेहतर बनाने के साथ देता है कई फायदे

केला सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है क्योंकि एनर्जी लेवल बढ़ाने के साथ ही केले में विटामिन, आयरन और फाइबर पाया जाता है । एनर्जी से भरपूर होने के कारण एथलीट प्रतिदिन केले का सेवन अवश्य करते हैं। भूख मिटाने के लिए सबसे हेल्दी फूड्स में से एक है केला। आयुर्वेद में भी केला को गुणों का खदान माना गया है। हालांकि, ऐसा कहा जाता है कि केले के संग किसी दूसरे फल, फूड्स या दूध का सेवन नहीं करना चाहिए। वहीं, एक्सपर्ट्स का मानना है कि कच्चा या पके हुए केले को खाने के अलग-अलग फायदे हैं।

कब खाएं केला

स्वास्थ्य विशेषज्ञ मानते हैं कि सुबह वर्क आउट करने के बाद केला खाना फायदेमंद होगा। एनर्जी के साथ ही शरीर को पोषक तत्व भी मिलेगा। शाम को स्नैक में खाने से भी लाभ होगा। वहीं, खाने के साथ या उसके बाद, दूध के साथ या उसके बाद और रात को केला खाने से बचना चाहिए।

पका केला-



मीठा होता है, खाना पचाने में मदद मिलती है और एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं।

इनमें मिठास और एंटी-ऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं। इसका सेवन आप मीठे की क्रेविंग होने पर कर सकते हैं।

पाचन क्रिया को बेहतर बनाए

केले में पाए जाने वाले फाइबर से पाचन क्रिया सही रहती है. पाचन क्रिया सही रहने का परिणाम यह होता है कि आप तमाम बीमारियों से दूर रहते हैं. यदि आप भी रोजाना केले का सेवन करते हैं तो आपकी पाचन क्रिया अच्छी रहेगी।

एसिडिटी में फायदेमदं:

केला को सबसे उत्तम प्राकृतिक एंटासिड माना जाता है। खाने के बीच के समय या फिर शाम के स्नैक्स में रोज एक केला खाने से एसिडिटी और सीने में जलन की परेशानी नहीं होगी।

कंट्रोल करेगा बीपी का स्तर:

हाई बीपी के मरीजों को पोटैशियम खाने की सलाह दी जाती है। केला में भी ये खनिज पदार्थ प्रचुर मात्रा में मौजूद होता है। इससे शरीर में सोडियम की मात्रा कम होती है जिससे ब्लड वेसल्स पर पड़ने वाला तनाव कम होता है।

काबू में रहेगा यूरिक एसिड:

शरीर में जब यूरिक एसिड की अधिकता हो जाती है तो इससे जोड़ों में दर्द, उठने-बैठने में परेशानी होने लगती है। केला पोटाशियम का एक समृद्ध स्रोत है। इससे यूरिक एसिड को पेशाब के माध्यम से बाहर निकालने में मदद मिलती है।

कच्चा केला ब्लड शुगर करेगा कंट्रोल:


कच्चे केले में स्टार्च की मात्रा भी ज्यादा होती है, जबकि शुगर कम मात्रा में मौजूद होता है। ऐसे में डायबिटीज व हृदय रोगियों के लिए ये एक बेहतर विकल्प हो सकता है।

धर्म-आस्था

इतनी भक्ति के बाद भी दुःख क्यों नहीं जाते? कष्ट क्यों बने रहते हैं?

हिन्दू धर्म में भजन-कीर्तन और सत्संग को न केवल भक्ति का बल्कि विचारों की शुद्धिकरण का भी माध्यम माना गया है। हालांकि, कई लोग भजन-कीर्तन में खुद के दुःख को कम करने के लिए भी शामिल होते हैं। वे भक्ति को अपना दुःख कम करने का माध्यम बनाने का प्रयास करते हैं। उन्हें लगता है कि अगर उनका मन ईश्वर की भक्ति में लीन हो जायेगा, तो उन्हें संसार के दुःख-सुख से फर्क पड़ना बंद हो जाए। लेकिन उन्हें मन-मुताबिक परिणाम नहीं मिलता। भजन-कीर्तन और सत्संग करने के बाद भी दुःख कम नहीं होते और कष्ट ज्यों का त्यों बना रहता है। ऐसे में लोगों के मन में और संशय पैदा हो जाता है। उन्हें लगने लगता है कि या तो उनकी भक्ति ईश्वर तक नहीं पहुँच रही या फिर भजन-कीर्तन और सत्संग करने से कुछ नहीं होता। लेकिन क्या लोगों का इस तरह सोचना गलत है? चलिए जानते हैं...

लोगों के लिए यह समझना जरूरी है कि सनातन परंपरा में भक्ति को केवल दुःख दूर करने का साधन नहीं माना गया है। भक्ति का एक बड़ा उद्देश्य मन को बदलना, कर्म को शुद्ध करना और कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना भी माना जाता है। सनातन दर्शन में कर्म और कर्मफल की अवधारणा बहुत महत्वपूर्ण है। सामान्य रूप से माना जाता है कि व्यक्ति के कर्म उसके जीवन पर प्रभाव डालते हैं। व्यक्ति के वर्तमान अनुभवों को उसके कर्मों और परिस्थितियों से जोड़कर देखना चाहिए। शास्त्र कहते हैं कि हर जीव अपने कर्मों



का फल भोगता है। भजन-कीर्तन से मन शुद्ध होता है, लेकिन पूर्व जन्मों और वर्तमान जीवन के कर्मों का फल तो भोगना ही पड़ता है। कष्ट केवल दंड नहीं, बल्कि आत्मा को परिष्कृत करने का साधन भी है। यह हमें धैर्य, करुणा और वैराग्य सिखाता है। भजन-कीर्तन से बाहरी परिस्थितियाँ तुरंत नहीं बदलतीं, लेकिन भीतर की शक्ति और सहनशीलता बढ़ती है। भजन-कीर्तन से मिलने वाला यही परिणाम असली आशीर्वाद है।

भक्ति करने का अर्थ यह नहीं है कि व्यक्ति के जीवन में आगे कभी कोई परेशानी नहीं आएगी। जीवन में सुख-दुःख, सफलता-असफलता और उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। लेकिन भारतीय दर्शन में कर्म का सिद्धांत भी महत्वपूर्ण है। उदाहरण के तौर पर आप पांडव का जीवन समझ सकते हैं। पांडव निरंतर भगवान कृष्ण के साथ थे लेकिन फिर भी कर्मों के परिणाम स्वरूप उन्हें वनवास, युद्ध और कठिनाइयाँ झेलनी पड़ी। मीरा और तुलसीदास भगवान की भक्ति में डूबे हुए थे लेकिन फिर भी उन्होंने सामाजिक विरोध और व्यक्तिगत पीड़ा का सामना किया।

भजन-कीर्तन का उद्देश्य केवल भगवान से अपनी इच्छाएं पूरी करवाना नहीं है। भक्ति संगीत और भगवान के नाम का स्मरण मन को एकाग्र करने, श्रद्धा जगाने और भीतर शांति का अनुभव कराने का माध्यम हो सकता है। जब व्यक्ति नियमित रूप से भगवान का नाम लेता है तो वह अपने जीवन, व्यवहार और कर्मों पर भी विचार करने लगता है। यही कारण है कि भक्ति का प्रभाव हमेशा बाहरी परिस्थितियों में तुरंत दिखाई दे, यह जरूरी नहीं। कई बार इसका पहला प्रभाव व्यक्ति के भीतर दिखाई देता है। पहले जहां छोटी-सी बात पर क्रोध आता था, वहां धैर्य आने लगे। पहले जहां हर परिस्थिति में शिकायत होती थी, वहां स्वीकार भाव आने लगे। पहले जहां दूसरों के प्रति द्वेष था, वहां क्षमा का भाव विकसित होने लगे। यही भी भक्ति के प्रभाव का एक रूप माना जा सकता है। यह भी समझना जरूरी है कि सत्संग में जाना ही काफी नहीं, उसकी सीख जीवन में उतारना भी जरूरी है। यदि कोई व्यक्ति रोज सत्संग सुनता है और बाहर आकर वही क्रोध, अहंकार, छल, लोभ और द्वेष अपने जीवन में बनाए रखता है, तो केवल सुनने से उसके जीवन में परिवर्तन नहीं आ पाएगा। भक्ति करने से कई बार परिस्थिति तुरंत नहीं बदलती, लेकिन उसे देखने का हमारा नजरिया बदल सकता है।

बस स्टैंड से बाइक चोरी पार्सल लेने गया था

शुजालपुर। मंडी बस स्टैंड पर चाय की दुकान के सामने खड़ी बाइक अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। फ रियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू की है। पुलिस के अनुसार भीमपुरा निवासी आरिफ शेख ठेकेदारी का काम करता है। 12 अक्टूबर को शाम करीब 5 बजे वह अपनी हीरो स्प्लेंडर बाइक एमपी 42 जेडजी 4380 से पार्सल लेने शुजालपुर मंडी बस स्टैंड पहुंचा था। उसने बाइक मनोज की चाय की दुकान के सामने खड़ी की और पार्सल लेने चला गया। करीब एक घंटे बाद शाम 6 बजे लौटने पर बाइक वहां नहीं मिली। आसपास तलाश करने के बाद भी बाइक का पता नहीं चलने पर फरियादी ने शुजालपुर मंडी थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से हमला

शुजालपुर। मंडी बस स्टैंड पर काली माता की झांकी के विसर्जन जुलूस के पीछे बाइक से जा रहे युवक पर पुरानी रंजिश के चलते चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार गणेश मंदिर रोड निवासी हिमांशु शाक्यवार ने बताया कि 19 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे वह अपने दोस्त मनीष सोलंकी के साथ बाइक से मोहल्ले की काली माता की झांकी के विसर्जन जुलूस में शामिल होने निकला था। दोनों बाइक से जुलूस के पीछे चल रहे थे। रात करीब 2.30 बजे बस स्टैंड स्थित चौरसिया पान की दुकान के सामने रघुनंदन माहेश्वरी निवासी पंजाबी मोहल्ला वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर जातिसूचक गालियां देने लगा। हिमांशु ने गाली देने से मना किया तो आरोपी ने कथित तौर पर जेब से चाकू निकालकर हमला किया।

विजयादशमी पर पुलिस लाइन में मंत्री पंवार ने किया शस्त्र-वाहनों का पूजन

आगर-मालवा। विजयादशमी पर जिला पुलिस द्वारा बड़ौद रोड स्थित पुलिस लाइन में शस्त्र और वाहन पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश के राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार शामिल हुए। कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना और पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद मंत्री पंवार ने विधि-विधान से शस्त्रों और पुलिस वाहनों का पूजन किया। विजयादशमी पर शस्त्र पूजन की परंपरा के तहत पुलिस बल ने शौर्य, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ जनसुरक्षा के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में पुलिस के शस्त्रों के साथ विभागीय वाहनों की भी पूजा-अर्चना की गई।

कुएं में मिला मां-बेटे का शव, एक दिन पहले घर से निकली थी

आगर-मालवा। जिले के भिडोन गांव में सोमवार शाम एक कुएं में महिला और उसके 3 साल के बेटे का शव मिला। मृतकों की पहचान ग्राम लाडोन निवासी किरणबाई बंजारा (21), पति गोविंद बंजारा, और उसके बेटे हंसराज (3) के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के शव कुएं से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। गोविंद बंजारा के भाई घनश्याम बंजारा के अनुसार, किरणबाई रविवार को बेटे हंसराज को लेकर घर से चली गई थी। इसकी सूचना बड़ागांव चौकी पर दी गई थी। सोमवार शाम परिजन मां-बेटे की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान भिडोन गांव में मांगीलाल भिलाला के कुएं में दोनों के शव दिखाई दिए। बड़ागांव चौकी प्रभारी सरदार सिंह परमार ने बताया कि मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। मां-बेटे की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही चल सकेगा।

ग्राम टीलाखेड़ी में धूमधाम से निकली बाड़ी, पुराना खेड़ा तक उमड़ा आस्था का सैलाब

शाजापुर। ग्राम टीलाखेड़ी में महानवमी के पावन पर्व पर पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ भव्य बाड़ी निकाली गई। गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए यह शोभायात्रा पुराना खेड़ा तक पहुंची, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ लिया। ?नवमी पर सुबह से ही गांव में धार्मिक माहौल बना रहा। विशेष पूजा-अर्चना और आरती के पश्चात ढोल-धमाकों और माता के जयकारों के बीच बाड़ी चल समारोह प्रारंभ हुआ। टीलाखेड़ी से शुरू होकर बाड़ी पुराना खेड़ा पहुंची, जहां परंपरागत विधि-विधान के साथ अनुष्ठान पूर्ण किए गए।

विजयादशमी पर जगह-जगह पुष्पवर्षा कर हुआ स्वयंसेवकों का स्वागत

8 बस्तियों में निकले संघ के पथ संचलन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



विजयादशमी के पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शाजापुर नगर की आठ बस्तियों में पथ संचलन निकाले गए। प्रत्येक बस्ती में आयोजित पथ संचलन अपने प्रमुख एवं निर्धारित मार्गों से होकर गुजरे। इस दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। पथ संचलन के दौरान नागरिकों में उत्साह देखने को मिला और लोगों ने स्वयंसेवकों का प्रोत्साहन करते हुए उनका अभिनंदन किया। विजयादशमी पर आयोजित इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग और बाल स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। अनुशासित कदमताल के साथ निकले पथ संचलन ने नगर में उत्साह और संगठनात्मक एकजुटता का वातावरण निर्मित किया।

नगर की सभी आठ बस्तियों में पथ संचलन से पूर्व विधिवत कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों का शुभारंभ ध्वज प्रणाम एवं संघ प्रार्थना के साथ हुआ। इसके पश्चात शस्त्र पूजन कर विजयादशमी पर्व के महत्व को रेखांकित किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजन की अन्य गतिविधियां संपन्न हुईं और इसके बाद स्वयंसेवकों ने पथ संचलन में सहभागिता की।

पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासन और एकजुटता के साथ आगे बढ़ते नजर आए। नगर के प्रमुख मार्गों एवं बस्तियों के मुख्य स्थानों से गुजरते हुए संचलन का जगह-जगह स्वागत किया गया। नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों के प्रति सम्मान और उत्साह प्रकट किया।

कार्यक्रमों में पंच परिवर्तन के विषय पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसके अंतर्गत सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भाव तथा नागरिक कर्तव्यों और अनुशासन के प्रति जागरूकता जैसे विषयों को समाज जीवन में अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने इन विषयों को केवल विचार तक सीमित न रखते हुए दैनिक जीवन और व्यवहार में उतारने का आह्वान किया। समाज में आपसी सद्भाव, परिवारों में संस्कार, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और देश के प्रति कर्तव्यबोध को मजबूत करने की आवश्यकता बताई गई।

संघ के 100 वर्षों की यात्रा और राष्ट्र प्रथम का संदेश

प्रत्येक बस्ती में आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न वक्ताओं ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा, राष्ट्रसेवा के कार्यों और समाज में राष्ट्रीय चेतना के विस्तार पर विचार रखे । स्वयंसेवकों को राष्ट्र को सर्वोपरि मानने तथा व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर समाज और देश के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी गई। संघ के शताब्दी वर्ष के संदर्भ में संगठन के विचार, सामाजिक दायित्व और आगामी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

सड़क हादसे में घायल पिता-पुत्र के लिए देवदूत बनी 112 एफआरवी

समय पर अस्पताल पहुंचाकर बचाई जान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



मक्सी थाना क्षेत्र में हुए एक भीषण सड़क हादसे में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। गश्त के दौरान मौके से गुजर रही डायल 112 एफआरवी के स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को तत्काल संभाला और समय रहते अस्पताल पहुंचाया, जिससे उन्हें समय पर इलाज मिल सका। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल शाजापुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, दिलोदरी थाना तराना निवासी प्रकाश चौहान 32 वर्ष अपने आठ वर्षीय पुत्र प्रीतम के साथ जा रहे थे, तभी मक्सी क्षेत्र में वे सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आईं। उसी दौरान मक्सी थाने की एफआरवी वाहन वहां से गुजर रहा था। सड़क किनारे घायलावस्था में पड़े पिता-पुत्र पर नजर पड़ते ही ड्यूटी पर तैनात स्टाफ ने बिना एक पल गंवाए गाड़ी रोकी और राहत कार्य में जुट गए। एफआरवी में तैनात आरक्षक राहुल मालवीय और पायलट अजय सिसोदिया ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए घायलों को संभाला और मक्सी पुलिस को सूचित किया। पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर तुरंत व्यवस्था बनाई और घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

स्थानीय लोगों ने की सराहना

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 1033 एंबुलेंस की मदद से पिता-पुत्र को तुरंत शाजापुर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। आपात स्थिति में पुलिसकर्मियों द्वारा दिखाई गई इस मुस्तैदी और मानवीय पहल की स्थानीय लोग सराहना कर रहे हैं।



बिना आदेश बहने लगा चिल्लर बांध का पानी

अज्ञात ने चुपचाप खोला गेट, शाजापुर तक पानी पहुँचते ही मचा हड़कंप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

अलसुबह चिल्लर बांध की छोटी नहर में अचानक जलप्रवाह देख हर कोई हैरान रह गया। किसी अज्ञात व्यक्ति ने बिना किसी आधिकारिक आदेश या अनुमति के बांध का गेट खोल दिया, जिसके चलते पानी तेजी से बहता हुआ शाजापुर तक जा पहुंचा।

नहर चलने की खबर लगते ही सिंचाई विभाग के होश उड़ गए और आनन-फानन में चौकीदार को मौके पर दौड़ाकर गेट बंद कराया गया। अब महकमा इस बात की पड़ताल में जुटा है कि बांध पर सुरक्षा को धता बताकर यह हरकत किसने की। सिंचाई विभाग के एसडीओ अंकित पाटीदार ने बताया कि मंगलवार को छोटी नहर से अज्ञात व्यक्ति ने नहर का पानी चालू कर दिया था। मामले की सूचना मिलते ही तत्काल एक्शन लिया गया और पानी का बहाव रुकवा दिया गया। विभाग यह जांच कर रहा है कि नहर किसने और किन हालात में खोली? गौरतलब है कि क्षेत्र के किसान फसलों के लिए नहर खोलने की मांग लंबे समय से कर रहे हैं और कई बार ज्ञापन भी दे चुके हैं, जिससे मामला और संवेदनशील हो गया है।



बंगाली समाज की महिलाओं ने खेला सिंदूर:मां दुर्गा को सिंदूर लगाकर एक-दूसरे को दी बधाई

देवास। देवास में बुधवार को बंगाली समाज ने सिंदूर खेला उत्सव मनाया। बालगढ़ रोड स्थित बंगाली कॉलोनी में पांच दिनों तक मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के बाद सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से यह उत्सव मनाया। लाल साड़ियों में सजी महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर उत्सव की शुरूआत की। महिलाओं ने मां दुर्गा को पान और मिठाई का भोग लगाया। इसके बाद एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर विजयादशमी की बधाई दी। इस दौरान महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि और पति की लंबी उम्र की कामना की। देवास में बंगाली समाज की ओर से सिंदूर खेला की परंपरा करीब 45 साल से निभाई जा रही है। समाज की तृप्ति ने बताया कि यह उत्सव महिलाओं के आपसी स्नेह और सुहाग की खुशहाली से जुड़ा है। इस परंपरा के जरिए महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करती हैं। सिंदूर खेला उत्सव के बाद मां दुर्गा की विदाई का समय आया तो माहौल भावुक हो गया। जिन महिलाओं ने कुछ देर पहले उत्साह के साथ सिंदूर खेला था, उन्होंने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। इसके बाद श्रद्धालुओं ने मां की प्रतिमाओं का विसर्जन किया।

गरबा करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार और महिलाओं को भेंट की सुहाग सामग्री



शुजालपुर। महानवरात्रि पर्व पर माँ दुर्गा दरबार मंदिर शुजालपुर मंडी में श्रद्धा और भक्ति के साथ माता रानी की आराधना की गई। मंदिर परिसर में बालिकाओं ने गरबा नृत्य के माध्यम से शक्ति की भक्ति की। पारंपरिक संगीत और गरबा गीतों की गूंज से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। आयोजन में नगर के विभिन्न महिला संगठनों ने सहभागिता की। जैन समाज, ब्रह्माकुमारी बहनों, डिवाइन, कल्याणी, सिक्ख, मराठा, अग्रवाल,सिंधी, सखी-सहेली और उड़ान सहित अन्य महिला संगठनों की ओर से प्रतिदिन गरबे की ज्योति प्रज्वलित की गई। गरबा नृत्य के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं ने उत्साह के साथ माता रानी की आराधना की। महानवमी के अवसर पर मंदिर में यज्ञ का आयोजन किया गया।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है भुमि स्वामी कृषक (1) ईश्वर विश्वकर्मा पिता छगनलाल जाति लुहार (2) रामचन्द्र चौधरी पिता मांगीलाल चौधरी जाति गारी (3) मनिषा गेहलोत पति गुलाबचंद गेहलोत (4) सुभाष पिता छगनलाल जाति लोहार (5) भंवरसिंह पिता कमलसिंह निवासी ग्राम देवली तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम देवली तहसील तराना जिला उज्जैन में भुमि सर्वे नम्बर 493/1/1 रकबा 0.25 हेक्टेयर भुमि सर्वे नम्बर 493/1/2 रकबा 0.25 हेक्टेयर भुमि सर्वे नम्बर 493/2 रकबा 0.50 हेक्टेयर भुमि सर्वे नम्बर 494/2/1/1/1 रकबा 0.60 हेक्टेयर भुमि सर्वे नम्बर 494/2/1/1/2 रकबा 0.12 हेक्टेयर भुमि सर्वे नम्बर 494/2/1/2 रकबा 0.25 हेक्टेयर भुमि कुल सर्वे नम्बर 06 कुल रकबा 1.97 हेक्टेयर भुमि स्थित है, इस बिकीत भूमि रकबा 1.97 हेक्टेयर भुमि को मय मौजूदा हक्क अधिकार, सुखाधिकार सहित विक्रय करने का करार विक्रेता महिपालसिंह पिता भेरूसिंह जाति राजपुत निवासी ग्राम देवली तहसील तराना जिला उज्जैन ने मेरे पक्षकार से करके एवं विक्रय मूल्य पेटे बयाना राशि मेरे पक्षकार से प्राप्त कर सौदा चिटटी संपादित कर दी थी, उपरोक्त भुमि का अनुबंध पत्र दिनांक 19/10/2026 को मेरे पक्षकार के हित में संपादित करवा लिया है।, तथा निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अपने हित में संपादित करवाने जा रहे है, उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के हक्क, आधिपत्य, हिस्से, भरण पोषण के अधिकार या स्वत्व के संबंध में किसी प्रकार का दावा झगड़ा हो अथवा किसी प्रकार का ऋण भार, बोझ किसी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक अथवा शासन का उक्त वर्णित कृषि भूमि पर बकाया हो तो इस जाहीर सुचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावें, दी गई म्याद के उपरांत मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने हित मे संपादित करवायेगे, म्याद उपरांत किसी की कोई आपत्ति या दावा झगड़ा मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगा। यह सूचित हो।

रवि प्रजापति अभिभाषक तराना
कार्यालय समय सुबह 10 बजे से शाम 4:30 बजे तक मो.नं. 8827905460 मो.नं. 9893633443

जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जाफर अली वल्द मंजूर अली निवासी-74 महाकाल मार्ग गली नम्बर-07 कोट मोहल्ला उज्जैन म.प्र. से प्राप्त जानकारी अनुसार मेरे पक्षकार का पुत्र जावेद अली वल्द जाफर अली जो कि मानसिक रूप से कमजोर है, उसका विवाह / निकाह श्रीमती बिलकीस खातून पुत्री मोहम्मद सादिक निवासी 50 रामनाथ देवरिया वार्ड नम्बर-02 देवरिया उत्तर प्रदेश के साथ दिनांक 30.11.2023 को मुस्लिम रीति रिवाज अनुसार देवरिया उ.प्र. में संपन्न हुआ था। निकाह के पश्चात मेरे पक्षकार की बहु बिलकीस बानो केवल तन पर मौजूद कपडो के साथ ही मेरे पक्षकार के पुत्र के साथ आई थी। उक्त निकाह से मेरे पक्षकार के पुत्र और बहू को कोई संतान नही है, मेरे पक्षकार की बहु श्रीमती बिलकीस बानो की भी कार्यशेली एव आदतो से उसकी मानसिक स्थिति कमजोर प्रतीत होती है। मेरे पक्षकार के पुत्र एव उसकी पत्नि बिलकीस बानो दोनो के मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण और आपस में उनके विचार नही मिलने के कारण उनके मध्य में रोज छोटी-मोटी पारिवारिक बातो को लेकर क्लेश होती रहती है, मेरे पक्षकार की बहू द्वारा परिवार पर दबाव बनाने के उदेश्य से आत्महत्या करने तक का कदम उठा लिया गया था, उक्त समस्त कारणो से मेरे पक्षकार एव उनके परिवार के मान-सम्मान को समाज एव मोहल्ले में ठेस पहुंच रही थी, मेरे पक्षकार द्वारा अपने पुत्र और बहु को समझाने के कई प्रयास किये लेकिन वो सारे प्रयास विफल हो गये, मेरे पक्षकार की बहु के भाई-बहन दिनांक 19.10.2026 को देवरिया से उज्जैन आये और उनकी मौजूदगी में मेरे पक्षकार की बहु द्वारा लडाई-झगडा किया गया और उसके भाई-बहन द्वारा 112 पर डायल कर करके पुलिस को भी बुलवा लिया गया था, मेरे पक्षकार की बहु उसके भाई-बहन द्वारा अपनी बहन को ले जाने की जिद की गई और मेरे पक्षकार की बहु उसके भाई समीर, बहन जुलेखा बी के साथ अपने मायके देवरिया कहकर चली गई जाने से पहले मेरे पक्षकार की बहू उसके भाई-बहन द्वारा एक इकरारनामा अनुबंध-पत्र पर भी हस्ताक्षर भी थाना नीलगंगा मे ही करके गये है, इसके अतिरिक्त मेरे पक्षकार के पुत्र की मानसिक स्थिति भी कमजोर होने के कारण वह बिना बताये घर से चला जाता है और कई दिनो तक घर से बाहर रहता है, लोगो से उधार रुपए मांगता फिरता है, इस कारण से मेरे पक्षकार द्वारा अपने पुत्र जावेद अली को अपने घर से बेदखल कर दिया गया है अब मेरे पक्षकार का अपने पुत्र व उसकी बहु बिलकीस बानो से कोई वास्ता संबंध व सरोकार नहीं है। इस जाहिर सूचना के माध्यम से मेरे पक्षकार द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति मेरे पुत्र से कोई संव्यवहार, लेनदेन आदि का नहीं करें यदि किसी के द्वारा ऐसा कोई संव्यवहार प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से किया जाता है तो वह उसके स्वयं के जिम्मे होगा जिससे मेरे पक्षकार का कोई संबंध व सरोकार नहीं होगा।

इति दिनांक 20/10/2026

शेख गुलाम रसूल (शहजादा) एडव्होकेट आफीस-न्यु हरिफाटक महाकाल मार्ग बेगमबाग चौराहा उज्जैन म.प्र., मोबाईल नम्बर-92295-65313

पुलिस लाइन में विजयदशमी पर गूंजे मंत्र, मंत्री परमार ने किया शस्त्र पूजन और हवन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

विजयादशमी के पावन पर्व पर जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में पारंपरिक हर्षोल्लास और वैदिक विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दरसिंह परमार ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर शस्त्रों की पूजा-अर्चना की और जिले की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की। ?कार्यक्रम की शुरूआत मंत्रोच्चार और हवन-पूजन के साथ हुई, जिसमें मंत्री परमार ने आहुतियां दीं। इसके बाद उन्होंने पुलिस बल द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले पारंपरिक एवं आधुनिक हथियारों का तिलक लगाकर और कलावा बांधकर पूजन किया।


जनप्रतिनिधि और आला अधिकारी रहे मौजूद

शस्त्र पूजन के दौरान प्रशासनिक तालमेल और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला। आयोजन में क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद और नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन विशेष रूप से मौजूद रहे। वहीं प्रशासनिक व पुलिस महकमे से कलेक्टर डॉ. परिक्षित संजयराव झाड़े, पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला, अपर कलेक्टर काशीराम बड़ोले, एसडीएम मनीषा वास्कले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र कुमार तारणेकर, डीएसपी (अजाक्स) अजय कुमार मिश्रा तथा रायसिंह मालवीय सहित कई वरिष्ठ अधिकारी व पुलिस जवान मौजूद रहे।

अकोदिया में 35 फीट ऊंचे रावण का दहन

श्रीराम मंदिर से निकली शोभा यात्रा देखने उमड़ी लोगों की भीड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया



अकोदिया और आसपास के ग्रामीण इलाकों में मंगलवार को विजयादशमी पर्व मनाया गया। अकोदिया की कृषि उपज मंडी में 35 फीट ऊंचे रावण का दहन हुआ। ग्राम तिंगजपुर में भी 6 फीट ऊंचे रावण का दहन कर दशहरे की परंपरा निभाई गई। दोनों जगह रावण दहन देखने बड़ी संख्या में लोग जुटे।

अकोदिया में रावण दहन से पहले श्रीराम मंदिर से शोभायात्रा निकली, जो मंडी परिसर पहुंची। अतिथियों ने भगवान श्रीराम की पूजा-आरती की। 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले की नाभि में तीर लगते ही वह जल उठा। आतिशबाजी और जय श्रीराम के जयकारों से परिसर गूंज उठा।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार, नगर परिषद अध्यक्ष रचना सचिन शर्मा, तहसीलदार घनश्याम लोहार, सीएमओ कमल सिंह परमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद परमार और थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत मौजूद थे।

तिंगजपुर में भी हुआ दहन

ग्राम तिंगजपुर में भी भगवान राम, लक्ष्मण और हनुमान के रूपों की मौजूदगी में रावण दहन हुआ। अखाड़े के प्रदर्शन और आतिशबाजी ने आकर्षण बढ़ाया। गांव के पटेल की मौजूदगी में पंडित ने रावण का पूजन किया, फिर पुतले का दहन किया गया।

जय श्रीराम के जयघोष के बीच तीन स्थानों पर हुआ रावण दहन

आतिशबाजी ने बांधा समां, हजारों लोगों ने देखा विजयादशमी का उत्सव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर




बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व पर नगर में परंपरा और उल्लास का संगम नजर आया। अकोदिया रोड स्थित स्टेडियम, कृषि उपज मंडी प्रांगण क्रमांक 3 और फ्र ीगंज क्षेत्र के किशोनी स्टेडियम में शाम को रावण दहन किया गया। आकर्षक आतिशबाजी के बीच जैसे ही रावण के पुतले का दहन हुआ, पूरा परिसर भगवान श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। तीनों स्थानों पर बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने उत्साह के साथ पर्व मनाया। उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार मंडी स्थित श्रीराम मंदिर से चल समारोह में शामिल हुए और गल्ला मंडी स्थित दहन स्थल पर पहुंचकर नागरिकों को दशहरे पर्व की शुभकामनाएं दी।

नगर में रावण दहन से पहले परंपरागत रूप से चल समारोह निकाले गए। सिटी व मंडी क्षेत्र में श्रीराम मंदिर से आकर्षक रथों पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमानजी के स्वरूपों को विराजित कर दहन स्थलों तक ले जाया गया। मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान के स्वरूपों की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। चल समारोह में जनप्रतिनिधियों के साथ गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। राघोगढ़ से आए आतिशबाजों ने रावण दहन से पहले कलात्मक आतिशबाजी का प्रदर्शन किया। आसमान में रंग-बिरंगी रोशनी और आतिशबाजी के नजारों ने मौजूद लोगों को रोमांचित कर दिया।

फ्रीगंज क्षेत्र में पिपलेश्वर महादेव मंदिर से भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का मार्ग में कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इसके बाद किशोनी स्टेडियम में बड़ी संख्या में मौजूद नागरिकों की उपस्थिति में रावण दहन हुआ। कार्यक्रमों के बाद देर रात तक लोगों के बीच दशहरे की शुभकामनाएं देने और बड़ों का आशीर्वाद लेने का सिलसिला चलता रहा।

नगर में जहां विजयादशमी पर रावण दहन के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाया जाता है, वहीं मंडी क्षेत्र का गोयल परिवार कई पीढ़ियों से रावण की पूजा करने की परंपरा भी निभा रहा है। परिवार की ओर से दशहरे पर गाय के गोबर से रावण की आकृति बनाई जाती है। इसके आसपास शस्त्र और व्यवसाय में उपयोग आने वाली सामग्री रखकर पूजा-अर्चना की जाती है। पूजा के बाद शाम को उसी आकृति का दहन किया जाता है। गोपाल गोयल ने बताया कि परिवार में यह परंपरा कई पीढ़ियों से चली आ रही है। इसी क्रम में मंगलवार सुबह गोयल परिवार ने गोबर से रावण का पुतला बनाया।



रावण दहन के साथ मिट्टी ले जाने की परंपरा

नगर के प्रमुख दशहरा मैदान पर रावण के साथ कुंभकर्ण का पुतला भी मिट्टी से बनाने की परंपरा रही है। रावण दहन के बाद लोग कुंभकर्ण के पुतले को लकडि ?ों से पीटते हैं और उसकी मिट्टी अपने साथ ले जाते हैं। मान्यता के अनुसार इस मिट्टी से टेसू बनाने तथा घर के आसपास रखने की परंपरा है। विजयादशमी पर निभाई जाने वाली यह परंपरा आज भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन से बदला मौसम

शुजालपुर। मध्यप्रदेश में सक्रिय दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन के असर से बुधवार दोपहर बाद क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदल गया। तेज हवाओं के साथ आसमान में काली घटाएं छा गईं। बादलों की गर्जना और बिजली की कड़कड़ाहट के बीच शुजालपुर में करीब एक घंटे तक तेज बारिश हुई। बारिश के बाद मौसम में ठंडक घुल गई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। हालांकि तेज बारिश के दौरान एमजी रोड स्थित गंदे पानी का नाला ओवरफ्लो हो गया और सड़क पर गंदा पानी बहता नजर आया। इसी प्रकार गांधी कॉलोनी में कृष्णानगर, प्रेमनगर के कुछ मार्गो पर निकासी के आभाव में पानी मार्ग पर जमा हो गया। बुधवार दोपहर से ही क्षेत्र में तेज हवाओं का दौर शुरू हो गया था। शाम करीब साढ़े तीन बजे आसमान में घने काले बादल छा गए और कुछ ही देर में तेज बारिश होने लगी। करीब एक घंटे तक हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया। मानसून की विदाई के बाद भी तापमान में बढ़ोतरी बनी हुई थी। एक दिन पहले तक क्षेत्र में अधिकतम तापमान करीब 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा था। वहीं बुधवार की शाम को मौसम में ठंडक घुल गई और अधिकतम तापमान 26 डिग्री के आसपास हो गया। इस वर्ष शाजापुर जिले में औसतन करीब 28 इंच बारिश दर्ज की गई है, जबकि सामान्य बारिश का आंकड़ा लगभग 38 से 39 इंच माना जाता है। इस लिहाज से जिले में सामान्य से करीब 10 से 11 इंच कम बारिश हुई है। हालांकि शुजालपुर व कालापीपल तहसील क्षेत्र में लगभग 32 इंच बारिश हुई है, मानसून के दौरान कम वर्षा के चलते जलस्रोतों और भूजल स्तर को लेकर चिंता बनी हुई थी। ऐसे में मानसून की विदाई के बाद हुई बारिश भी उपयोगी साबित हो सकती है। किसानों की मेहनत थोडी कम हो जाएगी और बिजली की खपत पर भी इसका असर होगा।

अनुशासित कदमताल, गणवेश में स्वयंसेवक निकले

शुजालपुर। कदम से कदम मिलाते स्वयंसेवक, गणवेश में अनुशासित कतारें और मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा व स्वागत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन के दौरान उत्साह का माहौल नजर आया। बुधवार को सांदीपनि विद्यालय शुजालपुर परिसर से श्रीराम बस्ती का पथ संचलन निकला। स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासित ढंग से संचलन करते हुए निर्धारित मार्ग से गुजरे। नगर में कई स्थानों पर लोगों ने उनका स्वागत किया। श्रीराम बस्ती का संचलन सांदीपनि स्कूल से प्रारंभ होकर जगन्नाथपुरी कॉलोनी, कमलिया फाटक रोड, चित्रांश नगर, ब्रजनगर मुख्य मार्ग, शंकर नगर और अंबिका नगर होते हुए पुन: सांदीपनि स्कूल पहुंचकर संपन्न होगा। संचलन के मार्ग में नागरिकों से स्वागत की अपील की गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शुजालपुर नगर को दस बस्तियों में विभाजित किया है। प्रत्येक बस्ती में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पथ संचलन निकाले जा रहे हैं। इन संचलनों के माध्यम से स्वयंसेवक अनुशासन और सामूहिकता का परिचय दे रहे हैं। 30 अक्टूबर को भी विभिन्न बस्तियों के पथ संचलन अपने निर्धारित क्षेत्रों में निकलेंगे।

विद्यार्थियों का पथ संचलन गुरूवार को निकलेंगा

शुजालपुर। ग्राम भुगोर में विवाद के दौरान जातिसूचक गालियां देकर मारपीट और चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। फरियादी सुनील निवासी ग्राम भुगोर की शिकायत के अनुसार मंगलवार रात करीब 8 बजे सरकारी स्कूल के पास उसके परिवार के सदस्यों का गोवर्धनसिंह ठाकुर, गोपाल ठाकुर और उदयसिंह ठाकुर से विवाद हो रहा था। इस दौरान आरोपियों ने सुनील को जातिसूचक गालियां दीं। विरोध करने पर गोवर्धनसिंह और गोपाल ने थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की, जबकि उदयसिंह ने चाकू से उसके सीने के बाईं ओर वार कर दिया। बीच.बचाव करने आए शिवप्रकाश और अंकित के साथ भी मारपीट की गई। घटना में तीनों को चोटें आईं। बुधवार को सुनील ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

तीन साल की बेटी को मामा के पास छोड़कर पत्नी लापता

शुजालपुर। जगन्नाथपुरी कॉलोनी में किराए से रहने वाली 23 वर्षीय महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। पति की शिकायत पर पुलिस ने महिला की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पति ने बताया कि करीब 15 दिन पहले पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद वह गुस्से में अपने गांव चला गया था। बुधवार सुबह करीब 11.30 बजे पत्नी का फोन आया और उसने कमरे पर आकर तीन वर्षीय बेटी ईशु को ले जाने के लिए कहा। पति जब कमरे पर पहुंचा तो पत्नी और बेटी वहां नहीं मिलीं। बाद में साले से जानकारी मिली कि उसकी पत्नी, बेटी को प्रेमनगर कॉलोनी में उसके पास छोड़कर कहीं चली गई है। इसके बाद जीजा व साले ने शुजालपुर, आसपास के क्षेत्रों और रिश्तेदारों के यहां पत्नी की तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। इसके बाद उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस को दी जानकारी में पति ने आशंका जताई है कि पत्नी को कोई अज्ञात व्यक्ति ले गया है। पुलिस महिला की तलाश में जुटी है।

थाने में विधि-विधान से हुआ शस्त्र पूजन

बड़नगर। विजयादशमी के पावन अवसर पर बुधवार को स्थानीय पुलिस थाने में परंपरागत रूप से शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। पंडितजी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या, नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, एसडीएम धीरेंद्र पाराशर, एसडीओपी महेंद्रसिंह परमार, थाना प्रभारी कमलेश सिंगार से विधि-विधानपूर्वक शस्त्रों की पूजा-अर्चना संपन्न कराई। इस दौरान विधायक पंड्या ने क्षेत्र एवं कस्बे में शांति, कानून व्यवस्था और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए सभी को विजयदशमी की बधाई दी।

वीर शहीदों के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को

दैनिक अवन्तिका ›› गुना



देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था एवं नागरिकों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर पुलिस जवानों की स्मृति में आज दिनांक 21 अक्टूबर 2026 को गुना पुलिस द्वारा पुलिस स्मृति दिवस श्रद्धा, सम्मान एवं गौरव के साथ मनाया गया। पुलिस लाईन स्थित शहीद स्मारक परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में न्यायिक, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों ने अमर शहीदों को नमन करते हुए उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति का स्मरण किया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख की दुर्गम पहाड़ियों में चीनी सैनिकों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 वीर जवान शहीद हो गए थे। मातृभूमि की रक्षा और कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राण न्योछावर करने वाले इन वीर जवानों की स्मृति में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पूरे देश में पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस पुलिस बलों के अदम्य साहस, त्याग, समर्पण और कर्तव्य के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक है । पुलिस स्मृति दिवस समारोह का शुभारंभ प्रात: 09:00 बजे हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल ने वर्ष 2025-26 के दौरान देशभर में कर्तव्य निर्वहन करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले कुल 154 वीर जवानों के नामों का वाचन किया। इन अमर शहीदों में मध्यप्रदेश पुलिस के 09 वीर सपूत भी शामिल हैं, जिन्होंने कर्तव्य पथ पर अपने प्राण न्योछावर कर पुलिस विभाग एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया। शहीद मध्यप्रदेश पुलिस के इन वीर जवानों में निरीक्षक आशीष शर्मा, उपनिरीक्षक अशोक शर्मा, सहायक उपनिरीक्षक मदनलाल निनामा, प्रधान आरक्षक सर्जन सिंह भील, प्रधान आरक्षक परिमल सिंह तोमर, प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश भवेदी, आरक्षक विकाश चतुर्वेदी, आरक्षक महेश प्रसाद पाठक एवं महिला आरक्षक सुश्री आरती पाल शामिल हैं। शहीद जवानों के नामों के वाचन के उपरांत उनकी सूची शहीद स्मारक पर रखी गई। शोक परेड एवं सलामी के साथ अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। श्रद्धांजलि समारोह में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और गुना विधायक पन्नालाल शाक्य सहित उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मौन धारण कर शहीद जवानों के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि व्यक्त की।

समारोह में विशेष न्यायाधीश आर.के. जैन, अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती सोनाली शर्मा, अपर सत्र न्यायाधीश सुश्री शैलजा गुप्ता, उपमहानिरीक्षक एवं सेनानी एसएएफ श्री विकास पाठक, जेल अधीक्षक अतुल सिन्हा, उप सेनानी प्रवीण सिंह परिहार, एसडीएम गुना श्रीमती शिवानी पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर संजीव खेमरिया, डीएसपी यातायात मुकेश कुमार दीक्षित आदि सहित पुलिस एवं अन्य शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं

दैनिक अवन्तिका » गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि जिले में निर्माण एवं विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। कार्यों में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संबंधित अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करें तथा निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं का आपसी समन्वय से त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित संयुक्त समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने विद्युत वितरण, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल निगम, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, एमपीआरडीसी एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने, पाइपलाइन शिफ्टिंग एवं एनओसी संबंधी समस्याओं का संबंधित विभाग तत्काल निराकरण करें। भूमि विवाद एवं अतिक्रमण के कारण प्रभावित निर्माण कार्यों के निराकरण के लिए एसडीएम एवं तहसीलदार मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाए तथा अधिकारी कार्यों की प्रगति एवं समय-सीमा के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करें।

बैठक में बताया गया कि गुना में 50 बिस्तरीय एकीकृत आयुष चिकित्सालय का कार्य 65 प्रतिशत पूर्ण है। जिला मुख्यालय पर निर्माणाधीन खेल परिसर की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर कन्याल ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कार्यपालन यंत्रियों को निर्देशित किया कि जल, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से संबंधित परियोजनाओं को प्राथमिकता से निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर आमजन को लाभान्वित करें।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित शाखा भरतपुरी उज्जैन शाखा प्रबंधक श्री शैलेन्द्र रावत पिता स्व. रमेशचन्द्र जी रावत ने निम्नलिखित जाहिर सूचना के प्रकाशन हेतु मुझे अधिकृत किया है। अत: इस जाहिर सूचना के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 01 यह कि, श्रीमती अंजू राजावत पति श्री सुरेश सिंह राजावत निवासी एच-2/18, ऋषि नगर उज्जैन म.प्र. के स्वामित्व व आधिपत्य का भुखण्ड क्रमांक 103 स्थित कृष्णा विहार कॉलोनी ग्राम हक्कानीपुरा तहसील व जिला उज्जैन पर स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 78.04 वर्गमीटर है तथा जिसकी चतुर्सीमा पूर्व की ओर-भूखण्ड क्रमांक 100, पश्चिम की ओर रास्ता कॉलोनी का, उत्तर की ओर भूखण्ड क्रमांक 102 तथा दक्षिण की ओर भूखण्ड कमांक 104 स्थित है। 02 यह कि, उपरोक्त वर्णित भवन को श्रीमती अंजू राजावत पति श्री सुरेश सिंह राजावत निवासी - एच-2/18, ऋषि नगर उज्जैन म.प्र. मेरी पक्षकार बैंक में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रसुत किया है। उपरोक्त वर्णित भवन पर किसी भी शासकीय अर्द्धशासकीय अथवा अन्य किसी के यहां रहन, अनुबंधग्रस्त या विक्रयग्रस्त हो या किसी भी प्रकार का भार हो तो वह सम्बंधीत व्यक्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 03 दिवस के अधीन मय दस्तावेज के अथवा मेरी पक्षकार बैंक में लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी। 3 यह कि, दैनिक समाचार दैनिक अवन्तिका के अंक दिनांक 20.10.2026 के पृष्ठ कमाक 8 के कॉलम 4 में भूखण्ड क्रमांक 103 व 104 में जो जाहिर सूचना प्रकाशित हुई है। वह त्रुटीवश हुई है उक्त दोनों भूखण्ड के स्वामी वर्तमान लोकेश तेजवानी ना होकर श्रीमती अंजू राजावत है। इति दिनांक 21.10.26

रसिक सुगन्धी अभिभाषक
अप्सरेश्वर महादेव की गली पटनी बाजार उज्जैन
मो. 9827560776

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित शाखा भरतपुरी उज्जैन शाखा प्रबंधक श्री शैलेन्द्र रावत पिता स्व. रमेशचन्द्र जी रावत ने निम्नलिखित जाहिर सूचना के प्रकाशन हेतु मुझे अधिकृत किया है। अत: इस जाहिर सूचना के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 01 यह कि, श्रीमती अंजू राजावत पति श्री सुरेश सिंह राजावत निवासी एच-2/18, ऋ षि नगर उज्जैन म.प्र. के स्वामित्व व आधिपत्य का भुखण्ड क्रमांक 103 स्थित कृष्णा विहार कॉलोनी ग्राम हक्कानीपुरा तहसील व जिला उज्जैन पर स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 78.04 वर्गमीटर है तथा जिसकी चतुर्सीमा पूर्व की ओर-भूखण्ड क्रमांक 99, पश्चिम की ओर-रास्ता कॉलोनी का, उत्तर की ओर - भूखण्ड कमांक 103 तथा दक्षिण की ओर-भूखण्ड क्रमांक 105 स्थित है। 02 यह कि, उपरोक्त वर्णित भवन को श्रीमती अंजू राजावत पति श्री सुरेश सिंह राजावत निवासी एच-2/18, ऋषि नगर उज्जैन म.प्र. मेरी पक्षकार बैंक में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रसुत किया है। उपरोक्त वर्णित भवन पर किसी भी शासकीय अर्द्धशासकीय अथवा अन्य किसी के यहां रहन, अनुबंधग्रस्त या विक्रयग्रस्त हो या किसी भी प्रकार का भार हो तो वह सम्बंधीत व्यक्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 03 दिवस के अधीन मय दस्तावेज के अथवा मेरी पक्षकार बैंक में लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी। यह कि, दैनिक समाचार दैनिक अवन्तिका के अंक दिनांक 20.10.2026 के पृष्ठ कमाक 8 के कॉलम 4 में भूखण्ड कमांक 103 व 104 में जो जाहिर सूचना प्रकाशित हुई है। वह त्रुटीवश हुई है उक्त दोनों भूखण्ड के स्वामी वर्तमान लोकेश तेजवानी ना होकर श्रीमती अंजू राजावत है। इति दिनांक 21.10.26

रसिक सुगन्धी अभिभाषक
अप्सरेश्वर महादेव की गली पटनी बाजार उज्जैन
मो. 9827560776

SMT. SHILPA TIWARI II ADDITIONAL SESSION JUDGE TO THE COURT OF I DISTRICT AND ADDITIONAL SESSION JUDGE DISTRICT COURT, MANDSAUR

PRESIDING OFFICER -श्री शिल्पा तिवारी
आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु
प्रकरण क्रमांक MJC (84/2026)

मोहम्मद शाकिर
वि
श्रीमति शमीना बानो व अन्य

प्रोसेस आईडी-
पेशी दिनांक-27-11-2026

प्रेषिती-

1. अजय सिंह पिता राजसिंह सोलंकी निवासी महानंदा
नगर उज्जैन जिला उज्जैन मप्र.

यह कि प्रार्थी मोहम्मद शाकीर पिता मोहम्मद शफी निवासी खानपुरा गेट गुदरी चोक मंदसौर तह व जिला मंदसोर ने आपके विरूद्ध विविध व्यवहार वाद प्रकरण के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात / हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वंय या प्लीडर अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान् कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे। जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजरा का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुझरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है। तो ऐसे सभी दस्तावेज के लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ठ करे। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बतायी गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायेल यह आज तारीख को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

न्यायाधीश
शिल्पा तिवारी
प्रथम जिला न्यायाधीश के
द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश
मन्दसौर (म.प्र.)

जाहिर सूचना

(भूमि सर्वे नंबर 3362 रकबा 0.209 हेक्टारे स्थित ग्राम उन्हेल वार्ड नंबर 11, नगर पंचायत पार्सल नंबर 144 तहसील उन्हेल जिला उज्जैन के सम्बन्ध में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण (1) श्री विजय मेहता पिता स्व. श्री लक्ष्मीनारायण मेहता (2) श्रीमती प्रभा पालीवाल पति श्री धरमपाल पालीवाल निवासीगण बड़ा बाजार उन्हेल जिला उज्जैन ने भूमि स्वामीगण (1) जय गरूड पिता श्री सुरेश गरूड, (2) श्रीमती सुनीता गरूड पति श्री सुरेश गरूड, निवासीगण 74, दशहरा मैदान उज्जैन से भूमि सर्वे नंबर 3362 रकबा 0.209 हेक्टारे स्थित ग्राम उन्हेल वार्ड नंबर 11, नगर पंचायत पार्सल नंबर 144 तहसील उन्हेल जिला उज्जैन जिस पर नायरा कंपनी का एक पेट्रोल पंप गरूड मोटर्स के नाम से निर्मित है के संबंध में अनुबंध पत्र मेरे पक्षकारगण ने अपने पक्ष में निष्पादित करवाया है और अनुबंध पत्र निष्पादन के समय बयाना राशि अदा कर दी थी। विक्रय पत्र के निष्पादन के समय शेष राशि मेरे पक्षकारगण भूमि स्वामीगण को अदा करने हेतु तत्पर व तैयार है। अब केवल विक्रय पत्र का निष्पादन होना शेष है। यदि उक्त संपत्ति को विक्रय या अंतरित करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति में किसी भी व्यक्ति, संस्था का हित, हिस्सा व अधिकार हो या उक्त संपत्ति पर किसी भी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय बैंक का कोई ऋण, भार व किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन हो तो वह उक्त जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकारगण अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में निष्पादित करवा लेवेगें। विक्रय पत्र का निष्पादन करवाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारक नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक-21-10-2026

अश्विन चौधरी अभिभाषक
कार्यालय 8 .टीआईटी क्वार्टर गीता कॉलोनी उज्जैन
मो. 9827581378

खेत की मेड़ और पानी फेरने को लेकर दो पक्षों में विवाद

शुजालपुर। ग्राम अमलाय पत्थर में खेत की मेड़ पर लगे पेड़ काटने और पानी फेरने की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

एक पक्ष की मनीषा गेहलोत ने शिकायत में बताया कि बुधवार सुबह करीब 11 बजे गुर्दाखेड़ी रोड स्थित खेत पर वह अपने पति भगवान सिंह उर्फ पप्पू के साथ थी। इसी दौरान परिवार के जटाल सिंह, कांताबाई, सत्यम और पूजा वहां पहुंचे। पानी फेरने और मेड़ पर लगे पेड़-पौधे काटने की बात पर विवाद हुआ। आरोप है कि जटाल सिंह ने भगवान सिंह के साथ मारपीट की। सत्यम लकड़ी लेकर मारने दौड़ा, जबकि बीच-बचाव करने पर परिवार के अन्य सदस्यों से भी विवाद हुआ। दूसरे पक्ष की पूजा बाई गेहलोत ने शिकायत में बताया कि वह बुधवार सुबह गुर्दाखेड़ी रोड स्थित खेत पर लकड़ी लेने गई थी। दोनों खेतों के बीच साझा मेड़ है। पूजा के अनुसार चार-पांच दिन पहले मेड़ पर लगा पेड़ टीकाराम गेहलोत ने काट लिया था। बुधवार को मेड़ से लकड़ियां उठाने के दौरान टीकाराम, पप्पू, गुलशन और देवीसिंह वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। पूजा ने फोन कर अपने सास-ससुर को बुलाया तो उनके साथ भी विवाद किया गया। आरोप है कि टीकाराम ने उसके ससुर जटाल सिंह के साथ मारपीट की, जबकि देवीसिंह डंडा लेकर मारने दौड़े। बीच-बचाव परिवार के सदस्यों ने किया।

बेरखेड़ी गांव में चोरी करने पहुंचे बदमाशों ने की फायरिंग



गुना। जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र की झागर चौकी अंतर्गत बेरखेड़ी गांव में एक बार फिर चोरी की वारदात के दौरान फायरिंग करने का मामला सामने आया है। मंगलवार, बुधवार की दरमियानी रात करीब 2:30 बजे चोरी करने पहुंचे चार बदमाशों ने ग्रामीणों के सामने आने पर 12 बोर की बंदूक से फायरिंग कर दिए। इस घटना में तीन ग्रामीणों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। वारदात के बाद बदमाश 12 बोर बंदूक मौके पर छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, घटना में गांव के रंजीत धाकड़, वीरेंद्र धाकड़ और पड़ोसी मोहन मोगिया को गोली लगने से घायल बताया जा रहा है। तीनों घायलों को रात में ही गुना अस्पताल लाया गया। रंजीत धाकड़ की हालत को देखते हुए उन्हें रेफर किए जाने की जानकारी मिली है। ग्रामीणों के मुताबिक, चोरी की वारदात के दौरान बदमाशों ने एक छोटी बच्ची को बंधक बना लिया था। इसी बीच ग्रामीणों के सामने आने पर बदमाशों ने 12 बोर की बंदूक से फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि हड़बड़ाहट में बदमाश बंदूक मौके पर छोड़कर भाग निकले। ग्रामीणों के अनुसार, बदमाशों का हुलिया और बोली पारदी समुदाय के लोगों जैसी बताई जा रही है। हालांकि, उनकी पहचान की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। गौरतलब है कि बेरखेड़ी गांव में करीब 15 दिन पहले भी पारदी लोगों के द्वारा लूट की घटना सामने आई थी। अब एक बार फिर हुई इस वारदात और फायरिंग से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर्स-कमिश्नर्स, एसपी-आईजी के साथ की समीक्षा बैठक

धार। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आगामी तीज-त्यौहारों और सामाजिक एवं धार्मिक मेलों के दौरान सभी कलेक्टर्स-एसपी विशेष सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि सुनिश्चित करें कि त्यौहारों के दौरान कार्बाइड गन और कार्बाइड लैम्प का उपयोग नहीं हों, क्योंकि लोकल मेड कार्बाइड गन और कार्बाइड लैम्प मानवों के लिए बेहद खतरनाक होती हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली के दौरान पटाखों की अवैध बिक्री पर रोक लगायें। कहीं भी और किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होने पाये। किसी जिले में यदि किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति निर्मित होगी, तो इसके लिए कलेक्टर और एसपी ही जिम्मेदार माने जायेंगे। उन्होंने कहा कि तीज-त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर रखने की सभी तैयारियां अभी से कर लें। सुरक्षा और आकस्मिक प्रबंधन से जुड़े विषयों पर आपसी सामंजस्य से काम करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय से सभी कलेक्टर्स, कमिश्नर्स और एसपी-आईजी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य सरकार की सभी फ्लैगशिप स्कीम्स एवं विकास कार्यक्रमों के फील्ड में क्रियान्वयन का फीडबैक लिया तथा आगामी माहों में सभी तीज-त्यौहारों में कानून-व्यवस्था की बेहतर से बेहतर तैयारी रखने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने त्यौहारों और सामाजिक मेलों के आयोजन के संदर्भ में कलेक्टर-एसपी को विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने-अपने जिलों में संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ायें। कहीं भी किसी भी प्रकार की सामाजिक/साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए, सभी आवश्यक प्रतिबंधात्मक एवं सुरक्षा कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर असामाजिक तत्वों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखें।

कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन
जाहिर सूचना

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की त्रिवेणी विहार योजना में स्थित भूखण्ड क्रमांक ए-40/12 श्रेणी एच.आय.जी. श्रीमती फातेमा अली पति श्री अकबर अली, निवासी-501, हसनजी टॉवर, कामदारपुरा, गौतमपुरा, उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर दिनांक 11.08.2016 को लीज आधार पर आवासीय उद्देश्य हेतु आवंटित किया गया हैं। आवंटी श्रीमती फातेमा अली पति श्री अकबर अली, निवासी-501, हसनजी टॉवर, कामदारपुरा, गौतमपुरा, उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा उक्त सम्पत्ति के विक्रय/अंतरण हेतु वांछित दस्तावेज प्रस्तुत् कर उक्त सम्पत्ति का अंतरण श्री कुलदीप शास्त्री पिता श्री मथुरानाथ शास्त्री, निवासी-01, दुर्गा कॉलोनी, नगरकोट मंदिर, फाज़लपुरा, उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया हैं। अत: आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति / बैंक/ वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति का सौदा किया गया हो या रहन/गिरीवी/मार्टगेज रखी गई हो अथवा उक्त संपत्ति विक्रय/अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन तिथि के 07 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तोवज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करें अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राधिकरण द्वारा विक्रय / अंतरण अनुमति दिये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

न्यूज-कॉलम

बिना लाइसेंस उर्वरक बेचने वाले पर मामला दर्ज

मन्दसौर। कलेक्टर दिव्यांक सिंह के निर्देश और उप संचालक कृषि रविन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कृषि विभाग ने किसानों के हितों की रक्षा और कालाबाजारी पर नकेल कसने के लिए एक सख्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। उर्वरक निरीक्षक सह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी चेतन पाटीदार ने खुद किसान बनकर रेवास देवड़ा क्षेत्र में औचक पूछताछ की और नौगावा रोड स्थित एक किराए के मकान से बिना वैध लाइसेंस के अवैध रूप से खाद का भंडारण व बिक्री करने वाले रोहित उर्फ मिथिलेश कुमार पाठक को रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी द्वारा पूछताछ और लिखित कथनों में बिना लाइसेंस खाद बेचने की बात स्वीकार किए जाने के बाद, उर्वरक निरीक्षक के विस्तृत प्रतिवेदन पर थाना वाईडी नगर में उर्वरक नियंत्रण आदेश और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

छोटीसी बात पर युवक झगड़े, दो घायल

मन्दसौर। शहर के अफीम गोदाम रोड पर मंगलवार रात करीब बारह बजे इंडिकेटर देने की बात को लेकर उपजे विवाद में पंद्रह से बीस लोगों की भीड़ ने कार सवार तीन दोस्तों पर लात-घूंसों से हमला कर दिया। घटना में राकेश पाटीदार के सिर में दस और राहुल मीणा के सिर में सात टांके आए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती कराया गया है, जबकि तीसरे दोस्त अजय ग्वाला को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पीड़ित युवक कार से लौट जा रहे थे और जब उन्होंने गाड़ी साइड में रोकी, तब पीछे से आए दो बाइक चालकों से उनकी कहासुनी हो गई थी। विवाद बढ़ने पर हमलावरों ने अपने साथियों को मौके पर बुला लिया और हाथों में मोटे कड़े पहने लोगों ने उन पर पीछे से हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत अस्पताल पहुंची और घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया।

घुटने और कूल्हे के मरीजों के लिए नि:शुल्क शिविर 24 को

मन्दसौर। जैन नी एंड हिप क्लिनिक अहमदाबाद के तत्वावधान में मंदसौर के बालागंज स्थित संजीवनी फिजियोथेरेपी सेंटर पर 24 अक्टूबर को दोपहर 12 से 2 बजे तक एक विशेष नि:शुल्क ओपीडी कैंप का आयोजन किया जाएगा।डॉ. अखिलेश सेन ने जानकारी दी कि इस शिविर में स्टर्लिंग हॉस्पिटल के सीनियर सर्जन, यूएसए फेलो और डीएनबी आर्थो डॉ. जितेन्द्र चौधरी मरीजों को अपनी सेवाएं देंगे, जिन्हें बीस हजार से अधिक सफल ऑपरेशन करने का लंबा अनुभव प्राप्त है। इस कैंप में मरीजों को रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट, पार्शियल नी रिप्लेसमेंट, हिप रिप्लेसमेंट और आर्थोस्कोपी जैसी आधुनिक तकनीकों के बारे में उच्चस्तरीय चिकित्सा परामर्श प्राप्त होगा। शिविर का लाभ उठाने के लिए मरीजों को पहले से रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है।

पुलिस लाइन में विजया दशमी पर शस्त्र पूजन व जिम का लोकार्पण

मन्दसौर। विजयादशमी पर पुलिस लाइन मंदसौर में पारंपरिक विधि-विधान और हवन के साथ शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस गरिमामयी आयोजन में सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, कलेक्टर दिव्यांक सिंह, एसपी विनोद कुमार मीना, एएसपी टी.एस. बघेल और एसडीएम शुभम पाटीदार सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सांसद सुधीर गुप्ता ने पुलिस लाइन में नवनिर्मित जिम का लोकार्पण किया तथा कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने पुलिस वाहनों का विधि-विधान से पूजन किया। पुलिस बैंड की मधुर प्रस्तुति के बीच पुलिस बल ने राष्ट्र और समाज की सुरक्षा के प्रति अपने कर्तव्य व दायित्वों के निर्वहन का दृढ़ संकल्प दोहराया।

भव्य आतिषबाजी के साथ रावण दहन

रतलाम । बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशमी पर नेहरू स्टेडियम में बेण्ड की धुन तथा भव्य आतिषबाजी के साथ रावण दहन हुआ साथ ही बरबड़ मेला परिसर में भव्य आतिषबाजी के साथ रावण दहन हुआ।

पशुपतिनाथ मंदिर में युवक द्वारा उत्पात और अभद्रता के विरोध में बजरंग दल और हिंदू संगठनों ने किया प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर परिसर स्थित सहस्त्र शिवलिंग मंदिर में एक युवक द्वारा कथित रूप से उत्पात मचाने और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मामला सामने आने के बाद शहर में रोष व्याप्त हो गया है।

घटना के विरोध में बजरंग दल और विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने मंदिर के मुख्य द्वार पर धरना देकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 19 अक्टूबर को दोपहर के समय एक मुस्लिम युवक ने मंदिर के अंदर पहुंचकर अभद्र हरकतें की और तोड़फोड़ का प्रयास किया, जिससे सनातन धर्म की आस्था को गहरी ठेस पहुंची है।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने मंदिर प्रबंधक राहुल रूनवाल और सुरक्षा गार्ड मुहैया कराने वाली एजेंसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए और उनकी लापरवाही का आरोप लगाते हुए बर्खास्तगी की मांग पर अड़े रहे। नेताओं का कहना था कि इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद मंदिर प्रशासन और सुरक्षा कर्मियों द्वारा समय पर पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई और मामले को दबाने का प्रयास किया गया।

इस घटना को लेकर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने भी आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

विवाद बढ़ता देख मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम शुभम पाटीदार और एसडीएम एकता जायसवाल ने दोषियों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद धरना समाप्त किया गया, हालांकि हिंदू संगठनों के नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जिम्मेदार प्रबंधकों और सुरक्षा एजेंसी पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। पुलिस ने सुरक्षा एजेंसी की शिकायत और प्रारंभिक जांच के आधार पर आरोपी युवक इमरान के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

रतलाम में सड़क निर्माण बंद होने पर भड़के व्यापारी, महापौर और निगम आयुक्त को सुनाई खरी-खोटी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

शहर के व्यस्ततम लक्कड पीठा क्षेत्र में लंबे समय से सड़क निर्माण कार्य बंद होने के कारण व्यापारियों और रहवासियों का गुस्सा आखिर कार फूट पड़ा। अधूरे पड़े निर्माण कार्यों से हो रही परेशानियों से त्रस्त व्यापारी संघ ने महापौर प्रहलाद पटेल और नगर निगम आयुक्त अनिल भाना के समक्ष अपनी कड़ी नाराजगी दर्ज कराई और अधिकारियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई।

रतलाम कृषि उपज मंडी में तोल में बड़ी गड़बड़ीः 10 क्विंटल से ज्यादा कम निकला प्याज, किसानों ने किया धरना प्रदर्शन व्यापारी संघ का कहना है कि सड़क का काम महीनों से अधूरा पड़ा है, जिससे क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं।

इसके साथ ही ग्राहकों और स्थानीय नागरिकों का आवागमन भी दूभर हो गया है।आक्रोशित व्यापारियों ने दो टूक शब्दों में महापौर से सवाल किया कि निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले और ढिलाई करने वाले ठेकेदारों को निगम अब तक ब्लैकलिस्ट क्यों नहीं कर रहा है?

धूल और गंदगी से बढ़ रही स्वास्थ्य समस्याएं

व्यापियों और रहवासियों ने बताया कि सड़क का काम अधूरा और खुदा हुआ होने के कारण दिनभर धूल उड़ती रहती है। इस कारण क्षेत्र के बुजुर्गों और छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर बेहद बुरा असर पड़ रहा है। लगातार उड़ती धूल और बदहाल व्यवस्था से स्थानीय रहवासियों का जीना मुहाल हो गया है।

जल्द काम शुरू करने की मांग

व्यापारी संघ ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि लक्कड़पीठा क्षेत्र में सड़क निर्माण का कार्य तुरंत प्रभाव से शुरू कराया जाए और इसे तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि व्यापारियों को आर्थिक नुकसान से राहत मिल सके और आमजन को आवागमन में असुविधा का सामना न करना पड़े।

भादवा माताजी में समाज सेवी अरुल अरोरा ने दर्शन कर प्रसादी वितरण किया

नीमच। अष्टमी के अवसर पर भादवा माताजी में विशेष हवन पूजा कार्यक्रम संपन्न होते हैं। नवरात्र के पावन पर्व पर महामाया भादवा माता के दरबार में आस्था का ऐसा अद्भुत रंग जमा कि हर कोई माता की भक्ति में डूबा जय माताजी के जयकारे लगाते नजर आया। महाष्टमी के पावन अवसर पर सोमवार को नीमच के युवा समाजसेवी अरूल अरोड़ा द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में अलसुबह से ही भक्तों का तांता लग गया। सुबह 10 बजे शुरू हुआ महाप्रसादी का यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा द्य दूर दराज क्षेत्र से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन के साथ-साथ इस भव्य भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। समाजसेवी अरूल अरोरा द्वारा अष्टमी पर माताजी को हलवा चढ़ाया गया। निरंतर चल रहे धार्मिक अनुष्ठानों के बीच आज चौथे महाष्टमी के खास मौके पर युवा समाजसेवी अरूल अरोरा ने भादवा माता मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से माता रानी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने माता के चरणों में शीश नवाकर नीमच और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली आरोग्य की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर 'जय माता दी' के जयकारों से गूंज उठा।



बरुजना में आदिवासी परिवार की झोपड़ी में लगी आग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नारायणगढ

बरुजना गांव में उस समय अफरातफरी मच गई जब पिपल्या थाना झाबुआ के मजदूर मुकेश डामोर,मनीष डामोर,विनोद डामोर,बाबू डामोर, कमलू डामोर,कालू भाबर तीस लोगो के परिवार की झोपड़ी में अज्ञात कारणों से दोपहर 3 बजे आग लग गई। आग से लगभग ढाई लाख रुपये, एक मोटरसाइकिल, सायकिल, एवं खाने पीने का सभी सामान जलकर खाक हो गया।

घटना की सूचना मिलते पर जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,कांग्रेसनेता अजित कुमठ,बाबुखा मेवाती,रामचन्द्र करुण आदि मौके पर पहुंचे व पीड़ित परिवार से चर्चा की इन्होंने बताया कि हम हर सीजन में मजदूरी के लिए बरुजना आते है अभी चार माह से हम यहां सोयाबीन कटाई, मुंगफली उखाड़ने, लहसुन चुपाई के कार्य के ठेके लेते है और जब हमारे गांव जाते है तब हम किसानों से मजदूरी के पैसे लेते है कल हमे हमारे गांव पिपल्या झाबुआ जाना था तो हिसाब की राशि 4 लाख रुपये झोपड़ी में ही रखी थी जिसमे से ढाई लाख रुपये जल गए जिसकी रिपोर्ट भी हमने नारायणगढ थाने में की है। आगजनी के समय झोपड़ी में एक वर्ष की अंजली अकेली खेल रही थी बाहर अन्य बच्चे भी खेल रहे थे गांव वालों ने अंजली को खींच कर बाहर निकाला।आग की सूचना मिलने पर पूरा गांव इक्ट्ठा हो गया ओर निजी संशाधनों से आग बुजाने का प्रयास किया।

चौपाटी चौराहे पर ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग तत्काल पूरी की जाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा

पिपलौदा रोड़ चौपाटी, नगर के लेबड - नयागांव हाईवे पर स्थित होने के कारण यहां पर भीड़ भाड़ और यातायात जाम की समस्या प्रतिदिन बनी रहती हैं। सामाजिक कार्यकर्ता डां मदन लाल गागंले ने शासन प्रशासन से मांग की है कि चौपाटी पर लंबे अर्से से होती दुर्घटनाओं को लेकर जनमानस द्वारा विगत कई वर्षो से ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग की जाती रही हैं।

बाइपास नहीं होने से चौपाटी चौराहे पर आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। चौपाटी चौराहे से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते रहते हैं। चौराहे से गुजरने वाले राहगीरों और रहवासियों का रोड़ पार करना मुश्किल होता जा रहा है । लोग



जान जोखिम में डाल कर रोड पार करते हैं। ट्रैफिक पुलिस भी जान जोखिम में डाल कर ड्यूटी निभाते रहते हैं ।ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग के स्थायी समाधान के लिए एवं चौपाटी चौराहे पर ओवर ब्रिज की मांग के बारे में बारम्बार समाचार पत्रों के माध्यम से अवगत भी कराया जा चुका हैं ! लेकिन फिर भी स्थिति जस की तस बनी हुई हैं ।कोई भी सुनने को तैयार नहीं हैं। और मांग को अनसुना कर देते हैं। आखिर ऐसा कब तक चलेगा? डॉ. मदन लाल गांगले ने यह भी कहा है कि बारम्बार ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग की अनदेखी की जा रही हैं । आपने जनहित में अति व्यस्ततम चौपाटी चौराहे पर , राहगीरों, रहवासियों की सुरक्षा के लिए, डाक बंगला रोड़ से लेकर बस स्टैंड पार तक तकरीबन 400 मीटर का ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग की है। शासन प्रशासन ओर कितना इतंजार करेगा

मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का हुआ विस्तार, 21 सदस्यीय टीम घोषित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मल्हारगढ़ की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए 21 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महा सचिव, सचिव, मीडिया प्रभारी एवं सोशल मीडिया प्रभारी सहित विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस विस्तार को क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और पार्टी की गतिविधियों को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजेश मालवीय द्वारा जारी कार्यकारिणी सूची में विभिन्न क्षेत्रों और समाजों से जुड़े कार्यकताओं को स्थान दिया गया है। कार्यकारिणी में वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ अन्य कार्यकताओं को भी संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।जारी सूची के अनुसार, विजेश मालवीय को ब्लॉक अध्यक्ष तथा दिलीप गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं रामेश्वर पाटीदार, नागूसिंह शक्तावत एवं दिलीप यादव को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। महासचिव पद पर कन्हैया लाल गुर्जर, कृष्ण कुंवर, कन्हैयालाल पाटीदार, मो. हबीब मेव (बबलू), कैलाश बांगड़िया एवं लोकेन्द्र राज गौड़ को शामिल किया गया है। इसी प्रकार सचिव पद पर राजेश पाटीदार, किशोर टेलर, किशनलाल परिहार, अजय नागरिया, सुमित्रा, ईस्माइल खां पठान, छोटेलाल सैनी एवं जसवंत सरोत को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा रामप्रसाद फरक्या को मीडिया प्रभारी तथा भेरू प्यूप्यू गुर्जर को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

पुलिस लाइन नीमच में विजयादशमी पर मंत्रोच्चार के साथ शस्त्र पूजन सम्पन्न

नीमच। जिला पुलिस लाइन में विजयदशमी के अवसर पर शस्त्र पूजा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। विधायक दिलीप सिंह परिहार, जावद विधायक कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा एवं पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास सहित जनप्रतिनिधियों, पुलिस एवं प्रशासन अधिकारियों की उपस्थिति मैं कार्यक्रम संपन्न हुआ। विजयादशमी (दशहरा) पर्व के पावन अवसर पर दिनांक 20 अक्टूबर 2026 को पुलिस लाइन कनावटी, नीमच में पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास के निर्देशन में पारंपरिक शस्त्र पूजन समारोह का आयोजन श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुलिस विभाग के शस्त्रों का विधि-विधानपूर्वक पूजन किया गया तथा सभी ने एक-दूसरे को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दीं। विजयादशमी के अवसर पर आयोजित शस्त्र पूजन भारतीय संस्कृति एवं परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है। पुलिस विभाग में यह आयोजन कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, शौर्य एवं जनसेवा के संकल्प का प्रतीक है। इस अवसर पर पंडीत श्री घनश्याम शास्त्री द्वारा पुलिस विभाग के शस्त्रों का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन कर प्रदेश एवं जिले में शांति, सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संकल्प को दोहराया गया। शस्त्र पूजन के उपरांत पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास एवं अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा पुलिस वाहनों का भी विधि-विधानपूर्वक पूजन किया गया।

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर
मुनाफा देने का लालच देकर ठगी करने वाले गिरोह के 4 आरोपी गिरफ्तार

62 एटीएम कार्ड, 8 पास बुक, चेक बुक, मोबाईल, लेपटाप व नगदी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



पुलिस द्वारा प्रदेश भर के साथ नीमच में एसपी राजेश व्यास के निर्देशन में अभियान मेट्रिक्स 2.0 के तहत शेयर टेऊडिंग के नाम पर धोखाधड़ी के संबंध में बड़ी कार्यवाही की। साइबर सेल नीमच एवं पुलिस थाना नीमच सिटी द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर शेयर टेऊडिंग में टिप्स देने एवं अधिक मुनाफे का लालच देकर आमजनों से फर्जी म्युल खातों में राशि प्राप्त कर ठगी करने वाले अर्न्तराज्यीय गिरोह का पदार्फाश अर्न्तराज्यीय गिरोह के 4 आरोपी गिरफ्तार कर आरोपीगणों के कब्जे से 62 बैंक एटीएम कार्ड, 09 चेक बुक, 08 पास बुक, 01 हयुडांई कॉर, 08 मोबाईल, 02 लेपटाप/मेकबुक, एटीएम स्वेप मशीन, 51500 रुपए नगदी जप्त किये द्य

नीमच पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा बताया गया कि (इंडियन सायबर क्राईम कोऑर्डिनेशन सेंटर) गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित हृष्टक्रक्क पोर्टल से प्राप्त संदिग्ध म्युल बैंक खाता एवं एटीएम निकासी खाता धारकों एवं उनके सहयोगियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही हेतु सभी राज्यों को निर्देश दिये गये है द्य मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश भर मे सायबर सुरक्षा, सायबर अपराधों एवं म्यूल खातों पर प्रतिबंध लगाने हेतु प्रदेश स्तर पर ऑपरेशन मेट्रिक्स 2.0 चलाया जा रहा है ऑपरेशन मेट्रिक्स 2.0 मे फर्जी बैंक खातों का संचालन करने वालों के बिरुद्ध पुलिस द्वारा इकाईयों में सायबर अपराधियों पर शिकंजा कसने हेतु लगातार प्रयास कर कार्यवाही की जा रही हैं। इसी तारतम्य मे ऑपरेशन मेट्रिक्स 2.0 के अर्न्तगत पुलिस अधीक्षक नीमच श्री राजेश व्यास के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच श्रीमति हेमलता अग्रवाल व नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नीमच सिटी निरीक्षक विजय सागरिया एवं प्रधान आरक्षक प्रदीप शिन्दे प्रभारी सायबर सेल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा प्राप्त डेटा के आधार पर विभिन्न बैंक खातों से पृथक-पृथक एटीएम विड्राल लोकेशन के आधार पर ऑनलाईन शेयर ट्रेडिंग में टिप्स देने एवं अधिक मुनाफे का लालच देकर आमजनों से फर्जी म्युल खातों में राशि प्राप्त कर ठगी करने वाले अर्न्तराज्यीय गिरोह के 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

न्यूज कालम



पी.जी. कॉलेज में में राष्ट्रीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

मन्दसौर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर में 21 से 25 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हाइब्रिड मोड में भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने उच्च शिक्षा में अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर आ रहे बदलावों के बीच प्राध्यापकों और शोधार्थियों के लिए नवीन शोध पद्धतियों से अपडेट रहने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. वीणा सिंह ने रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इसमें एआई टूल्स और संदर्भ शैलियों के व्यावहारिक पक्षों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रथम तकनीकी सत्रों में प्रो. राजेंद्र कुमार पुरोहित ने रिसर्च गैप की पहचान एवं विश्लेषण और प्रो. कल्पना सिंह ने उपयुक्त रिसर्च टॉपिक के चयन पर वैज्ञानिक मानदंडों तथा व्यावहारिक मार्गदर्शन से प्रतिभागियों को अवगत कराया। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक और शोधार्थी ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से सक्रिय सहभागिता कर रहे हैं।

हवन, आरती और संतों के आशीर्वचनों के साथ संपन्न हुआ नवरात्री महोत्सव



मंदसौर। श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में नवरात्र पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित सामूहिक श्री रामचरितमानस नवान्ह पारायण का समापन विधि-विधानपूर्वक हवन, आरती और पूजन के साथ हुआ। इस धार्मिक आयोजन में वृंदावन से पधारे परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी अनन्तदेव जी महाराज ने अपने आशीर्वचनों से श्रद्धालुओं को लाभान्वित किया। स्वामी जी ने सनातन हिंदू धर्म में पंचमहादेवों के महत्व को समझाते हुए मनुष्य को अपने जीवन की बुराइयों का त्याग कर उन्हें दोबारा न अपनाने का संकल्प लेने की प्रेरणा दी। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने पुष्पहारों से स्वामी जी का स्वागत किया और कार्यक्रम के अंत में आयोजित प्रसादी भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीशचन्द्र सेठिया, सचिव कारूलाल सोनी सहित न्यासीगण और बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

एम्बुलेंस के अभाव में तड़फते रहे दम्पति

पिपलीया मंडी।सड़क दुर्घटना के बाद एम्बुलेंस के अभाव में गुडभेली मार्ग पर तड़फते रहे दम्पति लगभग एक घन्टे बाद पिपलीया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची एम्बुलेंस जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,कांग्रेसनेता दिनेश गुप्ता काचरिया ने आरोप लगाया कि दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर एम्बुलेंस नही मिलती है पिपलीया, मल्हारगढ़, नारायणगढ में भी यही हालत है शासन,प्रशासन का कई बार ध्यान आकर्षित कराए जाने के बाद भी समस्या जस की तस है।शर्मा एवं गुप्ता ने कहा कि पिपलीया, मल्हारगढ़ फोरलेन पर स्थित है कई सड़क हादसे होते है पर घायलो को आज तक समय पर एम्बुलेंस नही मिली इससे लोगो मे काफी आक्रोश व्याप्त है।शर्मा ने कहा कि तीनो नगरों सहित टकरावद,संजीत,बालागुड़ा अस्पतालों में स्थाई रूप से एम्बुलेंस की मांग को लेकर कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मिलेगा समस्या का समाधान नही होने पर आंदोलन भी किया जाएगा।

तूफान म्यूजिकल का मेघावी युवा व छात्र सम्मान कार्यक्रम 22 अक्टूबर कों

नीमच। शहर व क्षेत्र के प्रसिद्ध?तूफान म्यूजिकल ग्रुप नीमच द्वारा जिले के होनहार युवाओं तथा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम रखा गया। 22 अक्टूबर कों शहर के टाउन हॉल में रात्रि 8 बजे आयोजित इस नृत्य एवं संगीत के इस कार्यक्रम में सी.सी.आई. नयागांव के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का मिलन भी होगा। जिसमे मुख्य आकर्षण भोपाल के प्रसिद्ध क्रक्करू डांस ग्रुप की शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी । कार्यक्रम के संयोजक बाबू तूफान ने एक जानकारी में सम्मिलित प्रमुख जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं विशिष्ट अतिथि गण श्री दिलीप सिंह परिहार (विधायक, नीमच) श्री चंदर सिंह सिसौदिया (विधायक, गरोठ) श्रीमती वंदना खंडेलवाल भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती स्वाति चोपड़ा नपा अध्यक्ष, नीमच श्री माधव सिंह मराठा , नीमच श्री उमराव सिंह गुर्जर आदि अतिथिगण नीमच जिले के होनहार युवाओं कों तथा , मेधावी छात्र-छात्राओं कों सम्मानित करेंगे द्य कार्यक्रम में विशेष रूप से सी.सी.आई. नयागांव के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का मिलन कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रम में समाजसेवी संतोष चोपडा, बिलावर जी अग्रवाल, समंदर पटेल, तरुण बाहेती कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदि भी उपस्थित रहेंगे।

मोड़ी के आवास कालोनी पर कन्या भोज का आयोजन

सुसनेर। महानवमी के अवसर पर ग्राम मोड़ी के आवास कालोनी स्थित नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा दुर्गा पंडाल में कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की कन्याओं स्थित श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। समिति द्वारा नौ कन्याओं को चुनरी एवं फल भेंट आरती भी की गई।इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

थाने में विधि विधान से हुई शस्त्र पूजा

महिदपुर रोड। विजयदशमी पर्व पर नगर के पुलिस थाने पर में शस्त्र पूजा का आयोजन परंपरागत रूप से इस बार भी संपन्न हुआ पदोन्नत पुलिस उप अधीक्षक (पुलिस हैड क्वाटर भोपाल) वर्तमान नगर निरीक्ष क महिदपुर रोड थाना रामसिंह भाभौर ने अपने सहयोगियों के साथ नगर के पुलिस थाने के शस्त्रागार में उपलब्ध समस्त शस्त्रों की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की इस दौरान पत्रकार दिनेश मंडोवरा गोपाल उपाध्याय शांति समिति सदस्य रमनदीप सिंह मक्कड़ आदि मौजूद रहे शस्त्र पूजा पंडित राकेश ने संपन्न करवाई>

पुलिस थाना बडौद में किया गया शस्त्र पूजन

बडौद। विजयादशमी के अवसर पर पुलिस थाना परिसर में परंपरागत तरीके से विधि विधान के अनुसार शास्त्रों का पूजन का थाना प्रभारी रूपसिंह बेस के एवं पंडित के द्वारा मंत्र के साथ करवाया गया जिसमें शास्त्रों के साथ-साथ वाहनों का पूजन भी किया गया। इस अवसर पर पुलिस थाना का स्टाफ मौजूद रहा।

किन्नर समाज ने चल समारोह निकालकर दी माता रानी को विदाई

सुसनेर। शारदीय नवरात्र के समापन पर हरिनगर स्थित किन्नर समाज द्वारा चल समारोह निकालकर माता रानी को भावपूर्ण विदाई दी गई। चल समारोह के दौरान पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए विदाई समारोह में शामिल हुए. नवरात्र के नौ दिनों तक माता की आराधना और धार्मिक आयोजनों से गुलजार रहे नगर के कई पंडाल अब सूने होने लगे हैं। नौ दिनों तक माता की भक्ति में लीन रहे श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता रानी को विदाई दी। विदाई के दौरान भक्तों में आस्था के साथ भावुकता का माहौल दिखाई दिया। नवरात्र के दौरान सजे पंडालों में गूंजने वाले भजनों और जयकारों के बाद अब नगर में माता रानी के अगले वर्ष आगमन की प्रतीक्षा शुरू हो गई है।

गरबा महोत्सव में गूंजा नारी शक्ति का संदेश

नागदा। शारदीय नवरात्रि की महाष्टमी पर नागदा के जवाहर मार्ग स्थित किरण टॉकीज चौराहे पर आयोजित सार्वजनिक नवदुर्गा महोत्सव में बालिकाओं की साहसिक तलवार रास प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। विश्व युवा मंडल एवं स्व. कोमल धाकड़ स्मृति मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महोत्सव में बालिकाओं ने हाथों में तलवारें थामकर करीब 30 मिनट तक गरबा किया। भक्ति, शौर्य और सांस्कृतिक परंपराओं से ओतप्रोत इस प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। महोत्सव ने यह संदेश दिया कि भारतीय संस्कृति में नारी केवल श्रद्धा और शक्ति की प्रतीक ही नहीं, बल्कि साहस, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की प्रेरणास्रोत भी है। बालिकाओं को प्रशिक्षण देकर तैयार की गई इस प्रस्तुति में सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया।

60 लीटर अवैध कच्ची शराब जप्त, आरोपी गिरफ्तार

ब्यावरा। राजगढ़ जिले में जुआ, मादक पदार्थों एवं अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (ब्यावरा) रामस्नेह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मलावर उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में मलावर पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सुंदरपुरा में एक व्यक्ति अपने घर पर हाथ भट्टी से बनी कच्ची शराब का अवैध निर्माण कर उसका विक्रय कर रहा है।

चोरी की रकम पहले घर और कब्रिस्तान में छिपाई, फिर अगले दिन साथी तौसीफ के पास रखवाई

50 लाख की चोरी में 04 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई 41 लाख नकद बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।



राजगढ़ जिले के थाना जीरापुर पुलिस ने 50 लाख की सनसनीखेज चोरी का खुलासा करते हुए आरोपियों से 41 लाख नकद बरामद किए। पुलिस ने एक अर्टिगा कार, दो मोटरसाइकिल एवं एक सब्बल भी जप्त किया है। फरियादी अब्दुल रईस पिता अब्दुल लतीफ 51 वर्ष, निवासी माताजी मोहल्ला वार्ड क्रमांक 04 जीरापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जनवरी 2026 में उसने जीरापुर के खरपा रोड स्थित अपनी जमीन 70 लाख रु. में बेची थी। उक्त सौदे में प्राप्त 50 लाख नकद उसने अपने घर में लकड़ी के दीवान में सुरक्षित रखे थे। इसमें 25 लाख काले कपड़े के बैग में तथा 25 लाख गत्ते के कार्टून में रखे हुए थे। गत दिनों फरियादी अपनी पत्नी रुबीना, बेटे मोहम्मद साद एवं बेटी सदफ के साथ सगाई के कार्यक्रम में शामिल होने पचपहाड़ मंडी (राजस्थान) गया था। रात्रि लगभग 1:15 बजे घर लौटने पर उसने देखा कि प्रथम तल पर स्थित कमरे का कुंडा टूटा हुआ था, ताला गायब था तथा कमरे का सामान अस्त-व्यस्त था। दीवान में रखे 50 लाख नकद गायब मिले। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना जीरापुर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा मुखबिर तंत्र, सीसीटीवी फुटेज एवं स्थानीय स्तर पर प्राप्त सूचनाओं के आधार पर संदिग्धों की तलाश की।

पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में चोरी की वारदात में शामिल बताए गए तीन आरोपियों तथा रकम छिपाने में सहयोग करने वाले उनके साथी सहित कुल चार आरोपियों से 41 लाख नकद बरामद किए गए। शेष रकम की बरामदगी एवं प्रकरण के अन्य पहलुओं के संबंध में विवेचना जारी है। आरोपियों का विभिन्न आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है।

आरोपी सोहेल पिता सलीम खान 22 वर्ष निवासी माताजी मोहल्ला, जीरापुर को गिरफ्तार कर 13 लाख नकद, एक अर्टिगा कार और एक सब्बल। फुजेल उर्फ फैजल पिता शहजाद खान 21 वर्ष निवासी माताजी मोहल्ला, जीरापुर को गिरफ्तार कर 13 लाख नकद, एक मोटरसाइकिल। असमत उर्फ समर लाला पिता बादशाह लाला 23 वर्ष, निवासी माताजी मोहल्ला, जीरापुर से 13 लाख नकद। तौसीफ पिता शहजाद खान 25 वर्ष, निवासी इमली स्टैंड, खिलचीपुर से 2 लाख नकद, मोटरसाइकिल जब्त की।



शहीद दिवस पर वीर शहीदों को शत-शत नमन

राजगढ़। प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल बुधवार को जिला पुलिस बल राजगढ़ में आयोजित शहीद दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर देश एवं समाज की सुरक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीद जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वीर शहीदों के परिजनों को सम्मानित कर उनके त्याग, समर्पण और अदम्य साहस के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। मातृभूमि की रक्षा, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर जवानों का बलिदान सदैव हम सभी को प्रेरणा देता रहेगा। उनका अदम्य साहस, राष्ट्र के प्रति समर्पण और कर्तव्यपरायणता हमारी अमूल्य धरोहर है। देश की सुरक्षा एवं शांति के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी वीर शहीदों को कोटि-कोटि नमन। साथ ही, उनके परिजनों के त्याग, धैर्य और राष्ट्र के प्रति समर्पण को भी हृदय से नमन। राष्ट्र सदैव अपने वीर सपूतों और उनके परिवारों का ऋणी रहेगा। इस अवसर पर सांसद रोडमल नागर, पूर्व विधायक रघुनन्दन शर्मा, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, शहीद जवानों के परिजन तथा राजगढ़ पुलिस के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जुआ खेलते 11 आरोपी गिरफ्तार, 6,15,350 रु. का माल किया जप्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।



राजगढ़ जिले में जुआ, सट्टा एवं अवैध शराब जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा कार्रवाई करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी बोड़ा उप निरीक्षक देवेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में थाना बोड़ा पुलिस ने जुए के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे एवं जुआ फड़ से 15,350 रु. नगद, 8 मोटरसाइकिल तथा 3 ताश की गड्डियां जप्त की गई हैं। जप्त माल की कुल कीमत 6,15,350 रु. है। बोड़ा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि इंदिरा कॉलोनी बोड़ा में कुछ व्यक्ति हार-जीत का दांव लगाकर रुपये-पैसों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी बोड़ा द्वारा पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश देकर मौके से जुआ खेलते हुए 11 आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे एवं जुआ फड़ से 15,350 रु नगद, 8 मोटरसाइकिल तथा 3 ताश की गड्डियां जप्त की गईं।

उक्त मामले में आरोपी अमृतलाल पिता रतनदास बैरागी बोड़ा, हरिओम पिता रमेशचंद सोनी बोड़ा, विजय पिता पप्पू सेन बोड़ा, रितेश पिता बाबूलाल वर्मा बोड़ा, दुर्गेश पिता भगवानसिंह भिलाला बोड़ा, मनोज पिता पुरनदास बैरागी बोड़ा, संजय पिता देवीलाल धोबी बोड़ा, प्रियांशु पिता मुकेश राठौर बोड़ा, जितेन्द्र पिता बाबूलाल वर्मा बोड़ा को गिरफ्तार किया।

मां कालका निकली भैरव के साथ प्रजा का हाल जानने, जवारे विसर्जित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से नवदिवसीय मां दुर्गा की घट स्थापना के साथ ही नवदुर्गा पर्व का शुभारंभ हो जाता है इसी परिपेक्ष में पूर्व वाहिनी मां क्षिप्रा सलिला के पावन तट पर स्थित महिदपुर नगर के मेवाडा माली समाज केसरपुरा मेला रोड पर मां कालका का अति प्राचीन मंदिर होकर मां कालका की अलौकिक, अद्वितीय प्रतिमा विराजमान है यहां जय महाकाली नवयुवक मंडल मेवाडा माली समाज केसरपुरा समिति द्वारा आश्विन शुक्ल बीज के दिन वर्षों पुरानी परंपरानुसार निर्वाह करते हुए जवारे के रूप में बाड़ी थेपी जाती है उसी दिन से मां कालका के दरबार में, नौ दिन तक विधि विधान से पूजा अर्चना कर ढाक की थाप पर छंद के रूप में भजन गाए गये। नवमी की सायं 4 बजे मां कालका मंदिर केसरपुरा से जवारे विसर्जन चल समारोह के रूप में मां कालका, भैरवजी एवं आदिशक्तियों के प्रतीक के रूप में नगर भ्रमण पर प्रजा का हाल जानने के लिए निकली जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए महिदपुर नगर की हृदयस्थली पर विराजीत श्री रणजीत हनुमान से मां कालका अपनी दिव्य दृष्टि, स्निग्ध दृष्टि, से रूबरू होती है तो श्री रणजीत हनुमान मां कालका के सौम्यभाव से प्रभावित होकर धर्मध्वजा पताका लेकर आगे का मार्ग प्रशस्त करते हुए मां कालका की अगवानी करते हुए मां क्षिप्रा सलीला के पावन नाव घाट पर जवारे के रूप मे बाड़ी प्रवाहित की गई, तत्पश्चात सभी इष्टजनों को भारतीय ,संस्कृति ,सभ्यता एवं रीति रिवाजो के अनुसार अतिथि देवो भव के तहत पौराणिक परंपराओं का निर्वाह करते हुए सम्मान के रूप में श्रीफल भेंट कर साफा बांधकर पुनः ढोल, धमाके के साथ महाकाली मंदिर लाया गया।

विजयादशमी पर सुसनेर पुलिस थाने में हुआ शस्त्र पूजन, यज्ञ में दी आहुतियां



सुसनेर। विजयादशमी के पर्व पर सुसनेर पुलिस थाने में शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी अनिल मालवीय ने विधि-विधान से शस्त्रों का पूजन किया तथा यज्ञ में आहुतियां देकर सुख-समृद्धि और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा की कामना की। आयोजन के दौरान पुलिस विभाग की परंपरा के अनुसार शस्त्र पूजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं जवान पस्थित रहे।

चैतन्य देवियों की झांकी का समापन, माँ फलोदी रहीं आकर्षण का केंद्र



जीरापुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, जीरापुर द्वारा आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी का समापन धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में हुआ। समापन दिवस पर मेडतवाल समाज की कुलदेवी माँ फलोदी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। झांकी में माँ दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज की जिला प्रभारी ब्रह्माकुमारी मधु दीदी, जीरापुर सेवाकेंद्र की ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी, ब्यावरा से ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी, पचोर से ब्रह्माकुमारी वैशाली दीदी तथा तलेन से ब्रह्माकुमारी तेजस्वी दीदी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर झांकी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मधु दीदी एवं नम्रता दीदी ने मेडतवाल समाज के भाई-बहनों का तिलक लगाकर और पट्टा पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से चैतन्य देवियों की महाआरती की। झांकी में मेडतवाल समाज की कुलदेवी माँ फलोदी के साथ माँ उमा, माँ महागौरी, माँ सरस्वती, माँ भारत माता, माँ गायत्री, माँ वैष्णो, माँ ज्ञान गंगा एवं माँ लक्ष्मी के दिव्य स्वरूपों के दर्शन कराए गए। ब्रह्माकुमारीज संस्था की समर्पित बाल ब्रह्मचारिणी राजयोगिनी दीदियों ने देवी स्वरूप में उपस्थित होकर श्रद्धालुओं को दर्शन दिए।

हवा से रावण का पुतला गिरा

क्रेन के सहारे हुआ रावण के पुतले का दहन तो कहीं अर्धजला धड़ गिरा

महिदपुर

विजयादशमी के अवसर पर नगरभर में रावण दहन के कार्यक्रम उत्साह के साथ आयोजित किए गए, लेकिन इस बार महिदपुर के दोनों प्रमुख रावण दहन स्थलों पर अप्रत्याशित घटनाएं चर्चा का विषय बन गईं। कहीं रावण का धड़ आधा जलने के बाद नीचे आ गिरा, तो कहीं तेज हवा के कारण रावण का पुतला झुककर गिर पड़ा और उसे क्रेन की सहायता से दोबारा खड़ा कर दहन करना पड़ा।

नगर के देवीजी प्रांगण में रावण दहन के दौरान पुतले में आग लगाने के बाद वह पूरी तरह नहीं जल सका। धड़ में आग लगने से पहले ही लपटें धीमी पड़ गईं, जिसके चलते आयोजकों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बाद में धड़ और मुखौटे में दोबारा आग लगाई गई, लेकिन कुछ ही देर में जलता हुआ धड़ नीचे गिर गया। यह दृश्य देखने के लिए मौजूद लोगों में कौतूहल बना रहा।

लगातार चौथे साल किसी न किसी चुनौती से घिरा आयोजन

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले तीन वर्षों में बारिश के कारण दशहरा मैदान में रावण दहन प्रभावित होता रहा, जबकि इस बार मौसम साफ होने के बावजूद तेज हवा के कारण पुतला गिर गया। इस कारण दोनों प्रमुख आयोजनों में तकनीकी परेशानियां चर्चा का विषय बनी रहीं।

परंपरागत रूप से निकले संघ के पथ संचलन का पुष्प वर्षा से स्वागत किया

■ दो बस्तियों का निकला पथ संचलन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद



प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रभावी पथ संचलन निकाला जो दो भागों में नगर के प्रमुख मार्गो से निकला जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया और समापन दशहरा मैदान पर हुआ। नगर के-महाराणा प्रताप बस्ती अध्यक्षता बाबूलाल सूर्यवंशी ,सूर्यवंशी समाज तहसील अध्यक्ष,अधिकारी सुरेश राठौर बडौद खंड कार्यवाह,वक्ता राकेश मराठा जिला प्रचारक।

शिवाजी बस्ती अध्यक्षता भेरुलाल कुमावत वरिष्ठ कार्यकर्ता समाजसेवी, अधिकारी संतोष जैन खंड संघचालक। वक्ता आशीष शर्मा, उज्जैन विभाग सामाजिक सद्भाव विभाग संयोजक थे।

महाराणा प्रताप बस्ती में एकत्रीकरण सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हुआ एवं शिवाजी बस्ती में एकत्रीकरण दशहरा मैदान में हुआ दोनों संचलन का संगम बस स्टैंड में हुआ एवं समापन दशहरा मैदान में हुआ।

संघ ने प्रतिकूल परिस्थिति में कार्य किया

वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में पंच परिवर्तन में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, नागरिक अनुशासन के बारे में विस्तार से बताया एवं संघ की स्थापना से लेकर संघ ने जो प्रतिकूल परिस्थिति में कार्य किया एवं स्वयंसेवकों ने अपने जीवन में क्या-क्या त्याग किया उसके बारे में बताया।

नवरात्रि पर्व की पूर्णाहुति व प्रतिमा विसर्जन के साथ हुआ समापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।



नौ दिवसीय माँ देवी की आराधना का महापर्व नवरात्रि का आज पूर्णाहुति और देवी प्रतिमा के विसर्जन के साथ समापन हो गया, नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विराजित माँ देवी प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु ढोल नगाड़े और ताशो की थाप पर विशाल चल समारोह निकाला गया मातारानी के जयकारों और रंग गुलाल के बीच श्रद्धालु भक्तिभाव से नाचते गाते झूमते हुए नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए इंदौर नाका स्थित अजनार नदी के घाट पर विसर्जन किया। अधिकांश सार्वजनिक झांकियां एकत्रित होकर संयुक्त विसर्जन चल समारोह के रूप में निकली, सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए अल सुबह से लेकर शाम तक विसर्जन चल समारोह निकलते रहे,पंडालो और देवालयों में भी नवरात्रि पर्व पर आयोजित विशेष धार्मिक अनुष्ठानो का भी समापन हो गया।

मातारानी की प्रतिमाओं का अजनार नदी के तट पर विसर्जन

नवरात्रि के समापन अवसर पर स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका की चाक चौबंद व्यवस्थाओं के बीच संयुक्त प्रयासों से मातारानी की प्रतिमाओ का अजनार नदी के तट पर विसर्जन किया गया।

सांडो की लड़ाई से दशहरा मैदान में मची अफरा तफरी

ब्यावरा राजगढ़। आगरा बॉम्बे और जयपुर जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के संगम स्थल पर बसा राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में पंचमुखी हनुमान मंदिर के पीछे अजनार नदी के सुरम्य तट पर स्थित नवीन दशहरा मैदान में विजयादशमी का पर्व शाम करीब 7 बजे घोर अव्यवस्थाओ के बीच रावण के पुतले का दहन किया गया, दशहरा मैदान पर अव्यवस्थाओं के कारण दर्शकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा, नदी नालों में पड़ी गंदगी की बदबू से लोग परेशान होते रहे, नगर पालिका परिषद की अकर्मण्यता उस समय देखने को मिली जब दशहरा मैदान में हजारों दर्शकों के बीच तीन चार आवारा पशु आपस में लड़ने लगे आवारा मवेशियों को लड़ता हुआ देख दर्शकों के बीच अफरा तफरी मच गई, नगरपालिका मात्र एक घंटे के लिए दशहरे मैदान से आवारा मवेशियों को नहीं हटा पाई तो पूरे शहर की क्या स्थिति होगी।

जपं सदस्य का अनशन सफल : अब बनेगा अस्थाई शौचालय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरोद



ग्राम मड़ावदा में सुलभ शौचालय की माँग को लेकर चल रही भूख हड़ताल जनपद अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह पंवार के अथक प्रयासों और उच्च अधिकारियों से की गई सकारात्मक बातचीत के बाद सकुशल समाप्त हो गई। ग्रामीणों के हक के लिए भूख हड़ताल पर बैठीं खाचरोद जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती रेखाबाई (पति भरतलाल) को आज सभी साथियों और ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति में अनशन तुड़वाया गया।

जनपद अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह पंवार के विशेष प्रयासों के चलते आज आंदोलन के बीच रज्जट मैडम से फोन कॉल के माध्यम से सीधी और सकारात्मक बातचीत संभव हो सकी। बातचीत के दौरान रज्जट मैडम ने स्पष्ट आश्वासन दिया कि जब तक सिविल कोर्ट में मामला विचाराधीन है, तब तक ग्राम सभा के प्रस्ताव के तहत ग्रामीणों के लिए अस्थाई शौचालय की व्यवस्था तुरंत की जाएगी।

जनपद अध्यक्ष श्री पंवार की सक्रियता और प्रशासन से मिले इस ठोस आश्वासन के बाद ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। इसे ग्रामीणों के हक और उनकी एकता की एक बड़ी जीत माना जा रहा है।

इस अवसर पर जनपद सदस्य अर्जुन वर्मा जनपद प्रतिनिधि राजेंद्र गुर्जर खाचरोद नगर पालिका पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र पांचाल, प्रकाश डाबी, भूपेन्द्र सिंह भरत पाटीदार दिलीप मुकाती अंकित राठौड़ रमेश चौहान बगदीराम नवराज सिंह बद्रीलाल रवि मुकाती उपस्थित थे।

असामाजिक तत्वों को सख्त चेतावनी

प्रशासन ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए असामाजिक तत्वों को सख्त लहजे में चेतावनी दी है। SDM ने साफ कहा कि यदि किसी भी असामाजिक तत्व ने इस अस्थाई निर्माण को तोड़ने या इसमें किसी भी प्रकार की बाधा डालने का प्रयास किया, तो उसके खिलाफ तुरंत कड़ी कानूनी व दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

मां कालका और राठी कॉलोनी की महारानी का चल समारोह, बोलाई तालाब पर हुआ विसर्जन



अकोदिया। विजयदशमी के पावन पर्व पर नगर में धार्मिक आस्था और अपार जन-उत्साह का ऐतिहासिक संगम देखने को मिला। क्षेत्र की अगाध श्रद्धा का केंद्र अकोदिया की महारानी (मां कालका) और राठी कॉलोनी की महारानी का भव्य चल समारोह व विशाल चल यात्रा अत्यंत धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान पूरा नगर माता रानी के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा। देर रात माता रानी की प्रतिमाओं का बोलाई के ऐतिहासिक तालाब पर पूर्ण विधि-विधान और अश्रुपूरित आंखों से विसर्जन किया गया। चल समारोह में माता रानी की अलौकिक झांकियां मुख्य आकर्षण रहीं। विशेष रूप से सजाए गए रथों पर सवार माता के दर्शन के लिए सड़कों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं। संकरी गलियों से लेकर मुख्य मार्गों तक भक्तों का तांता लगा रहा, वहीं अनेक लोग अपने घरों की छतों और बालकनी से इस भव्य दृश्य के साक्षी बने। यात्रा मार्ग पर नगरवासियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा पलक-पावड़े बिछाकर माता का स्वागत किया गया। सुंदरसी बस स्टैंड पर सदाबहार पुष्प भंडार के विकास अरुण कुशवाहा द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य अगवानी की गई। टप्पा चौराहा पर जाटपूरा की युवराज समिति सहित पूर्व नपा अध्यक्ष व पार्षद रामनारायण कुशवाहा, विजय कुशवाहा, चांगीराम ठाकुर, संजय पांडे, सुमेर परमार, हेमन्त गजवा और सतीश ठाकुर ने पुष्प बरसाकर स्वागत किया। अन्नपूर्णा माता मंदिर चौराहा पर पार्षद रेखा शिवनारायण खत्री, लखन खत्री, संदीप और सुमित खत्री द्वारा समिति सदस्यों का साफा बांधकर बहुमान किया गया और आइसक्रीम बांटी गई। वहीं, सुन्दरशी रोड पर मुकेश खत्री, ओमप्रकाश खत्री, प्रदीप खत्री, अनिल खत्री और हर्ष खत्री द्वारा माता की आरती कर जलपान व आइसक्रीम वितरित की गई।

चेन्नई में स्थित मध्य कैलाश मंदिर में विराजते हैं

आधे गणेश और आधे हनुमान रूपी आद्यंत प्रभु

तमिलनाडु के दक्षिण चेन्नई में स्थित मध्य कैलाश मंदिर अपनी अनोखी प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध है। यहां आद्यंत प्रभु के रूप में भगवान गणेश और हनुमान जी की संयुक्त मूर्ति स्थापित है, जिसमें दाईं तरफ गणेश और बाईं तरफ हनुमान जी विराजते हैं। साल 1994 में कुंभाभिषेकम के बाद से यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का बड़ा केंद्र है।



मंदिर में आधे गणेश और आधे हनुमान की मूर्ति

आप सभी लोगों ने भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती के अर्धनारीश्वर स्वरूप के बारे में तो सुना, पढ़ा और देखा जरूर होगा। लेकिन क्या आप जानते हैं कि देश में एक ऐसा अनोखा मंदिर है, जहां पर आधे हनुमान और आधे गणेश जी विराजते हैं। दरअसल, तमिलनाडु के नादुक्कयिलाई के नाम से प्रसिद्ध मध्य कैलाश मंदिर है। जोकि दक्षिण चेन्नई में स्थित हिंदू मंदिर है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस अनोखे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं।

बता दें कि मध्य कैलाश मंदिर अपनी अनोखी प्रतिमा के लिए काफी ज्यादा फेमस है। यहां मंदिर में स्थापित आधे गणेश और आधे हनुमान जी की मूर्ति को आद्यंत प्रभु के रूप में जाना जाता है। जोकि भगवान श्रीगणेश और हनुमान जी के रूप में विलीन है।

प्रतिमा के दाहिने ओर गणेश और बाईं ओर हनुमान जी की मूर्ति है। मंदिर में स्थापित आद्यंत प्रभु का साल 1994 में कुंभाभिषेकम पूरा हुआ। तब से लेकर आज तक दुनिया भर से लोग आद्यंत प्रभु की अद्भुत और अनोखी प्रतिमा को देखने के लिए भक्त दूर-दूर से मध्य कैलाश मंदिर आते हैं।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंदिर के ही एक अधिकारी को इस रूप के दर्शन हुए थे। जिसके बाद इस प्रतिमा की रचना की गई थी। आद्यंत प्रभु की आरती के लिए कपूर जलाया जाता है और दोपहर को पुजारी मूर्ति का स्नान कराते हैं और गीले कपड़ों में ही अनुष्ठान शुरूकर देते हैं।

आद्यंत प्रभु के नाम का अर्थ

आद्यंत प्रभु के नाम का अर्थ है, जिनका न तो उद्गम है और न ही कोई अंत है। हिंदू शास्त्रों और पुराणों में हनुमान जी को चिरंजीवी बताया गया है, जबकि भोलेनाथ और मां पार्वती के पुत्र श्री गणेश का जन्म दो बार हुआ था। बता दें कि इस अनोखे मंदिर में आधे हनुमान और आधे गणेश जी की मूर्ति स्थापित है, जिनको रूद्र का रूप भी कहा जाता है।

वहीं मंदिर के मुख्य देवता के रूप में भगवान शिव, वेंकट आनंद विनायकर, भगवान विष्णु और भगवान सूर्य का भी मंदिर है। यह मंदिर भक्तों के लिए खास महत्व रखता है।

उज्जैन के वरसिद्धि में सांकल बजाकर उल्टा स्वास्तिक बनाने से तय होता है विवाह

उज्जैन में शक्तिपीठ हरसिद्धि मंदिर के पीछे स्थित प्राचीन वरसिद्धि माता मंदिर में शीघ्र विवाह की अनोखी मान्यता है। यहां श्रद्धालु दरवाजे की सांकल बजाकर पचरंगी धागे में तीन या पांच गांठें बांधते हैं और दीवार पर उल्टा स्वास्तिक बनाते हैं। मनोकामना पूरी होने के बाद भक्त दोबारा दर्शन कर सीधा स्वास्तिक बनाकर प्रसाद चढ़ाते हैं।



उज्जैन को महाकाल की नगरी के नाम से जाना जाता है। उज्जैन की शान महाकालेश्वर मंदिर है, लेकिन शहर में कुछ ऐसे भी मंदिर हैं, जिनकी मान्यताएं अनोखी होने के साथ-साथ हैरान करने वाली भी हैं। उज्जैन के मध्य में हरसिद्धि मंदिर स्थित है, जोकि शहर के सबसे पूजनीय पीठों में से एक माना जाता है। शिव पुराण में भी इस मंदिर का उल्लेख मिलता है। धार्मिक मान्यता है कि इस स्थान पर माता सती की कोहनी गिरी थी। हरसिद्धि शक्तिपीठ मंदिर के पीछे एक ऐसी देवी का मंदिर है, जिनको वर सिद्धि माता के नाम से जाना जाता है। वर सिद्धि यानी को योग्य वर का आशीष देने वाली देवी। इस मंदिर से जुड़ी मान्यता है कि जो भी कुंवारे लड़के या लड़कियां मां के दरवाजे की सांकल बजाकर विवाह की मनोकामना का धागा बांधती हैं, उनकी जल्द ही शादी हो जाती है। हरसिद्धि मंदिर के पीछे सीढ़ियों के पास वरसिद्धि देवी का मंदिर है। हालांकि यह मंदिर छोटा सा है। मंदिर के अंदर देवी की प्रतिमा है और इस मंदिर में आने वाले युवक-युवतियां मंदिर के दरवाजे की सांकल को बजाती हैं और मन्नत का धागा बांधती हैं। इसको पचरंगी धागा कहा जाता है। इस धागे में तीन या पांच गांठ लगाई जाती हैं।



वहीं मंदिर के मुख्य द्वार पर स्वास्तिक बनाने की परंपरा भी है। जब भी भक्त मां वरसिद्धि के दर्शन और पूजन के लिए जाते हैं, तो दीवार पर उल्टा स्वास्तिक बनाते हैं। जिससे कि विवाह की मनोकामना पूरी हो सके। वहीं जिन लोगों की मनोकामना पूरी हो जाती है, वह फिर से दर्शन करने के बाद सीधा स्वास्तिक बनाते हैं और देवी वरसिद्धि को पूजन की सामग्री समेत प्रसाद भेंट करते हैं।

Sport

बीसीसीआई प्रेसिडेंट बोले- रोहित-विराट का चयन उम्र देखकर नहीं

वनडे वर्ल्डकप के लिए फिटनेस-फॉर्म सबसे अहम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बीसीसीआई प्रेसिडेंट मिथुन मन्हास ने कहा है कि 2027 वनडे वर्ल्ड कप में विराट कोहली और रोहित शर्मा का चयन उम्र से नहीं होगा। टीम में जगह के लिए दोनों की फिटनेस और प्रदर्शन को आधार बनाया जाएगा। यह टूर्नामेंट अक्टूबर-नवंबर 2027 में साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होगा।

मन्हास ने भारत के न्यूजीलैंड दौरे से पहले स्पोर्टस्टार को इंटरव्यू दिया। यह दौरा 22 अक्टूबर से शुरू होगा। रोहित-विराट 4 नवंबर से शुरू हो रही 5 वनडे की सीरीज में खेलते दिखेंगे। मिथुन मनहास ने कहा कि वर्ल्ड कप टीम में चयन के लिए दोनों सीनियर बल्लेबाजों का लगातार अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी होगा। मुझे लगता है कि अगर कोई खिलाड़ी फिट है, अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और देश को जिता रहा है। तो उसका चयन होना चाहिए। रोहित-विराट वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत के टॉप-3 स्कोरर में शामिल हैं। रोहित शर्मा अप्रैल 2027 में 40 साल के हो जाएंगे। जबकि, विराट कोहली वर्ल्ड कप के दौरान 38 साल के होंगे। पूर्व क्रिकेटर्स और फैंस ने भारत के ट्रांजिशन प्लांस पर सवाल उठाए हैं। यह भी चर्चा है कि आने वाले वर्षों में दोनों सीनियर खिलाड़ियों की क्या भूमिका होगी। रोहित शर्मा की खराब वनडे फॉर्म के बीच उनके संन्यास की काफी चर्चा हुई थी। हालांकि, लॉर्ड्स में लगाए गए उनके शतक से ये चिंताएं कुछ हद तक दूर हुईं। विराट ने वनडे में अपनी भूमिका का अच्छा फायदा उठाया है। इस फॉर्मेट में उन्होंने ब्रैडमैन जैसा औसत रखते हुए लगातार रन बनाए हैं।



गिल की कप्तानी में सीनियर्स की भूमिका

मिथुन मन्हास ने यह भी बताया कि रोहित और विराट की मौजूदगी से शुभमन गिल को कप्तानी में मदद मिल सकती है। उन्होंने विराट के एमएस धोनी के मार्गदर्शन में सीखने और धोनी के सौरव गांगुली से मार्गदर्शन लेने का उदाहरण दिया। मनहास ने कहा, ह्यशुभमन पिछले दो या तीन साल से गुजरात टाइटन्स के कप्तान हैं। वे भारत की कप्तानी भी कर रहे हैं। मुझे लगता है कि वर्ल्ड कप अभियान में यह अनुभव उनके काम आएगा।ह्ल



अब लगातार छठी टी-20 सीरीज जीतने का मौका

नई दिल्ली। 2007 में भारत ने पहला टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। टूर्नामेंट में टीम को सिर्फ एक हार मिली और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ थी। इसके बाद भी भारत को इस टीम के खिलाफ पहली जीत हासिल करने में 10 साल लग गए। अब तस्वीर बदल चुकी है। भारत 2020 से न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार पांच द्विपक्षीय टी-20 सीरीज जीत चुका है। इनमें तीन सीरीज भारत में और दो न्यूजीलैंड में खेली गईं। अब 22 अक्टूबर से न्यूजीलैंड में पांच मैचों की सीरीज शुरू होगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी-20 मुकाबला 2007 में जोहान्सबर्ग में हुआ था। भारत को इसमें 10 रन से हार मिली। 2009 के न्यूजीलैंड दौरे पर भी टीम इंडिया दोनों मैच गंवा बैठी। 2012 में चेन्नई में जीत करीब आई, लेकिन भारतीय टीम एक रन से चूक गई।

रणजी ट्रॉफी- जलज सक्सेना के 5 विकेट से केरल जीता

नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी में केरल ने ओडिशा को पारी और 36 रन से हराया। केरल ने पहली पारी में 404 रन बनाए थे, जिसके जवाब में ओडिशा की टीम पहली पारी में 225 और दूसरी पारी में 143 रन पर सिमट गई। जलज सक्सेना ने दूसरी पारी में 5 विकेट लिए, जबकि मोहम्मद ने 139 रन की नाबाद पारी खेली। स्पिनर तनय त्यागराजन ने आंध्र प्रदेश के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 21 रन देकर 4 विकेट लिए और मैच में कुल 9 लिए। हैदराबाद ने पहली पारी में बढ़त बनाने के बाद दूसरी पारी में 53 रन की नाबाद पारी खेलने वाले तनय के प्रदर्शन के दम पर अपनी स्थिति मजबूत की।

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क करे
9827820470

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **एशियन पैरा गेम्स में सचिन खिलारी ने जीता स्वर्ण-** भारत के पैरा एथलीट सचिन सरजेराव खिलारी ने शॉटपुट स्पर्धा में 15.87 मीटर का थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता और गेम्स रिकॉर्ड बनाया।
- **हरमनप्रीत कौर की तूफानी पारी से भारत का क्लीन स्वीप-** जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी-20 मुकाबले में हरमनप्रीत कौर ने 41 गेंदों पर नाबाद 91 रन बनाकर भारतीय महिला टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।
- **पैरा तीरंदाजी में भारत को रजत पदक-** शीटल देवी और पायल नाग की जोड़ी ने एशियन पैरा गेम्स की महिला कंपाउंड डबल्स स्पर्धा में रजत पदक जीता। फाइनल में भारतीय जोड़ी चीन से 141-150 से हार गई।
- **फुटबॉलः एफसी गोवा ने दर्ज की अहम जीत** - एफसी गोवा ने एएफसी चैलेंज लीग के ग्रुप सी मुकाबले में बांग्लादेश की फोर्टिस एफसी को 2-1 से हराकर अगले दौर की उम्मीदें कायम रखीं।
- **चैंपियंस लीग में मैनचेस्टर सिटी की बड़ी जीत-** मैनचेस्टर सिटी ने एईके एथेंस को 5-1 से हराया। फिल फोडेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियंस लीग में अपनी पहली हैट्रिक लगाई।

वैभव को अभी प्लेइंग-11 में जगह नहीं- श्रेयस

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय टी-20 टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने बुधवार को क्राइस्टचर्च में कहा- वैभव सूर्यवंशी अभी सीधे टीम में आ सकते हैं, ऐसा नहीं है। हमारे ओपनर लगातार रन बना रहे हैं और उन्होंने वर्ल्ड कप जीता है। 31 साल के अय्यर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज से पहले कहा- ह्यवैभव को आगे मौके मिलेंगे। विदेशों में खेलने का अनुभव उन्हें भविष्य के लिए तैयार करेगा।ह्ल उन्होंने फोटोशूट के बाद पत्रकारों से बातचीत की। भारतीय ळ20 कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी को ड्रेसिंग रूम में खुश रहना चाहिए। वैभव बहुत युवा हैं और उनके पास मौके पाने के लिए कई साल हैं।

इंग्लैंड और आयरलैंड दौरे के लिए चुने जाने के बाद से वैभव ने आठ टी-20 मैच खेले हैं। उन्होंने 2 फिफ्टी के सहारे 186.36 के स्ट्राइक रेट से 246 रन बनाए। इस दौरान रेगुलर ओपनर अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। श्रेयस अय्यर का मानना है कि विदेशी परिस्थितियों में वैभव का अनुभव भविष्य की सीरीज के लिए उनकी तैयारी बेहतर करेगा। अय्यर ने कहा, ह्यजब वे विदेशों में खेलेंगे तो उन्हें इन खास पिचों पर बल्लेबाजी करने का अच्छा अंदाजा मिलेगा। उन्होंने कहा, ह्यअगली बार जब वे इन परिस्थितियों में आएंगे तो वे पूरी तरह तैयार होंगे। वे पहली बार यहां आने वाले टीम के दूसरे खिलाड़ियों को भी सलाह दे सकेंगे। वैभव को वेस्टइंडीज के खिलाफ 5 मैच की टी-20 सीरीज में एक भी मौका नहीं मिला। इस दौरान वैभव ने 2 स्टेटस लगाए थे।



पैरा एशियन गेम्स- भारत के मेडल्स 50 पार हुए

भारत ने पैरा एशियन गेम्स के तीसरे दिन बुधवार को 18 मेडल जीते। इनमें 5 गोल्ड, 8 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज शामिल हैं। इसके साथ ही भारत के कुल मेडल्स की संख्या 50 के पार पहुंच गई है। भारत के अब 14 गोल्ड समेत कुल 53 मेडल हो गए हैं। इनमें 17 सिल्वर और 18 ब्रॉन्ज शामिल हैं। टीम इंडिया मेडल टैली में चौथे नंबर पर आ गई है। आयुष 8.16 मीटर थ्रो के साथ पहले स्थान पर रहे। आयुष का दूसरा मेडल है। वे एक ब्रॉन्ज भी जीत चुके हैं। ईरान के अलीरेजा हेमामी ने 8.09 मीटर थ्रो के साथ सिल्वर जीता। कजाकिस्तान के मखाम्बेट सेरिक्कलीयेव 6.81 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कैटेगरी उन फील्ड एथलीट्स के लिए है, जिनके धड़ और पैरों की गतिविधियां प्रभावित होती हैं।

न्यूज कॉलम

संतों ने दिया सनातन संस्कृति और एकता का संदेश

धार। शहर में एएसआई संरक्षित विजय मंदिर परिसर में हिंदू उत्सव समिति की ओर से विजय उत्सव और सामूहिक दशहरा मिलन समारोह परंपरागत उल्लास के साथ मनाया गया। धानमंडी चौराहे से शुरू हुई शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए विजय मंदिर पहुंची। रास्ते में जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। मंदिर परिसर में भगवान श्रीराम के स्वरूप के दर्शन, पूजन और आरती के बाद श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम और राजा भोज के जयकारे लगाए।

आदिवासी छात्रों से अभद्रता पर अजाक्स ने ज्ञापन दिया

धार। अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के पदाधिकारियों और समाजजनों ने भोपाल में आदिवासी छात्रों के साथ कथित अभद्रता और जोहार शब्द के अपमान के मामले में कार्रवाई की मांग की। जिला अध्यक्ष सीताराम सोनार्थी के नेतृत्व में बुधवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल मंगूभाई पटेल के नाम अपर कलेक्टर कार्यालय में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान समाजजनों ने नारेबाजी कर विरोध जताया। ज्ञापन में बताया गया कि 13 अक्टूबर 2026 को भोपाल में गोंडवाना छात्र संघ मध्यप्रदेश की ओर से मांगों को लेकर रैली और धरना-प्रदर्शन किया जा रहा था।

बिना मुंडेर के कुएं में डूबे तीन बच्चों की मौत

झाबुआ। झाबुआ जिले के रानापुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत चुई अंतर्गत पटेल फलिया में मंगलवार शाम बिना मुंडेर के खुले कुएं में डूबने से तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न कराकर प्रभारी तहसीलदार राजेंद्र चौहान, पुलिस और राजस्व विभाग की टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और देर शाम रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करवाया। प्रभारी तहसीलदार राजेंद्र चौहान के मुताबिक, पटलिया निवासी 9 से 10 वर्ष की उम्र के तीनों मासूम विवेक पिता महेश राठौड़, मयंक पिता शैलेश चौहान और विजय पिता बाबू चंगोड शाम को अपनी-अपनी साइकिलों से घर से बाहर खेलने निकले थे।

झाबुआ में 51 फीट के रावण का दहन



पीजी कॉलेज मैदान में उमड़ी भीड़, रानापुर में जली लकड़ी उठाने की लगी होड़

झाबुआ। झाबुआ में मंगलवार को विजयादशमी पर पीजी कॉलेज मैदान में 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इसे देखने शहर और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। रावण दहन के बाद आतिशबाजी हुई। रानापुर, पेटलावद, थांदला और बामनिया में भी दशहरा मनाया गया। पीजी कॉलेज मैदान दर्शकों से भरा रहा। रावण का पुतला जलने के बाद आतिशबाजी से आसमान जगमगा उठा। आयोजन के दौरान लोगों को सत्य और अच्छाई के रास्ते पर चलने का संदेश दिया गया।

नैनो न्यूज

- **सेमीकंडक्टर निवेश से उद्योगों को उम्मीद-** इंदौर में 23 और 24 अक्टूबर को होने वाली सेमीकंडक्टर समिट में 50 से अधिक कंपनियां शामिल होंगी। आयोजन से तकनीकी निवेश, स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं और उद्योगों के लिए नए कारोबारी अवसर तलाशने पर जोर रहेगा।
- **छोटे उद्योगों को निर्यात बढ़ाने की सलाह-** इंदौर में इंडो-अमेरिकन बिजनेस चैंबर के सम्मेलन में छोटे और मध्यम उद्योगों को कारोबार बढ़ाने, निर्यात के नए बाजार तलाशने और नवाचार अपनाने पर जोर दिया गया। अंतरराष्ट्रीय नेटवर्किंग से उद्योगों को मदद मिलने की उम्मीद जताई गई।
- **इंदौर से दवा निर्यात में मजबूत बढ़त-** इंदौर के विशेष आर्थिक क्षेत्र में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान निर्यात 10.46 प्रतिशत बढ़कर 14,302 करोड़ रुपये से अधिक रहा। दवा उद्योग ने इसमें प्रमुख योगदान दिया, जिससे क्षेत्र के निर्यात कारोबार को मजबूती मिली।
- **मध्य प्रदेश में निवेश प्रस्तावों पर जोर-** मुंबई में आयोजित निवेश रोड शो के दौरान मध्य प्रदेश को लगभग 90 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। इनमें नवीकरणीय ऊर्जा, कपड़ा, फार्मा, आईटी, ऑटोमोबाइल और रियल एस्टेट क्षेत्र शामिल रहे।
- **भारत-न्यूजीलैंड व्यापार समझौते से निर्यात की उम्मीद-** भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता 20 अक्टूबर 2026 से लागू हुआ। भारतीय उत्पादों को न्यूजीलैंड के बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलने की संभावना है।

दशहरे पर अलग-अलग स्थानों पर रावण दहन, शूर्पणखा के प्रतीक का पुतला भी जलाया

111 फीट के रावण का दहन, नशासुर और ऑनलाइन शॉपिंग के पुतले भी बने आकर्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर







नशे और ऑनलाइन शॉपिंग पर भी कटाक्ष

दशहरे के आयोजनों में सामाजिक संदेश भी शामिल रहे। एक आयोजन में नशे के खिलाफ जागरूकता के उद्देश्य से नशासुर का पुतला जलाया गया। वहीं, ऑनलाइन शॉपिंग के प्रतीकात्मक पुतले को रावण का रूप देकर दहन किया गया। आयोजकों ने इन प्रतीकों के जरिए सामाजिक समस्याओं और बदलते बाजार के प्रभाव की ओर ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की।

मंगलवार को दशहरे पर अलग-अलग स्थानों पर रावण दहन किया गया। दशहरा मैदान पर 111 फीट ऊंचे रावण का दहन हुआ, वहीं संस्था पौरुष ने पहली बार शूर्पणखा के प्रतीक का पुतला जलाकर महिला अपराधों के खिलाफ संदेश दिया।

शहर में कहीं श्रीराम-रावण युद्ध का मंचन हुआ, तो कहीं रावण की आंखों से अंगारे और मुंह से धुआं निकलने वाले पुतले आकर्षण का केंद्र बने। नशे के खिलाफ संदेश देने के लिए नाशासुर और ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन पर कटाक्ष करने वाले प्रतीकात्मक पुतले भी जलाए गए।

सोमवार को हुई बारिश के बाद आयोजकों की चिंता बढ़ी थी, लेकिन कई स्थानों पर वाटरप्रूफ रावण तैयार किए जाने से आयोजन प्रभावित नहीं हुए। विभिन्न मैदानों में आतिशबाजी, शोभायात्रा और राम-रावण युद्ध के मंचन के साथ दशहरा उत्सव मनाया गया।

दशहरा महोत्सव समिति के संयोजक सत्यनारायण सलवाड़िया और पिंटू जोशी के मुताबिक, दशहरा मैदान पर 111 फीट ऊंचे रावण के साथ 250 फीट चौड़ी लंका का दहन किया गया। आयोजन में श्रीराम-रावण युद्ध और हनुमानजी की वानर सेना द्वारा लंका पर चढ़ाई का मंचन भी हुआ।

इससे पहले महूनाका से शोभायात्रा निकाली गई। होलकर स्टेट के पदाधिकारियों की पालकी के साथ शोभायात्रा दशहरा मैदान पहुंची, जहां शमी पूजन किया गया। इसके बाद निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रात 7.30 बजे रावण दहन हुआ।

पहली बार शूर्पणखा के प्रतीक का दहन- संस्था पौरुष की ओर से इस बार रावण के साथ शूर्पणखा के प्रतीक का भी दहन किया गया। आयोजकों ने देश में चर्चित पांच महिला अपराधियों के नामों को शूर्पणखा के प्रतीक से जोड़कर पुतला तैयार किया था। उनके मुताबिक, आयोजन का उद्देश्य महिला अपराधों के खिलाफ संदेश देना था।

चिमनबाग और रामबाग में भी रावण दहन- शहर के चिमनबाग और रामबाग सहित अन्य स्थानों पर भी रावण दहन किया गया। आयोजनों में आकर्षक आतिशबाजी और राम-रावण युद्ध के मंचन के जरिए लोगों को रामायण के प्रसंग दिखाए गए। अलग-अलग स्थानों पर रावण के पुतलों की ऊंचाई और उनकी बनावट भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रही।

यूथ कांग्रेस ने ज्ञानेश कुमार के मुखौटे वाला पुतला जलाया- इंदौर में यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष अमित पटेल के नेतृत्व में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का मुखौटा लगाए रावण के पुतले का दहन भी किया गया। यह आयोजन राजनीतिक विरोध के तौर पर किया गया।

46 अचल संपत्ति, जमीनों के सौदों में स्टाम्प ड्यूटी की गड़बड़ी और करीबियों की भूमिका भी संदेह में

हेड-कॉन्स्टेबल की संपत्तियों की जांच की भोपाल से मॉनीटरिंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



स्कीम 94 की संपत्ति और महिला की जमीन भी जांच के दायरे में

जांच में स्कीम 94 की एक संपत्ति के लेन-देन पर भी फोकस किया जा रहा है। इसके अलावा मगरखेड़ा निवासी कस्तूरी बाई की जमीन से जुड़ा मामला भी सामने आया है। कस्तूरी बाई की मृत्यु हो चुकी है। अब इस जमीन के लेन-देन और उससे संबंधित दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है। हालांकि, इस मामले में किसी गड़बड़ी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल चालक फिरोज खान की करीब 64 करोड़ रुपए की संपत्तियों के मामले में जांच का दायरा बढ़ गया है। अब लोकायुक्त मुख्यालय भोपाल से मामले की मॉनिटरिंग की जा रही है।

जांच एजेंसी फिरोज खान से जुड़ी अन्य संभावित संपत्तियों के साथ पत्नी, परिचितों और कुछ अधिकारियों की भूमिका की भी पड़ताल कर रही है। जमीनों की खरीद-फरोख्त में कथित गड़बड़ियों और स्टाम्प ड्यूटी में अनियमितता के पहलुओं पर भी जांच केंद्रित है। जांच से जुड़े सूत्रों के मुताबिक कुछ जमीनों के सौदों में शासन को राजस्व का नुकसान पहुंचने की आशंका है। एजेंसी यह पता लगा रही है कि रजिस्ट्री में दर्ज कीमत, संपत्ति की वास्तविक कीमत और जमा की गई स्टाम्प ड्यूटी में कोई अंतर तो नहीं था। फिरोज खान की पत्नी हिना खान, महिला मित्र और अन्य परिचितों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। कुछ नए नाम सामने आने की जानकारी मिली है। सूत्रों के अनुसार, कुछ जमीनों की रजिस्ट्रियों में फिरोज खान गवाह के रूप में दर्ज हैं।

रावण दहन के दौरान दो पक्षों में मारपीट, 5 घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

बाणगंगा थाना क्षेत्र के कुमार खाड़ी में मंगलवार रात रावण दहन कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया।

घटना में करीब पांच लोग घायल हुए हैं। मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर परस्पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बाणगंगा थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर के मुताबिक कुमार खाड़ी में दशहरा उत्सव के तहत रावण दहन का आयोजन किया गया था। इसी दौरान दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। एक पक्ष का आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोग रावण दहन के दौरान अभद्र और अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे। इसका विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। वहीं, दूसरे पक्ष का कहना है कि उन्होंने आतिशबाजी के लिए कुछ युवाओं को बुलाया था। इस पर पहले पक्ष के लोगों ने आपत्ति जताई और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति संभाली। घायलों को इलाज और मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया। थाना प्रभारी के अनुसार, देर रात दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर परस्पर मामले दर्ज किए गए हैं।

20 फीट ऊंचे बिजली के पोल से गिरने पर आउटसोर्स कर्मचारी की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पलासिया थाना क्षेत्र में बिजली की लाइन सुधारते समय 20 फीट ऊंचे पोल से गिरकर आउटसोर्स कर्मचारी की मौत हो गई। हादसा मंगलवार दोपहर बड़ी ग्वालटोली इलाके में हुआ। गंभीर हालत में साथी कर्मचारी उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां मंगलवार रात उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

पलासिया पुलिस के मुताबिक, बड़ी ग्वालटोली में बिजली सप्लाई नहीं होने की शिकायत मिली थी। इसके बाद राजेंद्र पिता अजय राठौर, निवासी पिपलियाहाना, अपने साथी कर्मचारियों के साथ लाइन सुधारने पहुंचा था। काम के दौरान वह अचानक पोल से नीचे गिर गया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसे तत्काल एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

तीन साल से आउटसोर्स कर्मचारी था राजेंद्र- परिवार के लोगों ने बताया कि राजेंद्र क्यूस कॉरपोरेट कंपनी में कार्यरत था। यह कंपनी बिजली विभाग में ठेके पर काम करती है। राजेंद्र पिछले तीन साल से एआई कमलेश के अधीन काम कर रहा था। इससे पहले वह खाचरौद में आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में काम करता था।

परिवार में पत्नी और तीन बच्चे- राजेंद्र के परिवार में पत्नी, तीन बच्चे और दो भाई हैं। उसका छोटा भाई रविंद्र भी बिजली विभाग में आउटसोर्स कर्मचारी है। परिवार मूल रूप से बागली के पास का रहने वाला है। हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस हादसे के कारणों और लापरवाही के पहलू की जांच कर रही है।

25.40 लाख की ड्रग्स के साथ ससुर-दामाद गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

क्राइम ब्रांच ने सुपर कॉरिडोर के पास से ससुर-दामाद को 254 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया। जब्त ड्रग्स की अनुमानित कीमत 25 लाख 40 हजार रुपए बताई गई है।

दोनों आरोपी मंदसौर से इंदौर में ड्रग्स सप्लाई करने आए थे। शुरूआती पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली है कि आरोपी राजस्थान के सीमावर्ती इलाके से ड्रग्स लेकर आए थे। वे इंदौर में किसे डिलीवरी देने वाले थे, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

क्राइम ब्रांच के डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि सुपर कॉरिडोर पर बड़ी मात्रा में एमडी ड्रग्स की तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने मौके पर बाइक सवार दो लोगों को रोका और तलाशी ली। उनके पास से 254 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। आरोपियों की पहचान समीर खान निवासी पिपलिया मंडी, मंदसौर और उसके ससुर जाकिर हुसैन निवासी सीतामऊ के रूप में हुई है।

पानी की बूंद-बूंद सहेजने में जुटेगा विपक्ष, जल चौपाल से जनता को जगाएंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कम बारिश के चलते आगामी गर्मी में जलसंकट की आशंका बढ़ गई है। नगर निगम और सत्तापक्ष के साथ अब विपक्ष ने भी इससे निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट अलग-अलग वार्डों में जल चौपाल लगाकर लोगों से पानी की समस्या पर चर्चा करेंगी।

इसके जरिए जल संरक्षण, प्राकृतिक जल स्रोतों को दोबारा उपयोग में लाने और पानी की बर्बादी रोकने पर जोर दिया जाएगा। अभियान को 25 अक्टूबर से जमीन पर उतारने की तैयारी है।

मिमरोट के मुताबिक, पहले चरण में अलग-अलग जोन में बैठकें कर क्षेत्रवार जल समस्याओं की जानकारी जुटाई जा रही है। अब इस अभियान को सीधे जनता के बीच ले जाया जाएगा। जिन इलाकों में पानी की समस्या ज्यादा है, वहां लोगों के साथ जल चौपाल आयोजित कर समस्याओं और उनके संभावित समाधानों पर चर्चा होगी। संबंधित मुद्दों से नगर निगम आयुक्त, प्रशासन और क्षेत्र के पार्षदों को भी अवगत कराया जाएगा। उनका कहना है कि जलसंकट से निपटने के लिए केवल प्रशासनिक इंतजाम पर्याप्त नहीं हैं। इसमें आम लोगों की भागीदारी भी जरूरी है। लोगों को पानी बचाने और उपलब्ध जल का बेहतर उपयोग करने के लिए जागरूक किया जाएगा।

प्राकृतिक जल स्रोतों को दोबारा उपयोग में लाने पर जोर- जल चौपाल के दौरान शहर के कुओं, तालाबों और अन्य पारंपरिक जल स्रोतों की सूची तैयार करने की योजना है। इनकी मौजूदा स्थिति का पता लगाया जाएगा। जो स्रोत अनुपयोगी हैं, उनकी सफाई कराने और जहां अतिक्रमण है, वहां संबंधित स्तर पर कार्रवाई की मांग की जाएगी, ताकि इन जल स्रोतों को दोबारा उपयोग के योग्य बनाया जा सके।

भीड़ में फंसी मंत्री विजयवर्गीय की कार

सुरक्षा घेरे में 150 मीटर पैदल चलकर पहुंचे कार्यक्रम स्थल, मंच से पुलिस को दी नसीहत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

विजय नगर में रावण दहन कार्यक्रम के दौरान उस समय अव्यवस्था की स्थिति बन गई, जब मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का काफिला भीड़ में फंस गया। मंत्री की गाड़ी समेत अन्य वाहनों को आगे निकलने के लिए करीब आधे घंटे तक जगह नहीं मिली। आखिरकार मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विधायक रमेश मेंदोला को अपनी गाड़ियों से उतरना पड़ा। इसके बाद सुरक्षाकर्मी दोनों को सुरक्षा घेरे में करीब 150 मीटर पैदल चलाकर कार्यक्रम स्थल तक ले गए।

इस अव्यवस्था से मंत्री विजयवर्गीय नाराज नजर आए। कार्यक्रम के मंच से संबोधन के दौरान उन्होंने दो बार पुलिस अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में भीड़ अधिक है, लेकिन उसके हिसाब से व्यवस्थाएं ठीक नहीं हैं। ऐसे आयोजनों में कम से कम इतना रास्ता जरूर खुला रखना चाहिए कि जरूरत पड़ने पर आपातकालीन वाहन आसानी से निकल सकें। सुरक्षा कर्मियों ने दोनों नेताओं को घेरे में लेकर करीब 150 मीटर दूर स्थित कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया। कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ के बीच मंत्री के काफिले को रास्ता नहीं मिल पाने की स्थिति ने आयोजन के दौरान यातायात और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए।



आधे घंटे तक फंसा रहा काफिला, पैदल जाना पड़ा

विजय नगर में रावण दहन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विधायक रमेश मेंदोला का काफिला भीड़ के कारण आगे नहीं बढ़ सका। रास्ते पर लोगों और वाहनों की भीड़ के बीच मंत्री की गाड़ी फंस गई। काफी देर तक रास्ता नहीं मिलने के बाद दोनों नेताओं को गाड़ी से उतरकर पैदल जाना पड़ा।

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संपर्क करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com